श्रीविष्णवे नमः ।



॥ अथ गरुडपुराणं भाषाटीकासमेतं प्रारभ्यते ॥

तथा परलोकके क्लेशनको आप यथार्थ कहने योग्य हो ॥५॥ सूत बोले ॥ बहुतही दुर्गम और पुण्यात्मा मनुष्यनको सुख देनहारो तथा पापीनको दुःख देनहारो ऐसो जो यमको मार्ग है ताहि मैं कहोंगो आप सब ऋषि सुनें ॥ ६ ॥ श्रीविष्णुभगवान्‌से पूँछत भये जे गरुड हैं तिनसों जैसो कह्यो वैसोही मैं आप लोगनके सन्देहके दूरि होनेके लिये कहोंगो ॥ ७ ॥ काहू समय वैकुंठमें सुखसों बैठे भये जे श्रीहरिगुरु हैं

सूतउवाच ॥ शृणुध्वंभोविवक्ष्यामियममार्गसुदुर्गमम् ॥ सुखदंपुण्यशीलानांपापिनां दुःखदायकम् ॥६॥ यथा
श्रीविष्णुनाप्रोक्तं वैनतेयायपृच्छते ॥ तथैवकथयिष्यामिसंदेहच्छेदनायवः ॥७॥ कदाचित्सुखमासीनंवैकुण्ठे
श्रीहरिंगुरुम् ॥ विनयावनतोभूत्वापप्रच्छविनतासुतः ॥ ८ ॥ गरुड उवाच ॥ भक्तिमार्गोबहुविधः कथितो
भवताமम ॥ तथाचकथितादेवभक्तानांगतिरुत्तमा ॥ ९ ॥ अधुनाश्रोतुमिच्छामियममार्गभयंकरम् ॥ त्वद्भ
क्तिविमुखानांचतत्रैवगमनंश्रुतम् ॥ १० ॥ सुगमंभगवन्नामजिह्वाचवशवर्तिनी ॥ तथापिनरकंयान्तिधिग्धिग
स्तुनराधमान् ॥ ११ ॥

तिनसों विनय करि नम्र हो गरुडजी पूँछत भये ॥ ८ ॥ गरुड बोले आपने मोसों भक्तिको मार्ग बहुतप्रकारको कह्यो और हे देव ! आपने भक्तनकी उत्तमगति कही ॥ ९ ॥ और अब भयंकर जो यमको मार्ग है ताहि सुनो चाहौंहौं आपकी भक्तितें जे विमुख हैं वे वहांई जायहैं ॥ १० ॥ हे भगवन् ! आपको नाम लेनो सुगम है जीभ अपने वशमें हैं ताहूपै नरकमें जाय हैं याते अधम नरनको धिक्कार धिक्कार है ॥११॥

हे भगवन् ! याते पापीनकी जो गति होय है वाहि मोसों कहो और यमके मार्गके दुःख जैसे उन नरनको प्राप्त होयहैं सो सब कहिये ॥१२॥ श्रीभगवान् बोले हे पक्षीनके राजा ! जामें होके पापी यमके लोकको जायहैं और सुननहारेनहूको भय देनहारो जो यमको मार्ग है ताहि मैं कहौंगो ॥ १३ ॥ हे गरुड ! पापहीमें लगे रहैहैं और दया तथा धर्मकरि रहित हैं और दुष्ट जिनकी संगति है और उत्तम शास्त्रको

अतोमेभगवन्ब्रूहिपापिनांयागतिर्भवेत् ॥ यममार्गस्यदुःखानियथातेप्राप्नुवन्तिवै ॥१२॥ श्रीभगवानुवाच ॥
वक्ष्येऽहंशृणुपक्षीन्द्रयममार्गंचयेनते ॥ नरकेपापिनोयान्तिशृण्वतामपिभीतिदम् ॥१३॥ येहिपापरतास्तार्क्ष्य
दयाधर्मविवर्जिताः ॥ दुष्टसङ्गाश्च सच्छास्त्रसत्सङ्गतिपराङ्मुखाः ॥१४॥ आत्मसंभाविताः स्तब्धा धनमा
नमदान्विताः ॥ आसुरंभावमापन्नादैवीसंपद्विवर्जिताः ॥ १५ ॥ अनेकचित्तविभ्रान्तामोहजालसमावृताः ॥
प्रसक्ताः कामभोगेषुपतन्तिनरकेऽशुचौ ॥ १६ ॥

नहीं जाने हैं तथा सत्संगतिसों दूरि रहैं हैं ॥ १४ ॥ और जे आपको प्रतिष्ठित जाने हैं और काहूसों नम्र नहीं होय हैं और धन तथा मानके घमंडसों भरे हैं और असुरनके भावको प्राप्त और दैवी संपत्तिकरि रहित हैं ॥ १५ ॥ और अनेक जे पराई दारा पराये धनके लेने आदिमें भ्रमि रह्यो है मन जिनको और मोहजालमें फँसो भयो है मन जिनको और जे कामके भोगमें लगे भये हैं वे अशुद्ध नरकमें गिरैं हैं ॥ १६ ॥

और जे नर ज्ञानी हैं वे परमगति जो मोक्ष है ताको प्राप्त होयहैं और जे पापी हैं वे दुःखसों यमकी यातनानको प्राप्त होयहैं॥ १७॥ पापी-
नको जैसे या लोकको दुःख होयहै सो सुनो तापीछे वे मरणको प्राप्त होयहैं सो सुनो ॥ १८॥ पहिले जन्ममें जो इकट्ठो कियोहै सुकृत अथवा
पाप ताको भोगिकै कर्मके योगसों वाके कोई रोग उत्पन्न होय है ॥ १९ ॥ आधि जो मानसी व्यथाहै और व्याधि जो रोग है ताकरिके
युक्त और जीवनेकी आशामें उत्कंठित जो प्राणी है ताको बलवान् काल सर्पके समान विना जाने प्राप्त होय है ॥ २० ॥ वहां अंतकाल-

येनराज्ञानशीलाश्चतेयान्तिपरमांगतिम्॥ पापशीलानरायांतिदुःखेनयमयातनाम्॥ १७ ॥ पापिनामैहिकंदुःखं
यथा भवतितच्छृणु॥ ततस्तेमरणंप्राप्ययथागच्छान्तियातनाम् ॥ १८॥ सुकृतंदुष्कृतंवापि भुक्त्वापूर्वंयथार्जि
तम्॥ कर्मयोगात्तदातस्यकश्चिद्व्याधिःप्रजायते॥ १९॥ आधिव्याधिसमायुक्तंजीविताशासमुत्सुकम्॥ कालोब
लीयानहिवदज्ञातः प्रतिपद्यते ॥२०॥ तत्राप्यजातनिर्वेदोम्रियमाणःस्वयंमृतैः॥ जरयोपात्तवैरूप्योमरणाभि
मुखोगृहे ॥ २१॥ आस्तेवमत्योपन्यस्तंगृहपालइवाहरन्॥ आमयाव्यप्रदीप्ताग्निरल्पाहारोल्पचेष्टितैः॥२२॥

हूमें नहीं उत्पन्न भयो है निर्वेद जाको ऐसो आपकरि पालन किये गये ज पुत्र स्त्री आदि हैं तिनकरिकै पोषण किये जातो भयो और बुढापे
करी कुरूप कियो गयो वह घरमें मरनके सन्मुख होय है ॥ २१ ॥ अवज्ञासों समीपमें धरेभये आहारको कुत्ताके समान खातो भयो
रहैहै और रोगी तथा मन्दाग्नि होनेसो आहार घटिजायहै चलने और फिरने आदिकी चेष्टाहू कम होजाय है ॥ २२ ॥

श्रीगणेशाय नमः॥ स्मृत्वा हरिं श्रीरमया समेतं परांकुशाख्यं पितरं च नत्वा॥ करोमि टीकामिह गारुडस्य मनुष्यवाचा खलु केशवाख्यः ॥ १॥
अथ टीकाया आरंभः क्रियते ॥ धर्मही जाको बहुत पुष्ट मूल बँधि रहो है और वेद जाके गुदेहैं और पुराणरूपी शाखानकारिकै युक्त है
और यज्ञ जाके फूल हैं और मोक्ष जाको फल है ऐसो मधुसूदनरूपी वृक्ष सर्व उत्कर्षसों वर्त्तमान है अर्थात् सबसे अधिक है यातें अधिक
कोई नहीं है॥ १॥ अनिमिष जे विष्णु हैं तिनको क्षेत्र ऐसो जो नैमिषारण्य है तामें शौनकआदि हैं ते स्वर्गलोककी जो प्राप्ति है ताके लिये

श्रीर्जयति ॥ धर्मदृढबद्धमूलोवेदस्कन्धः पुराणशाखाढ्यः ॥ क्रतुकुसुमोमोक्षफलोमधुसूदनपादपोजयति ॥
॥ १ ॥ नैमिषेनिमिषक्षेत्रेऋषयः शौनकादयः ॥ सत्रंस्वर्गायलोकायसहस्रसममासत ॥ २ ॥ तएकदातुमु
नयः प्रातर्हुतहुताग्नयः ॥ सत्कृतंसूतमासीनंपप्रच्छुरिदमादरात् ॥ ३ ॥ ऋषयऊचुः ॥ कथितोभवतासम्य
ग्वेदमार्गः सुखप्रदः ॥ इदानीं श्रोतुमिच्छामोयममार्गभयप्रदम् ॥ ४ ॥ तथासंसारदुःखानितत्क्लेशक्षयसा
धनम् ॥ ऐहिकामुष्मिकान्क्लेशान्यथावद्वक्तुमर्हसि ॥ ५ ॥

हजार वर्षमें पूरो होने योग्य ऐसो जो यज्ञ है ताहि करत भये ॥ २ ॥ एकवार प्रातःकालके समय होमी है अग्नि जिनने ऐसे सब ऋषि
शौनकआदि सत्कार किये गये और बैठे भये सूतसों आदर पूर्वक यह पूँछते भये ॥३॥ ऋषि बोले कि अपने सुखको देनहारो वेदमार्ग
कह्यो अब हम भयको देनहारो यमको मार्ग सुनो चाहैं हैं ॥ ४॥ तैसेही संसारके दुःख और उनके क्लेशके क्षयको उपाय और या लोक

कल्पके समान बीते है और सौ बिच्छूनको काटिवेकी जो पीडा होयहै वह वाकरिकै अनुभव करीजाय है अर्थात् भोगनी पडै है ॥२८॥ या पीछे वह फेनको उगिलै है,मुख लारसों भरिजायहै तब,पापीनकी प्राणवायु गुदामें होकै निकरै है ॥२९॥ तब प्राणनकी यात्राके समय क्रोधसमेतहैं नेत्र जिनके ऐसे और भयानक और पाश तथा दंडको लिये भये नंगे और दांतनको कटकटाते भये यमके दूत प्राप्त भये॥३०॥ ऊपरको उठे भये हैं बाल जिनके और कौआके समान काला टेढो जिनको मुख और नखही हैं हथियार जिनके ऐसे यमके दूतनको

फेनमुद्गिरतेसोथमुखंलालाकुलंभवेत् ॥ अधोद्वारेणगच्छन्तिपापिनां प्राणवायवः ॥ २९॥ यमदूतौतदाप्राप्तौ भीमौसरभसेक्षणौ ॥ पाशदण्डधरौनग्नौदन्तैः कटकटायितौ ॥ ३० ॥ ऊर्ध्वकेशौकाककृष्णौवक्रतुण्डौनखायुधौ ॥ सदृष्ट्वात्रस्तहृदयः शकृन्मूत्रंविमुञ्चति ॥३१॥ अंगुष्ठमात्रःपुरुषोहाहाकुर्वन्कलेवरात् ॥ तदैवगृह्यतेदूतैर्याम्यैःपश्यन्स्वकंगृहम् ॥३२॥ यातनादेहआवृत्यपाशैर्बद्ध्वागलेबलात् ॥ नयतोदीर्घमध्वानंदण्ड्यंराजभटायथा ॥ ३३ ॥ तस्यैवंनीयमानस्यदूताः संतर्जयन्तिच ॥ प्रवदन्तिभयंतीव्रंनरकाणां पुनः पुनः ॥ ३४ ॥

देखिं हृदयमें भयभीत हो विष्ठा तथा मूत्रको छोडै है ॥ ३१ ॥ और हाय हाय करतो भयो पुरुष देहसों निकासिकै अंगुष्ठमात्र अर्थात् अंगूठेकी बराबर देहको धारण करैहै तब अपने घरको देखतो भयो वह यमके दूतनकरिकै पकरलियो जाय है ॥ ३२ ॥ यातनानके भोगनेके प्रारब्ध कर्मकरिकै स्वप्नके समान उठभये वा शरीरमें घेरिकै यमके दूत लंबे मार्गमें गला बांधिकै ऐसे लेजाय हैं जैसे दंड देने योग्य पुरुषको राजाके सिपाही लेजाय हैं ॥ ३३ ॥ या प्रकार नीयमान जो ॥ ३ ॥

प्राणी है ताहि यमके दूत धमकावै हैं और नरकनके तीव्रभयको वारंवार कहै हैं ॥३४॥ अरे दुष्ट ! शीघ्र चल तू यमके घरको जायगो और कुंभीपाक आदि नरकनमें हम तोको अब शीघ्र लिये जाये हैं॥ ३५॥ या प्रकार यमदूतनके वचन और भाई बन्धूनके रोवनेको सुनतो भयो ऊँचे प्रकार हाय २ करि रोवतो भयो वह प्राणी यमके दूतनकरि ताडना कियो जाय है ॥ ३६ ॥ उन यमदूतनके धमकावनेसों विदीर्ण होगयो है हृदय जाको ऐसो कांपतो भयो वह प्राणी दुःखी हो अपने पापनको स्मरण करतो भयो मार्गमें कुत्तान

शीघ्रंप्रचलदुष्टात्मन्यास्यसित्वंयमालयम् ॥ कुम्भीपाकादिनरकांस्त्वांनयावोद्यमाचिरम् ॥३५॥ एवंवाचस्तदाशृण्वन्बन्धूनांरुदितं तथा ॥ उच्चैर्हाहेतिविलपंस्ताड्यतेयमकिंकरैः ॥ ३६ ॥ तयोर्निर्भिन्नहृदयस्तर्जनैर्जातवेपथुः ॥ पथिश्वाभिर्भक्ष्यमाणआर्तोऽघंस्वमनुस्मरन् ॥३७॥ क्षुत्तृट्परीतोऽर्कदवानलानिलैः संतप्यमानः पथि तप्तवालुके ॥ कृच्छ्रेणपृष्ठेकशयाचताडितश्चलत्यशक्तोऽपिनिराश्रमोदके ॥ ३८ ॥ तत्रतत्रपतञ्श्रान्तोमूर्च्छितः पुनरुत्थितः ॥ यथा पापीयसानीतस्तमसायमसादनम् ॥ ३९ ॥

करि खायो जायहै॥३७॥क्षुधा और पियास करि पीडित और सूर्य तथा दावाग्निकी पवन करि तपीहै बालू जामें और नहीं है विश्राम तथा जल जामें ऐसे मार्गमें तपायो गयो और क्षुधा पिपासा आदिके कारण चलनेको असमर्थहू प्राणी कोरडानकी मार देकै चलायो जाय है॥३८॥वा मार्गमें गिरतो और थकोभयो मूर्च्छित होकै फिरि उठो भयो वह प्राणी अतिपापी जो तम है ताकरिकै यमके लोकमें

पहुँचायो जायहै ॥३९॥ तीनि मुहूर्तों करिकै मनुष्य वहां पहुँचायो जायहै और दूत वाको अति घोर नरककी यातना दिखावै हैं ॥४०॥ मुहूर्तमात्रहीमें शीघ्र यमको तथा यातनानको देखि वह पुरुष यमकी आज्ञासों शीघ्रही दूतनके साथही आकाशमार्गमें होके फिरि आवैहै ॥४१॥ आयके वासनासों बंधोभयो देहमें प्रवेश करनेकी इच्छा करता यमके दूतनकरि पाशनसों बांधोगयो वह प्राणी क्षुधा पियाससों पीडित होके रोवै है ॥४२॥ और मृत्युके स्थान आदिमें पुत्रनकरि दिये भये पिंडको और मरनेके समयमें दिये भये दानको

त्रिभिर्मुहूर्तैर्द्वाभ्यांवानीयतेतत्रमानवः ॥ प्रदर्शयन्तिदूतास्ताघोरानरकयातनाः ॥ ४० ॥ मुहूर्तमात्रात्त्वरितं यमंवीक्ष्यभयंपुमान् ॥ यमाज्ञयासमंदूतैः पुनरायातिखेचरः ॥ ४१ ॥ आगम्यवासनाबद्धोदेहमिच्छन्यमानुगैः ॥ धृतः पाशेनरुदतिक्षुतृड्भ्यांपरिपीडितः ॥ ४२ ॥ भुक्तापिण्डंसुतैर्दत्तंदानंचातुरकालिकम् ॥ तथापिनास्तिकस्ताक्ष्यंतृप्तिंयातिनपातकी ॥४३॥ पापिनांनोपतिष्ठन्तिदानंश्राद्धंजलांजलिः ॥ अतः क्षुद्व्याकुलायान्तिपिण्डदानभुजोपिते ॥ ४४ ॥ भवन्तिप्रेतरूपास्तेपिंडदानविवर्जिताः ॥ आकल्पंनिर्जनारण्येभ्रमन्तिबहुदुःखिताः ॥४५॥ नाभुक्तं क्षीयते कर्मकल्पकोटिशतैरपि ॥ अभुक्त्वायातनांजन्तुर्मानुष्यंलभतेनहि ॥४६॥

खायहै हे गरुड! ताहूपै वह नास्तिक पापी तृप्तिको प्राप्त नहीं होयहै॥४३॥दान श्राद्ध तथा जलकी अंजली पापी मनुष्यनको नहीं पहुँचै है याहीतें पिंडके खानेवाले वे क्षुधासों व्याकुल होजाय है ॥४४॥ और जो उनकी पिंडदान नहीं कियो जाय तौ वे कल्पभरि प्रेतरूप होयहैं और शून्यवनमें बडे दुःखी हो भ्रमण करै हैं ॥ ४५ ॥ करोडों कल्पनलौं विना भोगे कर्म क्षीण नहीं होयहैं और यमकी यातना ॥ ४ ॥

और कफसों रुकीहैं नाडीरूप मार्ग जाके तासों निकरो चाहतो जो प्राणरूप वायु है तासों फटैहैं नेत्र जाके और कास श्वासकरि दबायो गयो जो वह प्राणी है ताके कंठमें घुरघुर शब्द होयहै ॥ २३ ॥ शोच करते जे अपने भाई बन्धु हैं ते जाको घेर रहैं ऐसो धरतीमें परो भयो वह कालके वशमें होके बुलानेहूपै नहीं बोलैहै ॥ २४ ॥ या प्रकार कुटुंबके पालन पोषणमें लगोहै आत्मा जाको और उसकीही बहुत भारी जो वेदना अर्थात् एकसाथ सौ विच्छुनके काटनेके समान पीडा सो नष्ट होगई है बुद्धि जाकी ऐसो वह प्राणी रोतेभये

वायुनोत्क्रमतोत्तारःकफसंरुद्धनाडिकः॥कासश्वासकृतायासः कण्ठेघुरघुरायते॥२३॥ शयानःपरिशोचद्भिः परिवीतः स्वबन्धुभिः ॥ वाच्यमानोऽपिनब्रूतेकालपाशवशंगतः ॥ २४ ॥ एवंकुटुम्बभरणेव्याप्तात्माजितेन्द्रियः ॥ म्रियतेरुदतांस्वानामुरुवेदनयास्तधीः ॥२५॥ तस्मिन्नन्तक्षणेताक्ष्यंदैवीदृष्टिःप्रजायते ॥ एकीभूतंजगत्सर्वंनकिंचिद्वक्तुमीहते ॥२६॥ विकलेन्द्रियसंघातेचैतन्येजडतांगते॥प्रचलन्तिततःप्राणायाम्यैर्निकटवर्तिभिः ॥ २७ ॥ स्वस्थानाच्चलितेश्वासेकल्पाख्योह्यातुरक्षणः ॥ शतवृश्चिकदष्टस्ययापीडासानुभूयते ॥२८॥

भाईबन्धूनके मध्यमें मरिजायहै ॥ २५ ॥ हे गरुड ! वा अन्तसमयमें देवतानकीसी दृष्टि होजायहै अर्थात् जा दृष्टिसों यमके दूतनको प्रत्यक्ष दर्शन होयहै और फिरि जा दृष्टिसों सब यह लोक तथा परलोकरूप जगत् एक भयोसो होजायहै यही आश्चर्यके देखनेसों कुछ नहीं कहै है॥२६॥इन्द्रियनको जो समूहहै ताके व्याकुल होनेपै और चैतन्यके जड होजानेपै समीप आये भये जे यमके दूत हैं तिनके कारणसों प्राण अपने स्थानते चलायमान होय हैं॥२७॥जब श्वास अपने स्थानते चलायमान होयहै वा समय मरतेभये पापीको एकक्षण

दो पिंडनसों जांघें और पांय उत्पन्न होय हैं और दशमें दिन क्षुधा तृषा अर्थात् भूँख प्यास उत्पन्न होयहै ॥५३॥ पिंडनसों उत्पन्न देहको आश्रय लैके भूंख तथा प्यासकारि पीडित वह प्रेत ग्यारहें और बारहें इन दो दिनमें भोजन करै है ॥५४॥ और तेरहें दिन यमके दूतनकारि बांधो गयो वह प्रेत वा मार्गमें बांधे भये बन्दरके समान अकेले जाय है ॥ ५५ ॥ हे गरुड ! वैतरणीको छोडिकै जो यमके मार्गको

जानुपादौ तथा द्वाभ्यांदशमेह्निक्षुधातृषा॥५३॥पिंडजंदेहमाश्रित्यक्षुधाविष्टस्तृषार्दितः॥ एकादशंद्वादशंचप्रेतो भुंक्तेदिनद्वयम्॥५४॥त्रयोदशेहनिप्रेतो यन्त्रितोयमकिङ्करैः॥तस्मिन्मार्गेव्रजत्येकोगृहीतइवमर्कटः॥५५॥ षडशीतिसहस्राणियोजनानांप्रमाणतः॥ यममार्गस्यविस्तारोविनावैतरणींखग॥५६॥ अहन्यहनिवैप्रेतोयोजनानांशतद्वयम्॥ चत्वारिंशत्तथासप्तदिवारात्रेणगच्छति॥५७॥ अतीत्यक्रमशोमार्गेपुराणीमानिषोडश॥ प्रयातिधर्मराजस्यभवनं पातकीजनः ॥५८॥ सौम्यंसौरिपुरंनगेंद्रभवनं गन्धर्वशैलागमौ क्रौञ्चंक्रूरपुरंविचित्रभवनं बह्वापदंदुःखदम् ॥ नानाक्रन्दपुरंसुतप्तभवनंरौद्रंपयोवर्षणंशीताढ्यंबहुभीतिधर्मभवनंयाम्यंपुरंचाग्रतः ॥५९॥

विस्तार है वह प्रमाणमें छयासी हजार योजन है ॥ ५६ ॥ प्रतिदिन प्रेत निश्चयकर दोसौ सैंतालीस योजन रातिदिनमें चलै है ॥५७॥ और इन सोरह ग्रामनको मार्गमें क्रमसों उल्लंघन करिकै पातकी मनुष्य धर्मराजके घरको जायहै ॥ ५८॥ सोलह पुरनके नाम कहते हैं. सौम्य, सौरिपुर, नगेंद्रभवन, गंधर्वशैल, आगम, क्रौंच, क्रूरपुर, विचित्रभवन, बह्वापद, दुःखद, नानाक्रंदपुर, सुतप्तभवन, रौद्र, पयोवर्षण,

शीताढ्य, बहुभीति, धर्मभवन और आगे यमको पुर है ॥५९॥ यमके पाशनकारि बांधो गयो वह पापी मार्गमें हाय हाय करिकै रोवतो भयो अपने घरको छोडिकै यमराजके पुरको जायहै ॥ ६० ॥ इति श्रीमत्पण्डितपरमसुखतनयपण्डितकेशवप्रसादशर्मद्विवेदिकृतायां गरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥ गरुड बोले ॥ यमके लोकको मार्ग कैसो दुःखको देनहारो होय है हे केशव ! वामें जैसे पापी जाय है मोसों कहो ॥ १ ॥ श्रीभगवान् बोले ; बडे दुःखको देनेहारो जो यमको मार्ग है ताहि मैं तुमसों कहों हों जाको

याम्यपाशैर्धृतः पापीहाहेतिप्ररुदन्पथि ॥ स्वगृहंतुपरित्यज्यपुरंयाम्यमनुव्रजेत् ॥ ६० ॥ इति श्रीसारोद्धारे गरुडपुराणेपापिनामैहिकामुष्मिकदुःखनिरूपणंनामप्रथमोऽध्यायः॥१॥ गरुडउवाच॥कीदृशोयमलोकस्य पन्थाभवतिदुःखदः॥ यत्रयान्तियथापापास्तन्मेकथयकेशव॥१॥ श्रीभगवानुवाच॥ यममार्गं महद्दुःखप्रदंते कथयाम्यहम् ॥ ममभक्तोऽपितच्छ्रुत्वात्वंभविष्यासिकम्पितः॥२॥ वृक्षच्छायानतत्रास्तियत्र विश्रमतेनरः॥ यस्मिन्मार्गेनचान्नाद्यं येनप्राणान्समुद्धरेत्॥३॥जलंनदृश्यतेक्कापितृषितोतीवयत् पिबेत्॥तपन्तेद्वादशादित्याः प्रलयान्तेयथाखग॥४॥तस्मिन्गच्छतिपापात्माशीतवातेनपीडितः॥कण्टकैर्विध्यतेक्कापिक्कचित्सर्पैर्महाविषैः॥५

सुनिकै मेरे भक्त तुम कंपायमान होजाउगे ॥ २ ॥ वहां वृक्षकी छाया नहीं है जामें मनुष्य विश्राम लेइ और जा मार्गमें अन्नआदि नहीं है जासों प्राणनको उद्धार करै है ॥ ३ ॥ वा मार्गमें जल कहीं नहीं दिखाई देय है जाको बहुत प्यासो प्राणी पीवे हे खग ! बारहों सूर्य ऐसे तपें हैं जैसे प्रलयके अंतमें तपैं हैं ॥४॥ वा मार्गमें पापात्मा पुरुष शीतल वायुसों पीडित होतो भयो जाय है और कहूं कांटेनसों बींधे

है और बडे विषधारी सांपनकरि काटो जाय है ॥५॥ और कहुँ बडे घोर सिंह बाघ और कुत्तनकरि पापी खायो जाय है और बिच्छून करि काटो जाय है और कहुं आगिसों जरायो जाय है ॥ ६ ॥ तापीछे वहां कहीं बडो घोर असिपत्र बन है दोहजार योजनकी वाकी लंबाई चौडाई कही है ॥ ७ ॥ कौआ उलूक गीध महूकी माखी और डांसनसों भरो है और दावाग्नि करिकै युक्त वह पत्रनकरिकै छिन्न भिन्न हो जाय है ॥ ८ ॥ कहूँ अंधेकुएँमें गिरै है और कहूँ विकट पर्वतके ऊपरसों गिरै है और कहूँ छुरानकी जे धारैं उनपै चलै है

सिंहैर्व्याघ्रैः श्वभिर्घोरैर्भक्ष्यतेक्वापिपापकृत्॥ वृश्चिकैर्दंश्यतेक्वापिक्वाचिद्दह्यतिवह्निना ॥६॥ ततःक्वचिन्महाघोरमासिपत्रवनंमहत्॥ योजनानां सहस्रेद्वेविस्तारायामतःस्मृतम् ॥७॥ काकोलूकवटगृध्रसरघादंशसंकुलम् ॥ सदावाग्निचतत्पत्रैश्छिन्नभिन्नः प्रजायते॥८॥ क्वचित्पतत्यन्धकूपेविकटात्पर्वतात्क्वचित्॥ गच्छतेक्षुरधारासु शंकूनामुपरिक्वचित् ॥ ९ ॥ स्खलत्यन्धतमेत्युग्रेजलेनिपततिक्वचित् ॥ क्वचित्पंकेजलौकाढ्येक्वचित्संततकर्दमे ॥१०॥ संततवालुकाकीर्णेध्मातताम्रमयेक्वचित् ॥ क्वचिदंगारराशौचमहाधूमाकुलेक्वचित्॥११॥ क्वचिदंगारवृष्टिश्चशिलावृष्टिःसवज्रका ॥ रक्तवृष्टिः शस्त्रवृष्टिः क्वचिदुष्णाम्बुवर्षणम् ॥ १२ ॥

और कहूँ कीलनके ऊपर चलनो परै है ॥ ९ ॥ कहूँ बडे उग्र अन्धकारमें गिरै है और कहूँ जलमें गिरै कहूँ जोंकनसों भरीभई कीचमें और कहूँ तपीभई कीचमें गिरै ॥ १० ॥ कहूँ तपी भई वालूसों भरे भयेमें और कहूँ तपाये भये तांबेसों बने भयेमें और कहूं अंगारनके ढेरमें और बडे धुआँसों भरे मार्गमें गिरै है ॥ ११ ॥ कहूँ अंगारकी वर्षा होय है और कहूँ वज्रसमेत शिलानकी वर्षा ॥ ६ ॥

भोगे विना मनुष्यरूपको नहीं पावैहै॥४६॥हे द्विज ! याहीते पुत्र दशदिनलौं पिंडदान करै। हे पक्षीनमें उत्तम ! वे पिंड प्रतिदिनचारीभागनमें बांटे जायहैं॥४७॥उनमें दो भाग या भूतनमें देहको पुष्टि देयहैं और तीसरो भाग यमके दूतनको होयहै और चौथे भागको वह प्रेत खायहै॥४८॥नव रातिदिनलों प्रेत पिंडको पावै है तापीछे दशवें दिन पिंडसों उत्पन्न भयोहै देह जाके ऐसो जीव बल अर्थात् मार्ग चलनेकी सामर्थ्यको पावैहै॥४९॥हे खग ! पहले देहके जरिजानपै पिंडनसों फिरि देह उत्पन्न होयहै वह हाथभरिको होयहै जा देहकरिकै

अतोदद्यात्सुतः पिण्डान्दिनेषुदशसुद्विज ॥ प्रत्यहन्तेविभज्यन्तेचतुर्भागैःखगोत्तम ॥ ४७ ॥ भागद्वयंतुदेहस्यपुष्टिदंभूतपंचके॥ तृतीयंयमदूतानांचतुर्थंसोपजीवति॥४८॥ अहोरात्रैश्चनवभिःप्रेतः पिंडमवाप्नुयात् ॥ जन्तुर्निष्पन्नदेहश्चदशमेबलमाप्नुयात् ॥४९॥ दग्धेदेहेपुनर्देहःपिंडैरुत्पद्यतेखग ॥ हस्तमात्रःपुमान्येनपथिभुंक्तेशुभाशुभम् ॥ ५० ॥ प्रथमेहनि यः पिण्डस्तेनमूर्धाप्रजायते ॥ ग्रीवास्कन्धौद्वितीयेनतृतीयाद्धृदयंभवेत् ॥ ५१ ॥ चतुर्थेनभवेत्पृष्ठंपंचमान्नाभिरेवच ॥ षष्ठेनचकटीगुह्यंसप्तमात्सक्थिनीभवेत् ॥ ५२ ॥

यमके मार्गमें शुभ तथा अशुभको भोगैहै ॥५०॥ पिंडनसों उत्पन्न देहके बननेको जो प्रकार है ताको कहे हैं कि पहले दिन जो पिंड दियो जायहै तासों मस्तक अर्थात् शिर उत्पन्न होयहै और दूसरेसों गरदन और कंधे उत्पन्न होयहै और तीसरेसों हृदय अर्थात् छाती उत्पन्न होयहै ॥ ५१ ॥ और चौथेसों पीठि तथा पांचमेंसो नाभि उत्पन्न होयहै और छठेमेंसों कटि कारिहाँउँ और गुह्य कहिये मलमूत्रके स्थान अर्थात् गुदा लिंग भग कटिके नीचेके मांसके पिंडे और सप्तमसों सक्थि ये सब उत्पन्न होयहै ॥ ५२ ॥ और

भयो देखि अग्निकी ज्वाला तथा धुआँसे भरिके वह नदी ऐसे खदकैहै जैसे कराहमें घी ॥ १८॥ जिनके सूईके समान मुख है ऐसे घोरकीरानसों भरीभई है और वज्रके समान जिनकी चोंचें ऐसे गीधनसों तथा कौआनसों घिरीभई है ॥ १९ ॥ और सुसुहार मगर जोंक मछली कछुआ तथा और मांसके भेदन करनहारे जलके जीवनसों भरी है ॥ २० ॥ वाकी धारमें गिरे भये बहुतसे पापी चिल्लाय हैं और हाय भाई! हाय पुत्र! हाय बाप! ऐसे बारंबार बके हैं ॥ २१ ॥ भूंखे प्यासे पापी निश्चय रुधिरको पीवे हैं और वह नदी जामें बहुतसे

कृमिभिः संकुलघोरैः सूचिवक्त्रैः समन्ततः ॥ वज्रतुण्डैर्महागृध्रैर्वायसैः परिवारिता ॥ १९ ॥ शिशुमारैश्च मकरैर्जलौकोमत्स्यकच्छपैः॥ अन्यैर्जलस्थजीवैश्च पूरितामांसभेदकैः॥२०॥ पतितास्तत्प्रवाहेचक्रन्दन्तिबहु पापिनः॥ हाभ्रातः पुत्रतातेतिप्रलपन्तिमुहुर्मुहुः ॥२१॥ क्षुधितास्तृषिताः पापाः पिबन्ति किल शोणितम्॥ सा सरिद्रुधिरापूरंवहन्तीफेनिलंबहु॥२२॥ महाघोरातिगर्जन्तीदुर्निरीक्ष्यभयावहा॥तस्यादर्शनमात्रेण पापाःस्युर्गतचेतनाः ॥२३॥बहुवृश्चिकसंकीर्णासेविताकृष्णपन्नगैः॥ तन्मध्येपतितानांचत्राताकोपिनविद्यते ॥२४॥ आवर्तशतसाहस्रैः पातालेयान्तिपापिनः॥ क्षणंतिष्ठन्तिपातालेक्षणादुपरिवर्तिनः ॥ २५ ॥

झष उठि रहे हैं ऐसे रुधिरके प्रवाहसों बहिरही है ॥ २२ ॥ बडी घोर गर्जतीभई दुःखसों देखने योग्य भयावनी है वाके देखनेहीसो पापी नर मूर्च्छित होजायहै ॥२३॥ बहुत बिच्छूनसों भरीभई वह काले सर्पनकरि सेवन करिगई है वामें गिरेभये जे प्राणी हैं तिनकी रक्षा करनहारो कोई नहीं है ॥ २४ ॥ लाखन भँवरनसों पापी पातालपै जायहैं फिरि क्षणभरि पातालमें ठहरिके क्षणहीमें ऊपर आय जाय हैं॥२५॥ ॥ ७ ॥

हे गरुड! पापी जीवनके गिरनेहीके लिये वह नदी बनाई गई है वाको पार नहीं दिखाई देय है वह बडी दुस्तर है और बहुतसे दुःखकी देनेहारी है॥२६॥याप्रकार बहुत प्रकारके हैं क्लेश जामें ऐसे अतिदुःख देनेहारे यमके मार्गमें चिल्लाते तथा रोतेभये पापी दुःखी होके जाय हैं ॥ २७ ॥ कोई फांसीमें बँधेहैं और अंकुशनसों खींचे जाय हैं और शस्त्रनसों पीछेसों छेदेगये पापीनको यमके दूत ले जाय हैं ॥ २८ ॥ कोई नाककी नोकमें फांसी डारिके और काननमें फांसी डारिके खींचे गये और कोई कालकी फांसीनसों खैंचे गये तैसेही

पापिनांपतनायैवनिर्मितासानदीखग ॥ नपारंदृश्यतेतस्यादुस्तराबहुदुःखदा ॥२६॥ एवंबहुविधक्लेशेयममार्गेतिदुःखदे ॥ क्रोशन्तश्चरुदन्तश्चदुःखितायान्तिपापिनः ॥ २७ ॥ पाशेनयन्त्रिताःकेचित्कृष्यमाणास्तथांकुशैः॥ शस्त्राग्रैःपृष्ठतःप्रोतैर्नीयमानाश्चपापिनः ॥२८॥ नासाग्रपाशकृष्टाश्चकर्णपाशैस्तथापरे ॥ कालपाशैः कृष्यमाणाः काकैः कृष्यास्तथापरे ॥२९॥ ग्रीवाबाहुषुपादेषुबद्धाःपृष्ठेचशृंखलैः ॥ अयोभारचयंकेचिद्वहन्तः पथियान्तिये ॥३०॥ यमदूतैर्महाघोरैस्ताडयमानाश्चमुद्गरैः ॥ वमन्तोरुधिरंवक्त्रात्तदेवाश्नन्तितेपुनः ॥३१॥ शोचन्तेस्वानिकर्माणिग्लानिंगच्छान्तिजन्तवः ॥ अतीवदुःखसंपन्नाः प्रयान्तियममन्दिरम् ॥ ३२ ॥

और पापीको आन करके खैंचे जाय हैं ॥ २९ ॥ मर्दन बांहे पांव और पीठमें संकलनसों बांधे भये और कोई लोहके भारको लियेभये मार्गमें जायहैं॥३०॥बडे घोर यमके दूतनकरि मुद्गरनसों ताडन किये गये पापी मुखते रुधिर डारेहैं और वाहीको फिरि खाय जायहै॥३१॥अपने कर्मनको सोचै हैं और ग्लानिको प्राप्त होयहै और बहुतही दुःखसों भरेभये वे पापी यमके लोकको जायहैं॥३२॥

बडे
वह मंदबुद्धि वा मार्गमें जातोभयो पुत्र पौत्र ऐसे कहतो और हाय २ करिके रोवतो भयो बडे दुःखको प्राप्त होय है ॥ ३३ ॥
पुण्यके योगसों मनुष्यको जन्म मिलेहै वाको पायके मैंने धर्म नहीं कियो सो कहा ॥३४॥ मैंने न तो दान दियो और न अग्निमें
होम कियो न तप कियो न देवता पूजे और न विधानसे तीर्थनकी सेवा कीन्ही तातें हे देही ! जो तैंने कियो है ताको भोग ॥ ३५ ॥

तथापिसव्रजन्मार्गेपुत्रपौत्रइतिब्रुवन् ॥ हाहेतिप्ररुदन्नित्यमनुतप्यतिमन्दधीः ॥ ३३ ॥ महतापुण्ययोगे
नमानुषंजन्मलभ्यते ॥ तत्प्राप्यनकृतोधर्मःकीदृशंहिमयाकृतम् ॥ ३४ ॥ मयानदत्तंनहुतं हुताशनेतपोनतप्तं
त्रिदशानपूजिताः ॥ नतीर्थसेवाविहिताविधानतोदेहिन्क्वचिन्निस्तरयत्त्वयाकृतम् ॥ ३५ ॥ नपूजिता
विप्रगणाःसुरापगानचाश्रितासत्पुरुषानसेविताः॥परोपकारोनकृतःकदाचनदेहिन् क्वचिन्निस्तरयत्त्वयाकृतम्
॥ ३६ ॥ जलाशयोनैवकृतोहिनिर्जलेमनुष्यहेतोः पशुपक्षिहेतवे ॥ गोविप्रवृत्त्यर्थमकारिनाण्वपिदेहिन्क्वचि
न्निस्तरयत्त्वयाकृतम् ॥ ३७ ॥

ब्राह्मणनके समूहको नहीं पूजो और गंगाजीकोहू आश्रय नहीं लियो और सज्जन पुरुषकोहू सेवन नहीं कियो और परोपरकारहूँ
कबहूँ नहीं कियो यातें हे देही ! जो तैंने कियोहै ताको भोग ॥३६॥ जा देशमें जल नहीं है वा देशमें मैंने मनुष्य तथा पशुपक्षीनके
लिये जलाशय अर्थात् कुआ बावडी तालाव आदि नहीं बनवाया और गौ तथा ब्राह्मणकी जीविकाके लिये कुछ किंचित्

होय है कहूँ रक्तकी वर्षा और कहूँ शस्त्रकी वर्षा तथा कहूँ तपे भये जलकी वर्षा होयहै ॥ १२ ॥ कहूँ खारी कीचकी वर्षा होय है और
कहूँ बहुत गहरे स्थान हैं और कहूँ पर्वतनके शिखरपर चढनो परैहै कहूँ गुफानमें घुसनो परै है ॥ १३ ॥ वहां बहुतही गहरो अंधकार है और
कहूँ दुःखसों चढनेयोग्य शिलाहैं और कहूँ पीव तथा रुधिरसों भरे भये और कहूँ विष्ठासों भरे भये कुंड हैं ॥१४॥ और मार्गके मध्यमें
बहनेवाली वैतरणी नदी है वह देखनहीसों दुःखकी देनेहारीहै और कहा कहनोहै जाकी वार्त्ताहू भयकी देनेहारी है ॥ १५ ॥ सौ योजन

क्षारकर्दमवृष्टिश्चमहानिम्नानिचक्वचित् ॥ वप्रप्ररोहणंक्वापिकन्दरेषुप्रवेशनम् ॥ १३॥ गाढांधकारस्तत्रास्ति
दुःखारोहशिला क्वचित् ॥ पूयशोणितपूर्णाश्चविष्ठापूर्णाह्रदाः क्वचित् ॥ १४ ॥ मार्गमध्यवहात्युग्राघोरावैतर
णीनदी ॥ सादृष्टादुःखदाकिंवायस्यावार्त्ताभयावहा ॥ १५ ॥ शतयोजनविस्तीर्णा पूयशोणितवाहिनी ॥
अस्थिवृन्दतटादुर्गामांसशोणितकर्दमा ॥ १६॥ आगाधदुस्तरापापैः केशशैवालदुर्गमा॥महाग्राहसमाकीर्णा
घोरपक्षिशतैर्वृता ॥१७॥ आगतंपापिनंदृष्ट्वाज्वालाधूमसमाकुला॥क्वथतेसानदीतार्क्ष्यकटाहान्तर्घृतंयथा ॥ १८॥

चौडी है और वामें पीव तथा रुधिर बहैहै और हाडोंके समूहसों बने भये वाके किनारे हैं और वह दुःखसों जाने योग्यहै और मांस
तथा रुधिरकी वामें कीच है ॥ १६ ॥ अथाह है और पापी नरनको दुःखसों उतरने योग्य है और बालरूपी सिवारोंसों दुर्गम है और
बडे भारी ग्राह जो घरियाल हैं तिनसों भरीहै और बडे घोर भैकरन पक्षिनसों घिरी भई है ॥ १७ ॥ हे गरुड ! वह नदी पापीको आयो

शरीर मैंने पहले कियेभये विकर्म जे निषिद्ध आचरण हैं तिनसों पायो है ॥ ४१ ॥ याप्रकार बहुत विलाप करिकै पूर्वके देहको
स्मरण करतो भयो वह मेरो मनुष्यपनो कहाँ ऐसे कहतो भयो चलै है ॥ ४२ ॥ सत्रहदिनलों अकेलो वायुके वेगसों चलै है हे गरुड !
और अठारहवें दिन प्रेतसौम्य पुरको जाय है ॥ ४३ ॥ वा मनोहर पुरवरमें बडाभारी प्रेतनको गण रहै है और वहाँ पुष्पभद्रा
नाम नदी है और प्यारो है दर्शन जाको ऐसो वटको पेड है ॥ ४४ ॥ वा पुरमें यमके दूतनकरि वह प्राणी विश्रामको प्राप्त कियो

एवंविलप्यबहुशःसस्मरन्पूर्वदैहिकम् ॥ मानुषत्वंममकुतइतिक्रोशन्प्रसर्पति ॥४२॥ दशसप्तदिनान्येको वायु
वेगेनगच्छति ॥ अष्टादशेदिनेतार्क्ष्यप्रेतः सौम्यपुरंव्रजेत् ॥ ४३ ॥ तस्मिन्पुरवरेरम्येप्रेतानांचगणोमहान् ॥
पुष्पभद्रानदीतत्रन्यग्रोधः प्रियदर्शना ॥ ४४ ॥ पुरेतत्रसविश्रामंप्राप्यतेयमकिंकरैः ॥ दारपुत्रादिकंसौख्यं
स्मरतेतत्रदुःखितः ॥ ४५ ॥ धनानिभृत्यमात्राणिसर्वंशोचतिवैयदा ॥ तदा प्रेतास्तुतत्रत्याः किंकराश्चेदम
ब्रुवन् ॥ ४६ ॥ क्वधनंक्वसुताजायाक्वसुहृत्क्वचबान्धवाः ॥ स्वकर्मोपार्जितंभोक्ता मूढयाहिचिरंपथि ॥ ४७ ॥

जाय है वहाँ दुःखित वह स्त्री पुत्र आदिके सौख्यकी स्मरण करै है ॥ ४५ ॥ जब धन भृत्य आदिके शोच करै है तब वहाँके निवासी
और यमके दूत यह कहत भये ॥ ४६ ॥ कहा धन कहाँ पुत्र कहाँ स्त्री कहाँ मित्र और कहाँ बाधन्व अपने कर्मनसों इकट्ठे किये
भयेको भोगे है । हे मूढ ! मार्गमें चिरं याहि अर्थात् एकवर्षतक चल ॥ ४७ ॥

हे परलोकपांथ अर्थात् परलोकके बटोही ! तू संबल जो यम हैं तिनके बलको नहीं जानेहै और यमके मार्गमें तुमसे प्राणनिके साथ जान-
नहारे हम जे दूत हैं तिनके बलकोहू नहीं जानै है और संबल जो यम हैं तिनके लिये यत्न नहीं करैहै याते यमयातना न दें ऐसो यत्न
नहीं करे है और तोको निश्चयकरिकै वा मार्गमें चलनो परैगो जामें क्रयविक्रय नहीं होयहै ॥ ४८॥ या मार्गको तो बालकहू जानैहै
हे मर्त्य ! तूने नहीं सुनो है और तैंने कहां पंडितनहूसो पुराणनके वाक्य नहीं सुने हैं ॥ ४९ ॥ तापीछे दूतनकरि ऐसे कहो गयो

जानासिसम्बलबलंबलमध्वगानांनोसम्बलाययतसेपरलोकपान्थ॥गन्तव्यमस्तितवनिश्चितमेवतेनमार्गेण यत्र
भवतःक्रयविक्रयौहि ॥४८॥ आबालख्यातमार्गोयंनैवमर्त्यश्रुतस्त्वया॥पुराणसंभववाक्यंकिंद्विजेभ्योपिनश्रु
तम्॥४९॥एवमुक्तस्ततोदूतैस्ताड्यमानश्चमुद्गरैः॥ निपतन्युत्पतन्धावन्पाशैराकृष्यतेबलात् ॥ ५० ॥अत्रदत्तं
सुतैःपौत्रैःस्नेहाद्वाकृपयाथवा॥मासिकंपिण्डमश्नातिततःसौरिपुरं व्रजेत् ॥५१॥ तत्रनाम्नास्तिराजा वै जंगमः
कालरूपधृक् ॥ तंदृष्ट्वाभयभीतोसौविश्रामेकुरुतेमतिम् ॥ ५२ ॥

और मुद्गरनसों ताडन कियो गयो वह गिरतो उठतो और दौरतो भयो बलकरि पाशनसों खैंचो जाय है ॥ ५० ॥ घरतें तेरहें दिन
प्राणी मार्गमें चलै है और अठारहवें दिन यह सौम्यपुरमें पहुँचे है या पुरमें पुत्र पौत्रनकरि स्नेहसों अथवा कृपाकरिकै दियेभये मासिक
पिंडको खाय है. तापीछे यमके पुरको जाय है ॥ ५१ ॥ वा सौरिपुरमें काल जो यम है तिनके रूपको धारण करनहारो जंगम

राजाहै वाको देखि भयभीत होके यह विश्राममें मति करे है ॥५२॥ और वा पुरमें गयो भयो वह अन्नसमत जलको भोजन करैहै और निश्चयकरिकै तीनी पक्षमें जो दियो जाय वह वा पुरको उल्लंघन करैहै ॥ ५३॥ तापीछे प्रेत अतिशीघ्रतायुक्त हो नगेन्द्र जे बडे वृक्ष हैं जामें ऐसे स्थानमें जाय है फिरि वहां वा पुरके मार्गमें रौद्र कहिये भयानक असिपत्रवन है वाको देखि दुःखी होके चिल्लाय है ॥ ५४ ॥ निर्दयी जे यमके दूत हैं तिनकरिकै वारंवार खैंचो गयो वह प्राणी रोवै है और दो महीनोंके अंतमें व्यथित हो वा पुरमें जाय है ॥ ५५ ॥

उदकंचान्नसंयुक्तंभुंक्तेतत्रपुरेगतः॥ त्रैपक्षिकेवैयद्दत्तंसतत्पुरमतिक्रमेत् ॥५३॥ ततोनगेन्द्रभवनंप्रेतोयातित्वरान्वितः॥ वनानितत्ररौद्राणिदृष्ट्वाक्रन्दतिदुःखितः॥५४॥ निर्घृणैःकृष्यमाणस्तुरुदतेचपुनःपुनः॥ मासद्वयावसानेतु तत्परंव्यथितोव्रजेत्॥५५॥ भुक्त्वापिण्डंजलंवस्त्रंदत्तंयद्बान्धवैरिह ॥ कृष्यमाणःपुनःपाशैर्नीयतेऽग्रेच किङ्करैः ॥५६॥ मासेतृतीयेसम्प्राप्तेप्राप्यगन्धर्वपत्तनम्॥ तृतीयमासिकंपिण्डंतत्रभुक्त्वाप्रसर्पति॥५७॥ शैलागमं चतुर्थेचमासिप्राप्नोतिवैपुरम् ॥ पाषाणास्तत्रवर्षन्तिप्रेतस्योपरिभूरिशः ॥ ५८ ॥

वहां बांधवनकरि दिये भये पिंड जल तथा वस्त्रनको भोगिके फिर यमदूतनकरि पाशनमें बाँधिकै खैंचो गयो वह प्राणी आगे पहुँचायो जाय है ॥५६ ॥ फिर तीसरे महीनेके आवनपै गन्धर्वपत्तनमें पहुँचाकर वहां तीसरे महीनेके पिंडको खायकै फिरि चले है॥५७॥ फिरि चौथे महीनेमें शैल जे पत्थर हैं तिनको है गिरनो जामें ऐसे शैलागमनाम पुरमें पहुंचे है. वामें प्रेतके ऊपर बहुतसे पत्थर बरसै हैं ॥ ५८ ॥

मात्रहू नहीं कियो, ताते हे देही ! जो तैंने कियो है वाको भोग ॥ ३७ ॥ न तो नित्य दान अर्थात् अन्नआदि और गवाह्निक कहिये एक गोके एक दिनकी तृप्ति करावनहारो तृणआदि न दियो है और वेद तथा शास्त्रके अर्थको प्रमाण नहीं मानो और पुराण नहीं सुने और उनके वक्ताको पूजन नहीं कियो ताते हे देही ! जो तैंने कियो है वाको भोग ॥ ३८ ॥ मैंने अपने स्वामीको हित वचन नहीं कियो और न कबहूँ अपने स्वामीको व्रत पालन कियो और न गुरूनको उचित गौरव कबहूँ कियो. ताते हे देही ! तैंने जो कियो है वाको तू भोग ॥ ३९ ॥ पतिकी सेवा करनीही स्त्रीनको परमधर्म है या वार्त्ताको जानिकै पतिको सेवन नहीं कियो और पतिके मरनेपै सतीहूँ

ननित्यदानंनगवाह्निकंकृतंनवेदशास्त्रार्थवचः प्रमाणितम् ॥ श्रुतंपुराणंनचपूजितोज्ञोदेहिन्क्वचिन्निस्तरयत्त्वयाकृतम् ॥ ३८॥ भर्तुर्मयानैवकृतंहितंवचः प्रतिव्रतंनैवकदापिपालितम् ॥ नगौरवंक्वापिकृतंगुरूचितंदेहिन्क्वचिन्निस्तरयत्त्वयाकृतम् ॥ ३९ ॥ नधर्मबुद्ध्यापतिरेवसेवितोवह्निप्रवेशोनकृतोमृतेपतौ ॥ वैधव्यमासाद्यतपोनसेवितंदेहिन्क्वचिन्निस्तरयत्त्वयाकृतम् ॥ ४० ॥ मासोपवासैर्नविशोषितंमयाचान्द्रायणैर्वानियमैःसविस्तरैः ॥ नारीशरीरंबहुदुःखभाजनंलब्धंमयापूर्वकृतैर्विकर्मभिः ॥ ४१ ॥

नहीं भई और विधवा होकै तपकोहू सेवन नहीं कियो ताते हे देही ! जो तैंने कियो है वाको भोग ॥४०॥ महीनेके व्रतनसों मैंने शरीरको नहीं सुखायो अथवा चान्द्रायणोंकरिकै अथवा विस्तारसहित नियमों करिकै मैंने नहीं सुखायो बहुतसे दुःखनको पात्र यह नारीको

चाहतो जो तू है ताके लिये नाव ले आयेहैं जो तेरो या नावपै चढनेके योग्यपुण्य होयतो आयजा अर्थात् नावपर बैठिजा॥६४॥६५॥सत्त्वके देखनहारे मुनीश्वरने दानको वितरण कहो है सो वा वितरणसों जो तरीजाय ताको वैतरणी कहैहैं॥६६॥धीवर कहैहैं कि जो तूने गोदान कियोहै नाव आवै, यह अन्यथा नहीं है उनके या वचनको सुनिकै हा दैव ! ऐसे कहत भयो॥६७॥वा प्राणीको देखिकै वह कहै हैं और वाको

दानंवितरणं प्रोक्तंमुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ इयंसातीर्यतेयस्मात्तस्माद्वैतरणीस्मृता ॥ ६६ ॥ यदित्वयाप्रदत्तागौस्तदानौरुपसर्पति ॥ नान्यथेतिवचस्तेषां श्रुत्वाहादैवभासते ॥ ६७ ॥ तंदृष्ट्वाकथतेसातुतां दृष्ट्वासोतिक्रन्दते ॥ अदत्तदानःपापात्मातस्यामेवनिमज्जति ॥ ६८ ॥ तन्मुखेकण्टकंदत्त्वादूतैराकाशसंस्थितैः ॥ बडिशेनयथामत्स्यस्तथापारंप्रणीयते॥ ६९॥षाण्मासिकंचयत्पिण्डंतत्रभुक्त्वाप्रसर्पति ॥ मार्गेसविलपन्यातिबुभुक्षापीडितोह्यलम्॥७०॥सप्तमेमासिसंप्राप्तेपुरंबह्वापदंव्रजेत्॥तत्रभुंक्तेप्रदत्तंयत्सप्तमेमासिपुत्रकैः॥७१॥

देखिके वह बहुत चिल्लायहै और जाने दान नहीं दियोहै वह पापी वहींमें डूबिजाय है॥६८॥तब आकाशमें स्थित ऐसे दूतनकरि वाके मुखमें काँटो डारिकै ऐसे खैंचे हैं जैसे बंशीसों मछलीको खैंच पार पहुँचावै है॥६९॥और छठे महीनेको जो पिंड है ताको वहां खायके फिर चलैहै और मार्गमें वह भूंखसों बहुतही दुःखीहो विलाप करतो भयो जायहै॥७०॥सातवें मासके प्राप्त होनेपै बह्वापदनाम पुरमें जायहै वा पुरमें

सातवें महीनेमें पुत्रनकरि दिये भये पिंडको खाय है ॥७१॥ वा पुरको उल्लंघन करि दुःखदपुरमें पहुँचै है हे पक्षिनके राजा ! आकाशमें जातोभयो वह प्राणी बहुतही दुःख पावै है ॥७२॥ आठवें महीनेमें पुत्रनकरि दिये भये पिंडको खायकै चले है फिरि नववें महीनेके पूरे होनेपै नानाक्रंदपुरको जाय है ॥७३॥ बडा दारुण पुकारते भये नानाप्रकारके जो आक्रंदगण हैं तिनको देखिकै आपहू शून्यहृदय तथा

तत्पुरंतुव्यतिक्रम्यदुःखदंपुरमृच्छति ॥ महद्दुःखमवाप्नोतिखेगच्छन्खेचरेश्वर ॥ ७२ ॥ मास्यष्टमेप्रदत्तंयत्पिण्डंभुक्त्वाप्रसर्पति ॥नवमेमासिसम्पूर्णेनानाक्रन्दपुरंव्रजेत् ॥ ७३॥ नानाक्रन्दगणान्दृष्ट्वाक्रन्दमानान्सुदारुणान् ॥ स्वयंचशून्यहृदयःसमाक्रन्दतिदुःखितः ॥ ७४ ॥ विहायतत्पुरं प्रेतस्तर्जितोयमकिङ्करैः ॥ सुतप्तभवनंगच्छेद्दशमेमासिकृच्छ्रतः ॥ ७५ ॥ पिण्डदानंजलंतत्रभुक्त्वापिनसुखी भवेत् ॥ मासिचैकादशेपूर्णेपुरंरौद्रंसगच्छति ॥ ७६ ॥ दशैकमासिकंतत्रभुंक्तेदत्तंसुतादिभिः ॥ सार्द्धेचैकादशे मासिपयोवर्षणमृच्छति॥७७॥ मेघास्तत्रप्रवर्षन्तिप्रेतानांदुःखदायकाः॥न्यूनाब्दिकंचयच्छ्राद्धंतत्रभुंक्ते सदुःखितः॥७८॥

दुःखित होके चिल्लाय है॥७४॥यमके दूतनकरि धमकायो गयो वह प्राणी वा पुरको छोडि दशवें महिनेमें बडे कष्टसों सुतप्तभवनको जाय है ॥७५ ॥वहां पिण्डदान तथा जलको भोजन करकेहू सुखी नहीं होय है और ग्यारहें महीनेके पूरे होनेपै वह रौद्रपुरको जाय है वहां पुत्रनकरि ग्यारहें महीनाको दियो भयो पिंड खाय है फिर साढे ग्यारहें महीनाके पूरे होनेपै पयोवर्षणमें पहुँचै है॥७६॥७७॥वहां प्रेतनके दुःख देनहारे

मेघ बरसै हैं और वहां न्यूनाब्दिक जो श्राद्ध है ताहि दुःखी होकै खायहै ॥७८॥ तापीछे वर्षके पूरे होनेपै वह प्रेत शीताढ्य नगरको जाय है वहां हिमालयतें सौगुनो अधिक शीत परैहै ॥ ७९ ॥ शीतसों पीडित भूंखो वह प्रेत दशोंदिशानको देखै है कि कहूँ कोऊ मेरो बान्धव है जो मेरे दुःख दूर करै ॥८०॥ यमके दूत कहैं हैं कि, कहां तेरो ऐसो पुण्यहै जाते यह दुःख जाय और वार्षिक जो पिंड है ताहि खायकै

सम्पूर्णे तु ततोवर्षेशीताढ्यंनगरंव्रजेत् ॥ हिमाच्छतगुणंतत्रमहाशीतंपतत्यपि ॥ ७९ ॥ शीतार्तःक्षुधितः सोपिवीक्षतेहिदिशोदश ॥ तिष्ठतेबान्धवःकोपियोमेदुःखंव्यपोहति ॥ ८० ॥ किंकरास्तेवदंत्यत्रकिन्तेपुण्यं हितादृशम् ॥ भुक्त्वाचवार्षिकंपिंडं धैर्यमालम्बतेपुनः ॥ ८१ ॥ ततःसंवत्सरस्यान्तेप्रत्यासन्नेयमालये ॥ बहुभीतिपुरेगत्वाहस्तमात्रं समुत्सृजेत् ॥८२॥ अंगुष्ठमात्रोवायुश्चकर्मभोगायखेचरः ॥ यातनादेहमासाद्य सहयाम्यैःप्रयातिच ॥ ८३ ॥ और्ध्वदैहिकदानानियैर्नदत्तानिकश्यप ॥ एवंकष्टेनतेयान्तिगृहीतादृढबन्धनैः ॥८४॥धर्मराजपुरे सन्तिचतुर्द्वाराणिखेचर ॥ यत्रायंदक्षिणद्वारमार्गस्तेपरिकीर्तितः ॥ ८५ ॥

फिरि धीरको धरै है ॥ ८१॥ तापीछे वर्षके अंतमें जब यमको घर निकट रह जाय है तब बहुभीतिपुरमें जायके हस्तमात्र जो शरीर है ताहि छोडि देय है॥८२॥कर्मनके भोगके लिये अंगुष्ठमात्र आकाशमें विचरणवालो वायु यातनाके देहको पायके यमदूतनके साथ जाय है॥८३॥ हे काश्यप ! जाने मरनेके समय और्ध्वदैहिक दान नहीं दिये हैं पुष्टबंधनसों बांधे भये वे या प्रकारके कष्टसों जांय है ॥ ८४॥ हे गरुड !

वहां चौथे महीनेके पिंडको खायके कुछ सुखी होय है तापीछे वह प्राणी पाँचवें महीनेमें क्रौंचनाम पुरमें जाय है ॥५९॥ वा समय क्रौंचपुरमें स्थित यह प्रेत पांचवें महीनेके पिंडको जो हाथसों दियोगयो है वाको खायके निर्दयी मनुष्य जामें रहेहैं ऐसे क्रूरपुरको जाय है ॥६०॥ साढेपांच मासन करिकैन्यून षाण्मासिकको जाय है वहां दिये भये पिंडसों कुछतृप्त होकै स्थित होयहै ॥ ६१ ॥ और आधेमुहूर्त्तलों

चतुर्थमासिकंपिण्डं भुक्त्वा किंचित्सुखीभवेत् ॥ ततो यातिपुरंप्रेतः क्रौंचंमासेऽथपञ्चमे ॥ ५९ ॥ हस्तदत्तंतदाभुंक्तेप्रेतः क्रौंचपुरेस्थितः ॥ यत्पञ्चमासिकंपिण्डंभुक्त्वाक्रूरपुरंव्रजेत् ॥ ६० ॥ सार्धैकैःपञ्चभिर्मासैर्न्यूनषाण्मासिकंव्रजेत् ॥ तत्रदत्तेनपिण्डेनघटेनाप्यायितःस्थितः ॥६१॥ मुहूर्तार्धन्तुविश्राम्यकंपमानःसुदुःखितः ॥ तत्पुरंतुपरित्यज्यतर्जितोयमकिंकरैः ॥६२॥ प्रयातिचित्रभवनंविचित्रोनामपार्थिवः ॥ यमस्यैवानुजोभ्रातायत्रराज्यंप्रशास्तिहि ॥ ६३ ॥ तंविलोक्यमहाकायंयदाभीतः पलायते ॥ तदासंमुखआगत्यकैवर्ता इदमब्रुवन् ॥६४॥वयंतेतर्तुकामाथमहावैतरणींनदीम् ॥ नावमादायसम्प्राप्तायदिते पुण्यमीदृशम् ॥ ६५ ॥

विश्राम लेके कांपतो भयो अतिदुःखी वह प्रेत यमके दूतन करि धमकायो गयो हो वा पुरको छोडिके ॥ ६२॥ जामें विचित्रनाम राजाहै ऐसे चित्रभवन नाम नगरको जाय है वह यमराजको छोटो भाई वह विचित्र वा पुरमें राज्यकरै है॥६३॥ वा बडे शरीरवालेको देखि जब भयभीत होकै भागै है तब वाके संमुख आयके कैवर्त्त जे नौका चलावनहारे धीवर हैं वे यह बोलत भये हमे या बडी वैतरणिनदीको उतारो

पुरतें आगे चवालीस योजन पर बडो यमको पुर है ॥ ३ ॥ हाहाकारकरियुक्त देखिके पापी चिल्लायँ हैं वा चिल्लानेको सुनिके यमपुरके विचरनहारे ॥ ४ ॥ सब वहां जायके द्वारपालसों कहैहैं धर्मध्वजनाम द्वारपाल वहाँ सदा रहै है ॥ ५ ॥ वह जायके सब शुभ अशुभ चित्रगुप्तसों कहै हैं तापीछे वाको चित्रगुप्त धर्मराजसों कहै हैं ॥ ६ ॥ हे तार्क्ष्य! नास्तिक है और सदा महापापनके करनेमें

हाहाकारसमायुक्तं दृष्ट्वा क्रन्दतिपातकी ॥ तत्क्रन्दितंसमाकर्ण्ययमस्यपुरचारिणः ॥४॥ गत्वाचतत्रतेसर्वेप्रतीहारंवदन्तिहि ॥ धर्मध्वजः प्रतीहारस्तत्रातिष्ठतिसर्वदा ॥५॥ सगत्वाचित्रगुप्तायब्रूतेतस्यशुभाशुभम् ॥ ततस्तंचित्रगुप्तोपिधर्मराजं निवेदयेत् ॥६॥ नास्तिकायेनरास्ताक्ष्यं महापापरताःसदा॥तांश्चसर्वान्यथायोग्यं सम्यग्जानातिधर्मराट् ॥ ७ ॥ तथापिचित्रगुप्तायतेषांपापंसपृच्छति ॥ चित्रगुप्तोपिसर्वज्ञः श्रवणान्परिपृच्छति॥८॥ श्रवणाब्रह्मणःपुत्राःस्वर्भूपातालचारिणः ॥ दूरश्रवणविज्ञानादूरदर्शनचक्षुषः ॥ ९॥ तेषां पत्न्यस्तथाभूताः श्रवण्यः पृथगाह्वयाः ॥ स्त्रीणां विचेष्टितंसर्वंताविजानन्तितत्त्वतः ॥ १० ॥

लगे रहैं उन सबनको धर्मराज यथायोग्य भलीभाँतिसों जानै हैं ॥ ७ ॥ ताहूपै वे चित्रगुप्तसों उनके पापनको पूछै हैं और चित्रगुप्तहू सर्वज्ञ हैं परंतु श्रवणसों पूँछै हैं ॥ ८ ॥ स्वर्ग पृथिवी और पातालमें फिरनेवाले श्रवण ब्रह्माके पुत्र हैं उनको दूरहीते सुननेको विशेषज्ञान है और उनके नेत्रहू दूरलों देखनेवाले हैं ॥ ९ ॥ और उनकी पत्नीहू उन्हींके समान हैं वे सब श्रवणी हैं परन्तु

उनके नाम जुदे २ हैं स्त्रीनके जितने काम हैं उनको वे सब तत्त्वसों जानैं हैं ॥ १० ॥ मनुष्यनकरि छिपो भयो तथा प्रत्यक्ष जो कह्यो जायहै और करो जायहै ता सबको वे तथा उनकी स्त्री चित्रगुप्तसों कहिदेय हैं ॥११॥ वे धर्मराजके चार कहिये दूत मनुष्यनको शुभ अशुभ मन वाणी तथा कायसों उत्पन्न पापको सब तत्त्वते जाने हैं ॥ १२ ॥ मर्त्य मनुष्य और अमर्त्य देवता इन सबनके

नरैःप्रच्छन्नप्रत्यक्षंयत्प्रोक्तं चकृतंचयत् ॥ सर्वमावेदन्त्येवाचित्रगुप्तायतेचताः ॥ ११ ॥ चारास्तेधर्मराजस्यमनुष्याणांशुभाशुभम् ॥ मनोवाक्कायजंकर्मसर्वंजवन्तितत्त्वतः ॥ १२॥ एवंतेषांशक्तिरस्तिमर्त्यामर्त्याधिकारिणाम् ॥कथयन्तिनृणां कर्मश्रवणाः सत्यवादिनः॥ १३ ॥ व्रतैर्दानैश्चसत्योक्त्यायस्तोषयातितान्नरः । भवन्तितस्यतेसौम्याःस्वर्गमोक्षप्रदायिनः ॥ १४ ॥ पापिनांपापकर्माणिज्ञात्वातेसत्यवादिनः॥धर्मराजपुरःप्रोक्ताजायन्तेदुःखदायिनीः ॥ १५ ॥ आदित्यचन्द्रावनिलोनलश्चद्यौर्भूमिरापोहृदयंयमश्च ॥ अहश्चरात्रिश्चउभेचसन्ध्येधर्मश्चजानातिनरस्यवृत्तम् ॥ १६ ॥

अधिकारी सत्य बोलनहारे श्रवण मनुष्यनके कर्मनको कहि देय है ॥१३॥व्रत दान तथा सत्य बोलनेसों जो नर उनको प्रसन्न करेहै वे सौम्य वाको स्वर्गमोक्षके देनेहारे होय हैं ॥ १४ ॥ पापीनके पापकर्मनको जानिके वे सत्यवादी धर्मराजके आगे कहै जानेसों दुःखदायी होय हैं ॥ १५ ॥ सूर्य चन्द्रमा पवन अग्नि आकाश पृथिवी जल हृदय यम दिन राति तथा दोनों संध्या और ये सब मनुष्यके वृत्तांतको

जानै हैं ॥ १६ ॥ धर्मराज चित्रगुप्त श्रवण और भास्कर आदिका यह जो शरीर है तामें स्थित सर्व पापपुण्यको देखै हैं ॥ १७ ॥ या प्रकार यम पापी मनुष्यनके पापनको अच्छे प्रकारसो निश्चयकरि उनको बुलायके अति भयंकर अपनो रूप दिखावै हैं ॥ १८ ॥ वे पापी दंड जिनके हाथमें बहुत बडो जिनको शरीर वे भैंसेके ऊपर बैठे भये ऐसे यमके भयंकर रूपको देखै है ॥ १९ ॥ प्रलयकालके और

धर्मराजश्चित्रगुप्तःश्रवणाभास्करादयः ॥ कायस्थंतत्रपश्यन्तिपापंपुण्यंचसर्वशः ॥ १७ ॥ एवं सुनिश्चयं कृत्वापापिनां पातकं यमः॥आहूयतान्निजंरूपंदर्शयत्यतिभीषणम्॥ १८॥ पापिष्ठास्तेप्रपश्यन्तियमरूपंभयंकरम्॥दण्डहस्तंमहाकायंमहिषोपरिसंस्थितम् ॥ १९॥ प्रलयाम्बुदनिर्घोषंकज्जलाचलसन्निभम्॥विद्युत्प्रभायुधैर्भीमंद्वात्रिंशद्भुजसंयुतम् ॥ २० ॥ योजनत्रयविस्तारंवापीतुल्यविलोचनम्॥दंष्ट्राकरालवदनं रक्ताक्षंदीर्घनासिकम्॥२१॥मृत्युज्वराधिभिर्युक्तश्चित्रगुप्तोपिभीषणः ॥ सर्वेदूताश्चगर्जन्तियमतुल्यास्तदान्तिके ॥ २२ ॥

मेघनकोसों जिनको शब्द और कज्जलके पर्वतके समान और बिजुलीकीसी जिनकी चमक ऐसे शस्त्रनसों भयानक और बत्तीस भुजानकारि युक्त ॥ २० ॥ विस्तारमें तीनि योजन बावडीके समान हैं नेत्र जिनके और डाढोंसों भयंकर है मुख जिनको और लाल जिनकी आँखें और लंबी नाक ॥२१॥ और मृत्यु तथा ज्वरआदिकन करि युक्त चित्रगुप्तहू विशेषकरिकैं भयानक हैं और उनके समीप यमके समान

धर्मराजके पुरमें चारिद्वार हैं तिनमेंसों यह दक्षिणद्वारको मार्ग तेरे लिये कल्पित कियो गयो है ॥ ८५ ॥ या महा घोरमार्गमें भूँख प्यासमों पीडित प्राणी जैसे जाँय हैं सो सब हमने कह्यो अब फिर और कहासुनो चाहो हो ॥ ८६ ॥ इति श्रीमत्पण्डितपरमसुखतनयपण्डितकेशवप्रसादशर्म्मद्विवेदिकृतायांगरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायांयममार्गनिरूपणो नामद्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

अस्मिन्पथिमहाघोरेक्षुत्तृषाश्रमपीडिताः ॥ यथायान्तितथाप्रोक्तंकिंभूयःश्रोतुमिच्छसि ॥ ८६॥ इति श्रीगरुडपुराणेसारोद्धारेयममार्गनिरूपणंनामद्वितीयोऽध्यायः ॥२॥ गरुडउवाच ॥ यममार्गमतिक्रम्यगत्वापापी यमालये ॥ कीदृशींयातनांभुंक्तेतन्मेकथयकेशव ॥ १ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ आद्यंतंचप्रवक्ष्यामिशृणुष्व वितनात्मज ॥ कथ्यमानेपिनरकेत्वंभविष्यासिकम्पितः ॥ २ ॥ चत्वारिंशद्योजनानिचतुर्युक्तानिकाश्यप ॥ बहुभीतिपुरादग्रे धर्मराजपुरंमहत् ॥ ३ ॥

गरुड बोले यमके मार्गको उलांघिकैं पापी यमके घरमें जायकै कैसी यातना भोगै है, हे केशव सो मोसों कहो ॥ १ ॥ श्रीभगवान् बोले मैं आदिते अंतलौं कहौंगो हे विनताके पुत्र ! तुम सुनो नरकके कहनेमें तुम कांपि उठोगे ॥ २ ॥ हे काश्यप ! बहु भीति-

वे पापी वा समय चित्रगुप्तको यह वचन सुनिके अपने कर्मनको शोचते भये चुपचाप निश्चल होके बैठते हैं॥ ३०॥ चोरकी भाँति निश्चल बैठे भये उनको यमराज हूँ देखके उनके पापनकी यथायोग्य शासना जो दंड है ताकी आज्ञा देत हैं॥ ३१॥ ता पीछे वे निर्दयी दूत ताडना देकरि कहै हैं कि हे पापी! तू बडे घोर और अति भयंकर नरकको जा॥ ३२॥यमकी आज्ञा करनेहारे वे प्रचंड चंडक आदि दूत उन सब पापीनको

चित्रगुप्तस्येतिवाक्यं श्रुत्वातेपापिनस्तदा ॥ शोचन्तःस्वानिकर्माणितूष्णींतिष्ठन्तिनिश्चलाः ॥ ३० ॥ धर्म
राजोऽपितान्दृष्ट्वाचोरवन्निश्चलान्स्थितान् ॥ आज्ञापयतिपापानांशांतिंचैवयथोचिताम् ॥ ३१ ॥ ततस्ते
निर्दयादूतास्ताडयित्वावदंतिच ॥ गच्छपापिन्महाघोरान्नरकानतिभीषणान् ॥ ३२ ॥ यमाज्ञाकारिणो
दूताःप्रचण्डचण्डकादयः ॥ एकपाशेनतान्बध्वानयन्तिनरकान्प्रति ॥ ३३ ॥ तत्रवृक्षोमहानेकोज्वलद
ग्निसमप्रभः॥ पंचयोजनविस्तीर्णं एकयोजनमुच्छ्रितः ॥ ३४ ॥ तद्वृक्षेशृंखलैर्बद्ध्वाधोमुखंताडय-
न्तिते ॥ रुदंतिज्वलितास्तत्रतेषांत्राताननविद्यते ॥ ३५ ॥

एक पाशमें बांधि नरकको लेजाय हैं ॥ ३३ ॥ वहां एक वृक्ष बडो है जलती भई अग्निके समान वाकी कांतिहै और पांच योजन अर्थात् बीस कोश वाको फैलाव और एक योजन अर्थात् चारकोशको ऊँचो है ॥ ३४ ॥ वा वृक्षमें संकरनसों बांधिकै नीचेको है मुख जाको ऐसे

पापीकी वे दूत ताडना करै हैं वा वृक्षमें जरते भये वे रोवै हैं उनकी रक्षा करनहारो कोई नहीं है ॥ ३५ ॥ वा शाल्मलीके वृक्षमें बहुतसे पापी लटके हैं वे क्षुधापिपासासों पीडित हैं थके और यमके दूतनकरिकै ताडना किये जाय हैं ॥ ३६ ॥ आश्रयरहित वे पापी हाथ जोरिकै कहे हैं कि भो दूतो! हमारो अपराध क्षमाकरो ॥ ३७ ॥ वारवार वे पापी यमके दूतन करि लोहकी लाठिनसों और मुद्गर तोमर

तस्मिन्वैशाल्मलीवृक्षेलम्बंतेऽनेकपापिनः ॥ क्षुत्पिपासापरिश्रान्तायमदूतैश्चताडिताः ॥ ३६ ॥क्षमध्वंभोपरा
धंमेकृताञ्जलिपुटा इति ॥ विज्ञापयन्तितान्दूतान्पापिष्ठास्तेनिराश्रयाः ॥ ३७ ॥ पुनः पुनश्चतेदूतैर्हन्यन्ते लो
हयष्टिभिः ॥ मुद्गरैस्तोमरैः कुन्तैर्गदाभिर्मुसलैर्भृशम् ॥ ३८ ॥ ताडनाच्चैवनिश्चेष्टामूर्च्छिताश्चभवन्तिते ॥
तथानिश्चेष्टितान्दृष्ट्वाकिंकरास्तेवदन्तिहि ॥ ३९ ॥ भोभोःपापादुराचाराः किमर्थंदुष्टचेष्टितम् ॥ सुलभानिन
दत्तानिजलान्यन्यान्यपिकचित् ॥ ४० ॥ ग्रासार्द्धमपिनोदत्तंनश्ववायसयोर्बलिम् ॥ नमस्कृतानातिथयोन
कृतंपितृतर्पणम् ॥ ४१ ॥

गदा भाले तथा मूसरनसों बहुतही मारे जात भये ॥ ३८॥ मारनेसो वे चेष्टारहित और मूर्च्छित होजाय हैं तब ऐसे चेष्टारहित उन पापिनको देखिके दूत कहै हैं ॥ ३९ ॥ भोभो पापी दुराचारियो! तुमने दुष्टकाम काहेको कियो अति सुलभहू जे जलआदि तथा अन्य वस्तु कबहूँ नहीं दीन्ही ॥ ४० ॥ तैंने कबहूँ आधो ग्रासहू नहीं दियो और न कोआ कुत्तानको बलि दीन्हों और न कबहूँ अभ्यागतनको

नमस्कार किया और न पितरनको तर्प्पण कियो ॥४१॥ और यम तथा चित्रगुप्तको कबहूँ उत्तम ध्यान नहीं कियो और न उनको मंत्र जप्यो जाते यातना न होय ॥४२॥ और न तौ कोई तीर्थ कियो और न देवता पूजे गृहस्थाश्रममें स्थितहू जे तुम हौ तिन करि हंतकार जो अन्नभाग है सोऊ नहीं दियो गयो ॥ ४३ ॥ और संतनहूकी सेवा नहीं कीन्ही तातें तू अपने पापके जो फल हैं ताको भोग और जाते तू धर्म

यमस्यचित्रगुप्तस्यनकृतंध्यानमुत्तमम् ॥ नजप्तश्चतयोर्मन्त्रोनभवेद्येनयातना ॥ ४२ ॥ नापिकिञ्चित्कृतं तीर्थंपूजितानैवदेवताः ॥ गृहाश्रमस्थितेनापिहन्तकारोपिनोद्धृतः ॥ ४३ ॥ शुश्रूषिताश्चनोसन्तोभुंक्ष्वपाप फलंस्वकम् ॥ यतस्त्वंधर्महीनोसिततः संताडयसेऽशुभम् ॥ ४४ ॥ क्षमापराधं कुरुते भगवान्हरिरीश्वरः ॥ वयं तु सापराधानां दंडदा हि तदाज्ञया ॥ ४५ ॥ एवमुक्त्वाचतेदूतानिर्दयंताडयन्तितान् ॥ ज्वलदं गारसदृशाः पतितास्ताडनादधः ॥४६॥ पतनात्तस्यपत्रस्यगात्रच्छेदोभवेत्ततः॥ तानधः पतिताञ्छ्वानोभक्षयं तिरुदन्तिते ॥ ४७ ॥ रुदन्तस्तेततोदूतैर्मुखमापूर्यरेणुभिः ॥ निबद्ध्यविविधैःपाशैर्हन्यन्तेकेपिमुद्गरैः ॥४८॥

करिके हीन है ताहीसे बुरी मारसों मारो जाय है ॥ ४४ ॥ भगवान् जे हरि ईश्वर हैं वे अपराधनकी क्षमा करैं और हम तौ उनकी आज्ञासों दंडके देनहारे हैं ॥ ४५ ॥ ऐसे कहिके वे दूत उनको निर्दय होके ताडना करने लगे और ताडन करनेसों जलते भये अङ्गारेके समान वे नीचे गिरे ॥४६॥ गिरनेसों पतनकरिके शरीर कटिजाय है सब उन नीचे गिरेभये मनुष्योंको कुत्ते खाय हैं और वे पापी रोवै हैं ॥४७॥ तब

बहुतसे दूत गर्जे हैं ॥ २२॥ उनसे भयभीत हो वह दुष्ट प्रेत हाय हाय पुकारै है और नहीं दियो है दान जाने ऐसो वह पापी काँपै है और चिल्लाय है ॥ २३ ॥ ता पीछे चिल्लाते भये और अपने कर्मनको शोचतेभये उन पापीनसों चित्रगुप्त यमकी आज्ञाते कहै हैं ॥ २४ ॥ अरे पापी दुराचारियो अविवेकियो तुमने अहंकारसों दूषित होके काहेको पाप इकट्ठे किये ॥ २५ ॥ काम तथा क्रोधतें और पापीनकी संग-

तंदृष्ट्वाभयभीतस्तु हाहेतिवदतेखलः ॥ अदत्तदानः पापात्माकम्पतेक्रन्दते पुनः ॥२३ ॥ ततोवदंतितान्सर्वा न्क्रन्दमानांश्चपापिनः ॥ शोचंतः स्वानिकर्माणिचित्रगुप्तोयमाज्ञया ॥ २४॥ भोभोःपापादुराचारा अहंकारप्र दूषिताः॥ किमर्थमर्जितंपापं युष्माभिरविवेकिभिः ॥२५॥ कामक्रोधाद्युत्पन्नंसंगमेनचपापिनाम्॥तत्पापं दुःखदंमूढाःकिमर्थंचरितं जनाः ॥२६॥ कृतवन्तःपुरायूयंपापान्यत्यंतहर्षिताः ॥ तथैवयातनाभोग्याःकिमि दानींपराङ्मुखाः ॥२७॥ कृतानियानिपापानियुष्माभिःसुबहून्यपि ॥ तानिपापानिदुःखस्यकारणंनचवंचना ॥ २८ ॥ मूर्खेपिपंडितेवापिदरिद्रेवाश्रियान्विते ॥ सबलेनिर्बलेवापिसमवर्तीयमः स्मृतः ॥ २९ ॥

तितें जो पाप उत्पन्न भयोहै हे मूढो ! वह पाप दुःखदेनेहारो है हे जनो तुमने काहेको कियो है॥ २६ ॥ पहले तुमने बहुतही हर्षित होके जैसे पाप किये हैं वैसेही यमकी यातना भोगनी योग्य है अब काहेको मुख मोडोहो ॥ २७॥ तुमने जा बहुतसे पाप किये वेही पाप दुःखके कारण हैं कुछ वंचना नहीं है ॥२८॥ मूर्खमें भी अथवा पंडितमें दरिद्रीमें तथा लक्ष्मीयुक्तमें सबलमें तथा निर्बलमें यम समान वर्त्तनेवाले हैं ॥२९॥

जाय हैं और कोई पर्वतके ऊपरसों डारे जांय हैं और कीरनके कुण्डमें डुबे भये कोऊ कीरन करिकै व्यथा दिये जाय हैं ॥ ५४ ॥ वज्रके समान जिनकी चोंचें ऐसे बडे कौआनकरि और मांसके चाहनारे गीधनकरि शिरमें चोंथे जायँ हैं और नेत्रनमें तथा मुखमें चोंचें मारे हैं ॥५५॥ कोई अपने ऋणको मागे हैं और कोई कहैं हैं कि, मेरो धन दे मेरो धन खालियो है अब तोको मैंने यमलोकमें देखो है ॥५६॥

वज्रतुण्डैर्महाकाकैर्गृध्रैरामिषगृध्नुभिः ॥ निष्कुष्यन्तेशिरोदेशेनेत्रेवास्येचचञ्चुभिः ॥ ५५ ॥ ऋणंवैप्रार्थयन्त्यन्येदेहिदेहिधनंमम ॥ यमलोके मयादृष्टोधनंमेभक्षितंत्वया ॥ ५६ ॥ एवंविवदमानानांपापिनांनरकालये ॥ छित्त्वासंदंशकैर्दूतामांसखण्डान्ददन्तिच ॥ ५७ ॥ एवंसंताडयतान्दूताःसंकृष्य यमशासनात ॥ तामिस्रादिषुघोरेषुक्षिप्यन्तेनरकेषुच ॥ ५८ ॥ नरकादुःखबहुलास्तत्रवृक्षसमीपतः ॥ तेष्वस्तियन्महद्दुःखंतद्वाचामप्यगोचरम् ॥ ५९ ॥

नरकमें ऐसे झगडो करते भये पापीनके मांसको सँडसीनसों काटि दूत उनको मांसका खंड देय हैं ॥ ५७ ॥ दूत या प्रकार उनकी ताडना करिकै यमकी आज्ञासों तामिस्र आदि जे घोर नरक हैं तिनमें डारिदेय हैं ॥ ५८ ॥ नरकनमें तो बहुत दुःख है परंतु वहां व ॥ १७ ॥

वृक्षके समीप जा बडो दुःख है वह वचननसोहूँ नहीं कहो जाय है ॥ ५९ ॥ हे गरुड ! चौराशीलक्ष नरक हैं तिनके मध्यमें बहुतही घोर इक्कीस मुख्य हैं॥६०॥ उनके नाम कहे हैं तामिस्र १ लोहशंकु २ महारौरव ३ शाल्मली ४ रौरव ५ कुड्मल ६कालसूत्र ७ पूतिमृत्तिक८॥६१॥संघात ९ लोहितोद १० सविष ११ संप्रतापन १२ महानिरय १३काकोल१४ संजीव१५महापथ१६ ॥६२॥ अवीचि १७

चतुरशीतिलक्षाणिनरकाःसन्तिखेचर ॥ तेषांमध्येघोरतमाधौरेयास्त्वेकविंशतिः ॥ ६० ॥ तामिस्रोलोहशंकुश्च महारौरवशाल्मली ॥ रौरवः कुड्मलः कालसूत्रकः पूतिमृत्तिकः ॥६१॥ संघातो लोहितोदश्च सविषः संप्रतापनः॥ महानिरयकाकोलौ संजीवनमहापथौ ॥ ६२ ॥ अवीचिरन्धतामिस्रः कुम्भीपाकस्तथैवच ॥ संप्रतापननामैकस्तपनस्त्वेकविंशतिः ॥ ६३ ॥ नानापीडामयाः सर्वेनानाभेदैःप्रकल्पिताः ॥ नानापापविपाकाश्चाकिङ्करैर्घैरधिष्ठिताः ॥ ६४ ॥

अंधतामिस्र १८ कुंभीपाक १९ संप्रतापन नाम २० और तपन २१ ये इक्कीस हुये ॥ ६३ ॥ नानाप्रकारकी हैं पीडा जिनमें ऐसे ये नरनक हैं और नानाप्रकारके भेदनकरिके कल्पना किये गये और जे नानाप्रकारके पापनके फलनके देनहारेहैं और दूतनके समूह इनके

अधिष्ठाताहैं ॥ ६४ ॥ इनमें परे भये मूढ पापी धर्मकरि रहित वहां कल्पके अंतलौं उन उन नरकनकी यातनाको भोगे हैं ॥ ६५ ॥ जो तामिस्र अंधतामिस्र और रौरव आदिकी आपके संगते प्राप्त भई जे यातना तिनको नर और नारी भोगे हैं॥६६॥या प्रकार कुटुंबको पालन करनहारे अथवा आपनोही पेट भरनहारे दोनोंको अर्थात् अपने देह और कुटुम्बको छोडिके परलोकमें आयके ऐसे फलको भोगैहैं ॥ ६७॥

एतेषुपतितामूढाः पापिष्ठाधर्मवर्जिताः ॥ तत्रभुञ्जन्तिकल्पान्तेतास्तानरकयातनाः ॥ ६५ ॥ यास्तामिस्रा
न्धतामिस्रारौरवाद्याश्चयातनाः ॥ भुंक्तेनरोवानारीवामिथः संगेननिर्मिताः ॥ ६६ ॥ एवंकुटुम्बंबिभ्राणउदर
म्भरएववा॥ विसृज्येहोभयंप्रेत्यभुंक्ते तत्फलमीदृशम् ॥ ६७ ॥ एकः प्रपद्यतेध्वान्तं हित्वेदं स्वंकलेवरम् ॥
कुशलेतरपाथेयोभूतद्रोहेणयद्भृतम् ॥ ६८ ॥ दैवेनासादितंतस्यशमलेनिरयेपुमान् ॥ भुंक्तेकुटुम्बपोषस्यहृत
द्रव्यइवातुरः॥६९॥॥केवलेनह्यधर्मेणकुटुम्बभरणोत्सुकः॥यातिजीवोऽन्धतामिस्रंचरमंतमसः पदम् ॥७० ॥

अपने शरीरको छोडके एकही ध्वांत कहिये अन्धतम नरकको जायहै भोगनवाले नहीं जायहै और भूतनको द्रोहकरिकै जो पाथेय कहिये राहको खर्चसो वह अच्छा नहीं है॥६८॥वह कुटुंबके पालनेको पाप दैवकरि पहुँचायो भयो वाहि मिले हैं वा पापको वह पुरुष नरकमें हरि लिई गई है द्रव्य जाकी ऐसे आतुरके समान भोग करे हैं॥६९॥जो केवल अधर्महीसों कुटुंबके पालनेको उद्यत रहै हैं वह जीव सबसों पिछलो

रोवते भये उन पापिनके मुखनमें दूत धूलिको भरै हैं और नाना प्रकारके पाशनसों बांधि कोई मुद्गरनसों मारे जाय हैं ॥ ४८ ॥ और कोई पापी काठकी भांति आरानसों चीरिकै दो फांक किये जाय हैं और कोई धरतीमें डारिकै कुलहाडीसों टुकडे २ किये जाय हैं ॥ ४९ ॥ कोई पापी आधा गढिहेमें गाडदियो जाय है और वाके माथेमें तीर मारै हैं और कोऊ कोल्हूमें स्थित हे और ईखकी भांति

पापिनः केपिभिद्यन्तेक्रकचैः काष्ठवद्द्विधा ॥ क्षिप्त्वाचान्येधरापृष्ठेकुठारैः खण्डशःकृताः॥४९॥ अर्धखात्वा
वटेकेचिद्भिद्यन्तेमूर्ध्निसायकैः ॥ अपरेयन्त्रमध्यस्थाः पीडयन्तेचेक्षुदण्डवत् ॥५०॥ केचित्प्रज्वलमानैस्तुसा
गारैः परितोभृशम् ॥ उल्मुकैर्वेष्टयित्वाचध्मायन्तेलोहपिण्डवत् ॥ ५१ ॥ केचिद्घृतमयेपाकेतैलपाके
तथापरे ॥ कटाहक्षिप्तवटवत्प्रक्षिप्यन्तेयतस्ततः ॥ ५२ ॥ केचिन्मत्तगजेन्द्राणांक्षिप्यन्तेपुरतः पथि ॥ बद्धा
हस्तौचपादौच क्रियन्तेकेप्यधोमुखाः ॥ ५३ ॥ क्षिप्यन्तेकेपिकूपेषुपात्यन्तेकेपिपर्वतात् ॥ निमग्नाःकृमि
कुण्डेषुतुद्यन्तेकृमिभिः परे ॥ ५४ ॥

पेरे जाय हैं ॥ ५० ॥ कोई जरते भये अंगारन समेत अधजरी लकरीनसों चारों ओरसों लपेटि लोहके पिंडके समान धौंके जाय हैं ॥ ५१ ॥ कोई घीके पाकमें तथा कोई तेलके पाकमें कराहीमें डारे भये बडेके समान इतको उतको चलाये जायँ हैं ॥ ५२ ॥ कोई मार्गमें मतवारे हाथिनके आगे डारे जायँ हैं और कोइके हाथ पांव बांधिकै नीचेको मुख कियो जाय है ॥ ५३ ॥ कोई कुंवानमें डारे

हीके मार्गमें होके वामें जाय हैं॥ ३॥याही महादुःखको देनहारी मार्गमें वैतरणी नदी है वामें जे पापी जायँ हैं तिनको मैं तुमसो कहौंहों ॥ ४ ॥ ब्रह्महत्यारे मदिरा पीवन हारे गौकी हत्या करनेहारे बालकके मारनहारे स्त्रीके मारनहारे गर्भके गिरावनहारे और जे छिपेभये पापके करनहारे हैं ॥ ५ ॥ और जे गुरुको धन हरनहारे अथवा देवताका तथा ब्राह्मणका धन लेनहारे और जे स्त्री तथा बालकको

नारीभर्तारमासाद्यशरीरंदहतेयदि ॥ अग्निर्दहतिगात्राणिनैवात्मानंप्रपीडयेत् ॥ ४२ ॥ दह्यतेध्मायमानानां धातूनांचयथामलः ॥ तथानारीदहेत्पापंहुताशेह्यमृतोपमे ॥४३॥ दिव्यादौसत्ययुक्तश्चशुद्धोधर्मयुतोनरः ॥ यथानदह्यतेतप्तलोहपिण्डेनकर्हिचित् ॥ ४४ ॥ तथासापतिसंयुक्तादह्यतेनकदाचन ॥ अन्तरात्मात्मनाभर्तुर्मृतस्यैकत्वमाप्नुयात् ॥ ४५ ॥ यावच्चाग्नौमृतेपत्यौस्त्रीनात्मानंप्रदाहयेत् ॥ तावन्नमुच्यतेसाहि स्त्रीशरीरात्कथंचन ॥ ४६ ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन स्वपतिंसेवयेत्सदा ॥ कर्मणामनसावाचामृतेजीवतितद्गता ॥४७॥

स्त्री पतिके साथ पतिसमेत कभी नहीं जरती है अंतरात्मा मरेभये भर्ताके साथ एकताको प्राप्त होजाय है ॥ ४५ ॥ पतिके मरनेपै जबलौं स्त्री अपनी देहको नहीं जरावै है तबलौं वह स्त्रीके शरीरते कभी नहीं छूटै है ॥ ४६ ॥ तातें सब यत्ननसों कर्मसों मनसों वचनसों सदा

वे विघ्नके लिये उपस्थित होय हैं ॥ २३ ॥ प्रेतको पांच पिंड देकै पहले " लोमभ्यः स्वाहा " या अनुवाकसों होमीगई वाही अग्निको तृणनमें लेकै पुत्र अग्नि देवै और जे अग्निहोत्री हैं उनको अग्निहोत्रते लेकै देवै जो पंचक न होय तो ॥२४॥ और जो नर पंचकमें मरे हैं वह गतिको नहीं प्राप्त होय है पंचकमें दाह न करनो चाहिये जो कियो जाय तो दूसरेको मरण होय ॥ २५ ॥ आदिमें आधी धनिष्ठाते

प्रेतेदत्त्वा पंचपिण्डान्हुतमादायतंतृणैः ॥ अग्निपुत्रस्तदादद्यान्नभवेत्पञ्चकंयदि ॥२४ ॥ पंचकेषुमृतोयस्तुन गतिं लभतेनरः ॥ दाहस्तत्रनकर्तव्यः कृतेन्यमरणंभवेत्॥२५॥ आदौकृत्वाधनिष्ठार्धमेतन्नक्षत्रपञ्चकम् ॥ रेवत्यन्तंनदाहेर्हदाहेचनशुभंभवेत् ॥२६ ॥ गृहेहानिर्भवेत्तस्यऋक्षेष्वेषुमृतोहियः ॥ पुत्राणांगोत्रिणांचापिकश्चिद्विघ्नः प्रजायते ॥ २७ ॥ अथवाऋक्षमध्येहिदाहःस्याद्विधिपूर्वकः ॥ तद्विधिंतेप्रवक्ष्यामिसर्वदोषप्रशान्तये ॥ २८ ॥ शवस्यनिकटेतार्क्ष्यनिक्षिपेत्पुत्तलांस्तदा ॥ दर्भमयांश्चचतुरऋक्षमन्त्राभिमन्त्रितान् ॥ २९ ॥

लगाके अंतमें रेवतीतक ये पांच नक्षत्र दाहमें योग्य नहीं हैं और जो दाह करै तो शुभ न होय ॥ २६ ॥ जो इन पंचनक्षत्रमें मरैहै ताके घरमें हानि होय है पुत्रनमें तथा गोत्रवालेनमें कोई विघ्न होय है ॥ २७ ॥ अथवा नक्षत्रहीके मध्यमें विधिपूर्वक दाह होय है सब दोषनकी शांतिके लिये वा विधिको मैं तुमसों कहोंगो ॥ २८ ॥ हे गरुड ! शवके निकट चारि पुत्तलनको डारे वे पुत्तल दर्भके

प्रात होय है॥५३॥ जो क्षणभरके दाहके दुःखसों ऐसों सुखको छोडि देय है वह मूर्ख जन्मपर्यंत विरहकी आगिसों तपाई जाय है ॥५४॥ तातें पतिको शिव जानि वाके साथ शरीरको जरावै है हे गरुड ! जो सती न होय है तौ वाको या प्रकार जरावै ॥ ५५ ॥ आधा दग्ध होनेपै अथवा पूरा दग्ध होनेपै वा मृतकके मस्तकको फोडै गृहस्थोंके मस्तकको काष्ठसों और यतिनके मस्तकको श्रीफलसे फोडै ॥५६॥

याक्षणंदाहदुःखेनसुखमेतादृशंत्यजेत् ॥ सामूढाजन्मपर्यंतंदह्यतेविरहाग्निना ॥ ५४ ॥ तस्मात्पतिंशिवंज्ञात्वा सहतेनदहेत्तनुम्॥ यदि नस्यात्सतीतार्क्ष्यतमेवंप्रदहेत्तदा॥५५॥ अर्धेदग्धेऽथवापूर्णे स्फोटयेत्तस्यमस्तकम्॥ गृहस्थानांतुकाष्ठेनयतीनांश्रीफलेनच ॥५६॥ प्राप्तयेपितृलोकानांभित्त्वातद्ब्रह्मरन्ध्रकम् ॥ आज्याहुतिंततो दद्यान्मन्त्रेणानेनतत्सुतः ॥५७॥ अकारादभिजातोसित्वदयंजायतांपुनः ॥ असौस्वर्गायलोकायस्वाहाज्वल तुपावकः॥५८॥ एवमाज्याहुतिंदत्त्वातिलमिश्रांसमन्त्रकाम्॥ रोदितव्यं ततोगाढंतेनतस्यसुखंभवेत् ॥५९॥

ब्रह्मलोकनकी प्राप्तिके लिये वाके ब्रह्मरंध्रको भेदन करि ता पीछे वाको मंत्र या मंत्रसों घीकी आहुति दे ॥ ५७ ॥ हे पावक ! तुम वासुदेवतें उत्पन्न हो और तुमसों स्वर्गलोकके लिये अर्थात् स्वर्गमें जानेको तेजोमय दिव्यशरीरसों उत्पन्न होय है यह स्थूलदेह तुममें होव ॥ ६१ ॥
होऊ यातें तुम प्रज्वलित होऊ ॥ ५८ ॥ या प्रकार तिलयुक्त मंत्रसहित घीकी आहुति देकै ता पीछे खूब रोवनो चाहिये तासों प्राणीको

सुख होयहै ॥ ५९ ॥ दाहके पीछे पहले स्त्रीनको और पीछे पुत्रनको स्नान करनो चाहिये ता पीछे नाम और गोत्रको उच्चारण करि तिलांजलि देय॥६०॥ नींबकी पत्ती दाँतनसों कतरे और मृतकको गुणनको कहै पहले स्त्रीजन घरको जांय तापीछे मनुष्यनको समूह जाय॥६१॥घरमें फिरि स्नान करिकै गोग्रासदेय पत्रावलीमें भोजन करै घरको अन्न न खाय॥६२॥ तापीछे दक्षिणको मुख करि मृतकके

दाहादनन्तरंकार्यंस्त्रीभिःस्नानंततः सुतैः ॥ तिलोदकंततोदद्यान्नामगोत्रोपकल्पितम् ॥ ६० ॥ प्राशये न्निम्बपत्राणिमृतकस्यगुणान्वदेत् ॥ स्त्रीजनोग्रेगृहंगच्छेत्पृष्ठतोनरसंचयः ॥ ६१ ॥ गृहेस्नानंपुनः कृत्वा गोग्रासंचप्रदापयेत् ॥ पत्रावल्यांचभुञ्जीयाद्गृहान्नंनैवभक्षयेत् ॥ ६२ ॥ मृतकस्थानमालिप्यदक्षिणाभि मुखंततः ॥ द्वादशाहकपर्यन्तंदीपंकुर्यादहर्निशम् ॥६३ ॥ सूर्येस्तमागतेतार्क्ष्यश्मशानेवाचतुष्पथे ॥ दुग्धं चमृन्मयेपात्रेतोयंदद्याद्दिनत्रयम् ॥६४॥ अपक्वमृन्मयंपात्रंक्षीरनीरप्रपूरितम् ॥ काष्ठत्रयंगुणैर्बद्धंधृत्वामन्त्रं पठेदिमम् ॥ ६५ ॥ श्मशानानलदग्धोसिपरित्यक्तोसिबान्धवैः ॥ इदंनीरमिदंक्षीरमत्रस्नाहिइदंपिब ॥ ६६ ॥

स्थानको लीपै फिर बारह दिनलौं रातिदिन दीपक जगावे॥६३॥ हे गरुड ! सूर्यके अस्त होनेपै श्मशानमें अथवा चौराहेमें मट्टीके पात्रमें दूध और जल तीनि दिनलौं देय॥६४॥ दूध और जल भरोभयो कच्चो मट्टीको पात्र लेवे तामें सूतसों बँधीभई तीनि लकरी धरिकै यह मंत्र पढै ॥६५॥ श्मशानमें आगिसों जराये गयेहो और बांधवों करिके त्याग किये गयेहो यह जल और यह दूध है यहां जलसों स्नान करो और

दूधको पीवो ॥ ६६ ॥ अग्निहोत्रवाले पुरुषनको चौथे दिन अस्थिसंचय करनो चाहिये और अग्निहोत्ररहितनको तीसरे दिन अथवा दूसरे दिन करनो योग्य है विरोधके विना ॥ ६७ ॥ श्मशानभूमिमें जाके स्नान करिकै शुद्ध होय है ऊनको सूत लपेटिकै पवित्रीको पहिरै ॥६८॥ तापीछे पुत्र श्मशानवासिनके "यमाय त्वा" यामंत्रसों मांसबलि देवै और तीनि परिक्रमा करै ॥६९॥ हे गरुड ! ता पीछे चिताके

चतुर्थेसञ्चयःकार्यःसाग्निकैश्चनिराग्निकैः ॥ तृतीयेह्निद्वितीयेवाकर्तव्यश्चाविरोधतः ॥ ६७ ॥ गत्वाश्मशान भूमिं चस्नानंकृत्वाशुचिर्भवेत् ॥ ऊर्णासूत्रंवेष्टयित्वापवित्रींपरिधायच ॥ ६८ ॥ दद्याच्छ्मशानवासिभ्यस्त्व तोमांसबलिं सुतः ॥ यमायत्वेतिमन्त्रेणतिस्रःकुर्यात्परिक्रमाः ॥ ६९ ॥ ततोदुग्धेनचाभ्युक्ष्यचितास्थानंख गेश्वर ॥ जलेन सेचयेत्पश्चादुद्धरेदस्थिवृन्दकम् ॥ ७० ॥ कृत्वापलाशपत्रेषुक्षालयेद्दुग्धवारिभिः ॥ संस्था प्यमृन्मयेपात्रेश्राद्धंकुर्याद्यथाविधि ॥ ७१ ॥ त्रिकोणंस्थण्डिलंकृत्वागोमयेनोपलेपितम् ॥ दक्षिणाभिमु खोदिक्षुदद्यात्पिण्डत्रयंत्रिषु ॥ ७२ ॥

स्थानको दूधसे छिरकि पीछे जलसे छिरकि अस्थि संचय करै ॥ ७० ॥ उन अस्थिनको ढाकके पत्तेमें धरिकै दूधसों धोवै फिरि जलसों धोवै फिर मट्टीके पात्रमें रखकै विधिसों श्राद्ध करै ॥ ७१ ॥ तिकोना स्थंडिल करिकै गोबरसों लीपै फिरि दक्षिणाभिमुख हो तीन ॥ ६२ ॥

जीवते भये अपने पतिको सेवन करै और मरनेपै वाके साथ जाय ॥ ४७ ॥ भर्त्ताके मरनेपै जो नारी अग्निमें प्रवेश करै है वह अरुंधतीके समान होकै स्वर्गलोकमें आनंद करै है ॥ ४८॥ भर्त्तासेहू अधिक शोभायमान है रूप जाको ऐसी वह अप्सरानके गणनकारि स्तुति करीगई नारी जबलौं चौदह इंद्र रहैहैं तबलौं पतिके साथ विहार करै है॥ ४९ ॥ माताके पिताके और जहां वह ब्याही जाय इन तीनों

मृते भर्तरियानारीसमारोहेद्धुताशनम् ॥ साऽरुन्धतीसमाभूत्वास्वर्गलोकेमहीयते ॥ ४८ ॥ तत्रसाभर्तृ परमास्तूयमानाप्सरोगणैः ॥ रमतेपतिनासार्धंयावदिन्द्राश्चतुर्दश ॥ ४९ ॥ मातृकंपैतृकंचैवयत्रसाचप्र दीयते ॥ कुलत्रयंपुनात्यत्रभर्तारंयानुगच्छति ॥ ५० ॥ तिस्रः कोटयोर्द्धकोटीचयानिरोमाणिमानुषे ॥ ताव त्कालंवसेत्स्वर्गेपतिनासहमोदते ॥ ५१ ॥ विमानेसूर्यसंकाशेक्रीडतेरमणेनसा ॥ यावदादित्यचंद्रौचभर्तृलो केचिरंवसेत् ॥५२॥ पुनश्चिरायुः साभूत्वाजायतेविमलेकुले ॥ पतिव्रतातुयानारीतमेवलभतेपतिम् ॥ ५३ ॥

कुलनको भर्त्ताकेसाथ जानेवाली स्त्री पवित्र करै है ॥५०॥ साढे तीनि करोड जो रोम मनुष्यकी देहमें हैं उतने कालपर्यंत वह स्त्री स्वर्ग लोकमें पतिके साथ आनंद करैहै॥५१॥सूर्यकीसी है कांति जाकी ऐसे विमानमें पतिके साथ विहार करैहै और जबलौं सूर्य चंद्रमा प्रकाश करैं तबलौं भर्त्ताके लोकमें चिरकाल वास करै॥५२॥फिरि अधिक उमर पाकै निर्मल कुलमें उत्पन्न होय और पतिव्रता नारी वाही पतिको

परिक्रमा और नमस्कारको करि गंगाके मध्यमें डारिदेय ॥ ७८ ॥ दशदिनके भीतर जाके हड्डी गंगाके जलमें डूबै है वाकी ब्रह्मलोकतें कबहू पुनरावृत्ति कहिये फिर लौटनो नहीं होय है ॥७९॥ जितने वर्षनलौं मनुष्यकी हड्डी गंगाजलमें स्थित रहैहैं उतनेही हजार वर्षलौं स्वर्गलोकमें आनंद करै है ॥८०॥ गंगाजलकी लहरोंको छूकै पवन जब मृतकको छुवै है तौ वाको पाप शीघ्रही नाशको प्राप्त होय है ॥८१॥

अन्तर्दशाहंयस्यास्थिगंगातोयेनिमज्जति ॥ नतस्यपुनरावृत्तिर्ब्रह्मलोकात्कदाचन ॥७९॥ यावदस्थिमनुष्यं स्यगंगातोयेषुतिष्ठति ॥ तावद्वर्षसहस्राणिस्वर्गलोकेमहीयते ॥ ८० ॥ गंगाजलोर्मिसंस्पृश्यमृतकंपवनो यदा ॥ स्पृशतेपातकंतस्यसद्यएवविनश्यति ॥८१॥ आराध्यतपसोग्रेणगंगादेवींभगीरथः॥उद्धारार्थंपूर्वजा नामानयद्ब्रह्मलोकतः ॥ ८२ ॥ त्रिषुलोकेषुविख्यातं गंगायाः पावनंयशः ॥ यापुत्रान्सगरस्यैतान्भस्माख्यान नयद्दिवम्॥ ८३ ॥पूर्ववयसिपापानियेकृत्वामानवा मृताः ॥ गंगायामस्थिपतनात्स्वर्गलोकंप्रयान्तिते ॥८४॥

भगीरथ उग्रतपसों आराधन करि अपने पुरिखनके उद्धारके लिये गंगादेवीको ब्रह्मलोकतें लाये ॥८२॥ गंगाको पवित्र करनहारो यश तीनों लोकनमें प्रसिद्ध है जो गंगा भस्मही है नाम जिनको ऐसे ६० हजार सगरके पुत्रनको स्वर्गमें पहुँचावत भई ॥ ८३ ॥ जे मनुष्य

पहली अवस्थामें पापकरिकै मारिगये हैं वे गंगामें हड्डी गिरनेसों स्वर्गलोकको जांय है ॥ ८४ ॥ बडे वनमें सब प्राणीनको मारनहारो व्याध सिंह करि मारोगयो जबतांई नरकको जाय ॥ ८५ ॥ उतनेही कालमें वाकी हड्डी गंगामें गिरी तब वह दिव्य विमानपर चढकै देवमंदिरको गयो॥८६॥ गंगाही मुक्तिकी देनहारी है याही कारणतें हड्डीनको सत्पुत्र गंगामें आप डारै और अस्थिसंचयनके पीछे दश

कश्चिद्व्याधोमहारण्येसर्वप्राणिविहिंसकः ॥ सिंहेननिहतोयावत्प्रयातिनरकालये ॥ ८५ ॥ तावत्कालेनतस्या स्थिगंगायांपतितंतदा ॥ दिव्यंविमानमारुह्यसगतोदेवमान्दिरम् ॥ ८६ ॥ अतःस्वयंहिसत्पुत्रोगंगायामस्थि पातयेत् ॥ अस्थिसञ्चयनादूर्ध्वंदशगात्रंसमाचरेत् ॥ ८७ ॥ अथकश्चिद्विदेशेवावनेचोरभयेमृतः ॥ नलब्ध स्तस्यदेहश्चेच्छृणुयाद्यद्दिनेतदा ॥ ८८ ॥ दर्भपुत्तलकंकृत्वापूर्ववत्केवलंदहेत् ॥ तस्यभस्मसमादायगंगातो येविनिक्षिपेत् ॥८९॥ दशगात्रादिकंकर्मतद्दिनादेवकारयेत् ॥ स एवदिवसोग्राह्यःश्राद्धेसांवत्सरादिके ॥९०॥

गात्र करै ॥ ८७ ॥ कोई पुरुष विदेशमें वनमें अथवा चोरोंके भयसों मरिगयो होय और वाकी देह न मिलीहोय तौ जा दिन वाके मरनेको वृत्तांत सुन वाही दिन ॥ ८८ ॥ दर्भनको पुत्तला बनाय पहलेकी भाँति अकेलेहीको दाह करै वाकी भस्मको लेके गंगाके जलमें डारिदेय ॥ ८९ ॥ और वाही दिनतें दशगात्र विधान आदि करै और सांवत्सर श्राद्ध आदिमें वही दिन

लेनो चाहिये ॥९०॥ जो गर्भ पूरा होनेपै नारी मरजाय तौ पेटको चीरि बालकको निकारिकै भूमिमें गाडदेय और वाहीको दाह करै॥९१॥
गंगाके तीरमें जो बालक मरे ताको गंगाहीमें डारिदेय अन्यदेशमें सत्ताईस महीनेतकके बालकको भूमिमें गाडै ॥ ९२ ॥ या सत्ताईस मही
नेसों अधिक अवस्थाके बालकको दाह करै और वाकी हड्डी गंगामें पहुँचावै जलको घट और बालकनको भोजन देना चाहिये ॥ ९३॥

पूर्णेगर्भेमृतानारीविदार्यजठरंतदा ॥ बालंनिष्कास्यनिक्षिप्यभूमौतामेवदाहयेत् ॥ ९१ ॥ गंगातीरेमृतंबालं
गंगायामेवपातयेत् ॥ अन्यदेशेक्षिपेद्भूमौसप्तविंशतिमासजम् ॥ ९२ ॥ अतःपरंदहेत्तस्यगंगायामस्थिनिक्षि
पेत् ॥ जलकुम्भश्चदातव्यंबालानामेवभोजनम् ॥ ९३ ॥ गर्भेनष्टेक्रियानास्तिदुग्धंदेयंमृतेशिशौ ॥ घटंच
पायसंभोज्यंदद्याद्बालविपत्तिषु ॥९४॥ कुमारेचमृतेबालान्कुमारानेवभोजयेत् ॥ सबालान्भोजयेद्विप्रान्पौग
ण्डेसव्रतेमृते॥९५॥मृतश्चपंचमादूर्ध्वमव्रतःसव्रतोपिवा ॥ पायसेनगुडेनापिपिंडान्दद्याद्दशक्रमात् ॥ ९६ ॥

गर्भके नष्ट होनेपै क्रिया नहीं है और बालकके मरनेपै दूंध देनो चाहिये घट और भोजनको खीर बालकके मरनेमें देनी चाहिये ॥९४॥ ॥ ६
कुमारबालकके मरनेपे कुमारनकोहीं जिमावै और जो व्रतसमेत पौगंड मरे तौ बालक समेत ब्राह्मणको भोजन करावै ॥ ९५ ॥ पांचवें

दिशानमें तीनि पिंड देवै ॥७२॥ चिताकी भस्मको इकट्ठे कारि वहां त्रिपादुका कारिकै वहां खुलोभयो घट जल भारिकै स्थापित करै ॥७३॥
ता पीछे तंडुलनको पाक करि दही और घी करिकै युक्त विधिपूर्वक जलसमेत मीठी बली प्रेतके लिये देय ॥ ७४ ॥ और दश
पांच पैंड उत्तरदिशाको चल और वहां हे गरुड ! गढिल्ला खोदि हड्डीनके पात्रको स्थापित करै ॥ ७५ ॥ ताके ऊपर दाहकी पीडाके नाश

पुञ्जीकृत्यचिताभस्मतत्रधृत्वात्रिपादुकाम् ॥ स्थापयेत्तत्रसजलमनाच्छाद्यमुखंघटम् ॥ ७३ ॥ ततस्तण्डुल
पाकेनदधिघृतसमन्वितम् ॥ बलिंप्रेतायसजलंदद्यान्मिष्टंयथाविधि ॥ ७४ ॥ पदानिदशपञ्चैवचोत्तरस्यांदि
शिव्रजेत् ॥ गर्तविधायतत्रास्थिपात्रंसंस्थापयेत्खग ॥ ७५ ॥ तस्योपरिततोदद्यात्पिंडंदाहार्तिनाशकम् ॥ गर्ता
दुद्धृत्यतत्पात्रंनीत्वागच्छेज्जलाशयम् ॥७६ ॥ तत्रप्रक्षालयेद्दुग्धजलादस्थिपुनःपुनः ॥ चर्चयेच्चन्दनेनाथ कुङ्कु
मेनविशेषतः॥७७॥ धृत्वासम्पुटकेतानिकृत्वाचहृदिमस्तके॥ परिक्रम्यनमस्कृत्यगंगामध्येविनिक्षिपेत्॥७८॥

करनेहारे पिंडको देय गढिल्लेते वा पात्रको निकारि जलाशय जो नदी तालाव आदि हैं तिनपर जाय ॥ ७६ ॥ वहां दूध और जलसों वार
वार हड्डीनको धोवै फिर उनको चंदनसों चर्चै और विशेषकरि कुंकुमसों ॥ ७७ ॥ उनको संपुटमें धरिकै हृदय और मस्तकमें लगावै फिर

न तो दाह है और न उदकक्रिया है और सुत आदिकनकरिकै उनके दशगात्र आदि न करने चाहिये ॥ १०२ ॥ दंडके ग्रहणमात्रहीसों नर नारायणको रूप होजाय है और त्रिदंडके ग्रहणसों उनको प्रेतत्व नहीं होयहै ॥ १०३ ॥ ज्ञानी स्वरूपके अनुभवसों सदा मुक्त होय हैं याहीते वे दियेभये पिंडनकी चाहना नहीं राखैं हैं ॥ १०४ ॥ तातें उनके पिंडदान आदि और जलदान आदि न करैं किंतु पिताकी

दंडग्रहणमात्रेणनरोनारायणोभवेत् ॥ त्रिदंडग्रहणात्तेषांप्रेतत्वंनैवजायते ॥ १०३ ॥ ज्ञानिनस्तुसदामुक्ताःस्व रूपानुभवेनहि ॥ अतस्तेतुप्रदत्तानांपिंडानांनैवकांक्षिणः ॥ १०४ ॥ तस्मात्पिण्डादिकं तेषांनतुनोदकमाच रेत् ॥ तीर्थश्राद्धंगयाश्राद्धंपितृभक्त्यासमाचरेत् ॥ १०५ ॥ हंसंपरमहंसंचकुटीचकबहूदकौ ॥ एतान्संन्या सिनस्तार्क्ष्यपृथिव्यांस्थापयेन्मृतान् ॥ १०६ ॥ गङ्गादीनामभावेहिपृथिव्यांस्थापनंस्मृतम् ॥ यत्रसन्तिमहान द्यस्तदातास्वेवनिक्षिपेत् ॥ १०७ ॥ इतिश्रीगरुडपुराणेदाहास्थिसंचयकर्मनिरूपणोनामदशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

भक्तिसों तीर्थ श्राद्ध और गया श्राद्ध करै ॥ १०५ ॥ हंस परमहंस कुटीचक बहूदक इन संन्यासीनको हे गरुड ! मरनेपै भूमिमें स्था पित करै ॥ १०६ ॥ गंगा आदि नदियोंके न होनेपै पृथिवीमें स्थापन कहा है और जहां महानदी है वहां उन्हींमें प्रवाह करदेय ॥ १०७ ॥
इति श्रीमत्पण्डितपरमसुखतनयपण्डितकेशवप्रसादशर्म्मद्विवेदिकृतायां गरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायां दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

गरुड बोले, दशगात्रकी विधि कहो वाके करनेसों कहा सुकृत होय है और पुत्रके न होनेपै कौन करै, हे केशव ! यह मोते कहो ॥ १ ॥ श्रीभ गवान् बोले, हे गरुड ! सुनो मैं तुमसों दशगात्रकी विधि कहौंगो जाको करिकै सत्पुत्र पिताके ऋणते छूटि जाय है॥२॥पुत्र शोकको छोडि सतोगुणी धैर्यको धरिकै पिताके पिंड आदि करै आंसूनको न गिरावै ॥ ३ ॥ बांधवों करिकै त्याग कियोगयो श्लेष्माको आंसूको अवश

गरुडउवाच ॥ दशगात्रविधिंब्रूहिकृतेकिंसुकृतंभवेत् ॥ पुत्राभावेतुकःकुर्यादितिमेवदकेशव ॥ १ ॥ श्रीभगवा नुवाच ॥ शृणुतार्क्ष्यप्रवक्ष्यामिदशगात्रविधिंतव ॥ यद्विधायचसत्पुत्रोमुच्यतेपैतृकादृणात् ॥ २ ॥ पुत्रः शोकंपरित्यज्यधृतिमास्थायसात्त्विकीम् ॥ पितुःपिण्डादिकंकुर्यादश्रुपातंनकारयेत् ॥ ३ ॥ श्लेष्माश्रुबान्धवैर्मु क्तंप्रेतोभुंक्तेयतोऽवशः ॥ अतोनरोदितव्यंहितदाशोकान्निरर्थकात् ॥ ४ ॥ यदिवर्षसहस्राणिशोचतेहर्निशं नरः ॥ तथापिनैवनिधनंगतोदृश्येतकर्हिचित् ॥ ५ ॥ जातस्यहिध्रुवोमृत्युर्ध्रुवंजन्ममृतस्यच ॥ तस्मादप रिहार्येर्थेनशोकंकारयेद्बुधः ॥ ६ ॥

होके प्रेत खाय है यातें निरर्थक शोक होनेके कारण रोवनो न चाहिये॥४॥जो मनुष्य हजार वर्षलों रातिदिन शोच करै तौहू मरोभयो कबहू नहीं दिखाई देयगो ॥ ५ ॥ उत्पन्न भयेकी निश्चय मौत है और मरेभयेको निश्चय जन्म है तातें नहीं निवारण करने योग्य अर्थमें पंडित

शोकको न करै ॥६॥ दैवी अथवा मानुषी ऐसो कोई उपाय नहीं है जाते मरो भयो जीव फिरि यहां आवै ॥७॥ अवश्य होनेवाले भावनको जो कुछ उपाय होता तो नलराजा रामचंद्र और युधिष्ठिर दुःखकरि युक्त न होते ॥ ८ ॥ स्वप्नके शरीरहूसा काहूको काहूके साथ यह अत्यंत सहवास नहीं होय है और पृथक् जननको कहा कहनो है ॥ ९ ॥ जैसे कोई बटोही छायाको सहारा लेकै विश्राम करै है और

नहिकश्चिदुपायोस्तिदैवोवामानुषोपिवा ॥ योहिमृत्युवशंप्राप्तोजन्तुःपुनरिहाव्रजेत् ॥७॥ अवश्यंभाविभावा
नांप्रतीकारोभवेद्यदि ॥ तदादुःखैर्नयुज्येरन्नलरामयुधिष्ठिराः ॥ ८ ॥ नायमत्यन्तसंवासःकस्यचित्केनचि
त्सह ॥ अपिस्वेनशरीरेणकिमुतान्यैः पृथग्जनैः ॥ ९ ॥ यथाहिपथिकः कश्चिच्छायामाश्रित्यविश्रमेत् ॥
विश्रम्यचपुनर्गच्छेत्तद्वद्भूतसमागमः ॥ १० ॥ यत्प्रातः संस्कृतंभोज्यंसायंतच्चविनश्यति ॥ तदन्नरससं
पुष्टेकायेकानामनित्यता ॥ ११ ॥

विश्राम लेकै फिरि चलदेय है ऐसेही प्राणिनको समागम है ॥ १० ॥ प्रातःकाल जो भोजनयोग्य वस्तु बनाई जाय है और सायंकालमें नष्ट होजायहै वा अन्नके रससों पालेभये शरीरमें कौनसी नित्यता है अर्थात् और कोई नहीं ॥ ११ ॥

वर्षके उपरांत यज्ञोपवीत समेत अथवा विना यज्ञोपवीतके मरे तो वाको खीरसों वा गुडसों क्रमसों दश पिंड देय ॥ ९६ ॥ एकादशाह और द्वादशाह करै और वृषोत्सर्गविधि न करै और महादान जे शय्यादान आदि हैं तिनके विना पौगंड अवस्थामें करै ॥ ९७ ॥ पिताके जीवते भये पौगंड अवस्थावालेको सपिंडन नहीं होयहै यातें वाको बारह दिनलों एकोदिष्ट श्राद्ध करै ॥ ९८ ॥ स्त्री और शूद्रनको यज्ञोपवी

एकादशंद्वादशंचवृषोत्सर्गविधिंविना ॥ महादानविहीनंचपौगण्डेकृत्यमाचरेत् ॥ ९७ ॥ जीवमानेचपित
रिनपौगंडेसपिंडनम् ॥ अतस्तस्य द्वादशाहन्येकोदिष्टंसमाचरेत् ॥ ९८ ॥ स्त्रीशूद्राणांविवाहस्तुव्रतस्थाने
प्रकीर्तितः ॥ व्रतात्प्राक्सर्ववर्णानांवयस्तुल्याक्रियाभवेत् ॥ ९९ ॥ स्वल्पात्कर्मप्रसंगाच्चस्वल्पाद्विषयबंध
नात् ॥ स्वल्पेवयसि देहेचक्रियांस्वल्पामपीच्छति ॥ १०० ॥ किशोरेतरुणेकुर्याच्छय्यावृषमखादिकम् ॥
पददानंमहादानंगोदानमपिदापयेत् ॥ १०१ ॥ यतीनांचैवसर्वेषांनदाहोनोदकक्रिया ॥ दशगात्रादिकंतेषां
नकर्तव्यंसुतादिभिः ॥ १०२ ॥

तके स्थानमें विवाह कहागया है व्रत जो यज्ञोपवीत है तातें पहले अवस्थाके तुल्य क्रिया होय है ॥ ९९ ॥ स्वल्प कहिये थोडे कर्मके प्रसंगते और स्वल्पही विषयके बंधनसे और स्वल्पही अवस्थामें और देहकेहू स्वल्प होनेपै क्रिया कीहू स्वल्पही इच्छा करै है ॥ १०० ॥ किशोर अवस्थामें तथा तरुण अवस्थामें शय्या और वृषोत्सर्ग आदि करै पददान महादान और गोदानहू करावै ॥१०१॥ सब यतीनको

करै ॥ १७ ॥ कोई स्त्री कोई पुरुष जो इष्टकी क्रिया करै तौ वह अनाथ प्रेतके संस्कारसों कोटि यज्ञके फलको प्राप्त होय ॥ १८ ॥ हे गरुड ! पुत्रकरि पिताके दशगात्र आदि करने चाहिये ज्येष्ठपुत्रके मरनेपै अतिस्नेहसों पिता न करै ॥ १९ ॥ जो बहुतसे पुत्र होय तौ विधि एक पुत्र करै अर्थात् दशगात्र सपिंडी तथा और सोलह श्राद्ध इन सबनको एकही करै ॥ २० ॥ धनके

स्त्रीवाथपुरुषः कश्चिदिष्टस्यकुरुतेक्रियाम् ॥ अनाथप्रेतसंस्कारात्कोटियज्ञफलंलभेत् ॥ १८ ॥ पितुःपुत्रेणकर्तव्यं दशगात्रादिकंखग ॥ मृतेज्येष्ठेप्यतिस्नेहान्नकुर्वीतपितासुते ॥ १९ ॥ बहवोपियदापुत्राविधिमेकःसमाचरेत् ॥ दशगात्रंसपिंडत्वंश्राद्धान्यन्यानिषोडश ॥ २० ॥ एकेनैवतुकार्याणिअविभक्तधनेष्वपि ॥ विभक्तैस्तुपृथक्कार्यं श्राद्धंसांवत्सरादिकम् ॥ २१ ॥ तस्माज्ज्येष्ठःसुतोभक्त्यादशगात्रंसमाचरेत् ॥ एकभोजीभूमिशायीभूत्वाब्रह्मपरःशुचिः ॥ २२ ॥ सप्तवारंपरिक्रम्यधरणींयत्फलंलभेत् ॥ क्रियांकृत्वापितुर्मातुस्तत्फलंलभतेसुतः ॥ २३ ॥

विभाग न होजानेपर एकहीको करने चाहिये और जिनमें विभाग होगयो है उनको संवत्सर श्राद्ध आदि पृथक् करने चाहिये ॥ २१ ॥ तातें ज्येष्ठपुत्र भक्तिसों दशगात्र करै इन गात्रनके करनेमें एकवार भोजन करै भूमिमें सोवे और सदा शुद्ध तथा ब्रह्मके ध्यानमें तत्पर रहे ॥ २२ ॥ सातवार पृथवीकी परिक्रमा करनेसों जा फलको प्राप्त होय है वा फलको माता पिताकी क्रियाको करिकै पुत्र प्राप्त होय

है ॥ २३ ॥ दशगात्रनको आरंभ करि जबलौं बरसी होय तबलौं पुत्र क्रियाको करतो भयो गया श्राद्धके फलको प्राप्त होय है ॥ २४ ॥ कुएँमें तालाबमें अथवा बगीचेमें तीर्थमें और देवालयमें जायकै मध्यम पहरमें विना मंत्र स्नान करै ॥ २५ ॥ शुद्ध हो वृक्षके मूलमें दक्षिणाभिमुख स्थित होय वहां वेदिको बनावै और गोबरसों लीपै ॥ २६ ॥ वामें पत्तेपर कुशके विश्वामित्रको स्थापित करै वसुनकी पाद्य

आरभ्य दशगात्रंचयावद्वैवार्षिकंभवेत् ॥ तावत्पुत्रःक्रियांकुर्वन्गयाश्राद्धफलंलभेत् ॥ २४ ॥ कूपेतडागेवारामेतीर्थेदेवालयेपिवा ॥ गत्वामध्यमयामेतुस्नानंकुर्यादमन्त्रकम् ॥ २५ ॥ शुचिर्भूत्वावृक्षमूलेदक्षिणाभिमुखःस्थितः ॥ कुर्याच्चवेदिकांतत्रगोमयेनोपलिप्यताम् ॥ २६ ॥ तस्यांपर्णेदर्भमयंस्थापयेत्कौशिकंद्विजम् ॥ तपाद्यादिभिरभ्यर्च्यप्रणमेदतसीतिच ॥ २७ ॥ तदग्रेचततोदत्त्वापिण्डार्थंकौशमासनम् ॥ तस्योपरिततःपिंडं नामगोत्रोपकल्पितम् ॥ २८ ॥ दद्यात्तण्डुलपाकेनयवपिष्टेनवासुतः ॥ उशीरंचन्दनंभृंगराजपुष्पंनिवेदयेत् ॥ धूपंदीपंचनैवेद्यंमुखवासंचदक्षिणाम् ॥ २९ ॥

आदिसों पूजाकरि 'अतसीपुष्पसंकाशम्' इत्यादि मंत्रको पढके प्रणाम करै ॥ २७ ॥ तापीछे उनके आगे पिंडको लिये कुशको आसन डारै ताके ऊपर नाम गोत्रको उच्चारण करि पिंडको धरै ॥ २८ ॥ चावलोंके पाकसों अथवा जवके चूनसों पुत्र वा पिंडको बनावै

तापीछे उशीर चंदन और भांगरेको फूल वाके ऊपर चढावै फिरि धूप नैवेद्य मुखवास और दक्षिणा वाके आगे धरै ॥२९॥ दूध और पानीके पात्रमें काकके लिये अन्न धरै और वर्द्धमान जलकी अंजली देय और कहे कि "अमुकनाम्नेप्रेतायमदत्तम् उपतिष्ठतु" अर्थात अमुकनाम प्रेतके लिये मेरो दियोभयो प्राप्त हो ॥ ३० ॥ अन्न वस्त्र और जल अथवा अन्य वस्तु जो प्रेत शब्दसों दीजाय है वा मृतकको आनंद फल देनहारो होय है ॥ ३१ ॥ तातें आदिके दिनसों लगाके सपिंडी विधानतें पहले स्त्रीको और पुरुषको प्रेत

काकान्नंपयसोःपात्रेवर्धमानजलांजलीन् ॥ प्रेतायामुकनाम्नेचमद्दत्तमुपतिष्ठतु ॥ ३० ॥ अन्नंवस्त्रंजलंद्रव्य मन्यद्वादीयतेचयत् ॥ प्रेतशब्देनयद्दत्तंमृतस्यानन्त्यदायकम् ॥३१॥ तस्मादादिदिनादूर्ध्वं प्राक्सपिंडीविधानतः ॥योषितः पुरुषस्यापिप्रेतशब्दंसमुच्चरेत्॥३२॥प्रथमेहनियत्पिण्डोदीयतेविधिपूर्वकम् ॥ तेनैवविधिनान्नेननवपिण्डान्प्रदापयेत् ॥३३॥ नवमेदिवसेचैवसपिण्डैःसकलैर्जनैः॥ तैलाभ्यङ्गःप्रकर्तव्योमृतकस्वर्गकाम्यया॥३४॥बहिःस्नात्वागृहीत्वाचदूर्वालाजसमन्विताः ॥अग्रतःप्रमदांकृत्वासमागच्छेन्मृतालयम् ॥३५॥

शब्दको उच्चारण करै ॥ ३२ ॥ पहले दिन पिंड विधिपूर्वक दियोजाय वाही विधिसों अन्नकारि नव पिंडनको देय ॥ ३३ ॥ नवम दिन सब सपिंडलोग मृतकके स्वर्गकी कामना करकै तैलाभ्यंग करैं अर्थात् सब तेल लगावैं ॥ ३४ ॥ बाहर न्हायकै खीलन समेत दूधको ले आगे स्त्रीको कारिकै मृतकके घरमें जाय ॥ ३५ ॥

विचारको या दुःखकी औषध चिन्तवन कारिकै अज्ञानतें उत्पन्न भये शोकको छोडिकै पुत्र क्रिया करै ॥१२॥ पुत्रके न होनेपै वधू करै वाकेहू न होनेपै सगा भाई करै अथवा ब्राह्मणकी क्रिया शिष्य करै अथवा सपिण्ड करै ॥ १३॥ हे गरुड ! मनुष्यके पुत्रहीन होनेपै जेठे भाई अथवा छोटे भाईके पुत्र पौत्र दशगात्र आदि करै ॥ १४ ॥ एक पितातें उत्पन्न भये भाईनमें जो एक पुत्रवान् होय तो वाही

भैषज्यमेतद्दुःखस्यविचारंपरिचिन्त्यच ॥ अज्ञानप्रभवंशोकंत्यक्त्वाकुर्यात्क्रियांसुतः ॥ १२॥ पुत्राभावेवधूः कुर्याद्भार्याभावेचसोदरः ॥ शिष्योवाब्राह्मणस्यैवसपिंडोवासमाचरेत् ॥ १३ ॥ ज्येष्ठस्यवाकनिष्ठस्यभ्रातुः पुत्रैश्चपौत्रकैः ॥ दशगात्रादिकं कार्यंपुत्रहीनेनरेखग ॥१४॥ भ्रातृणामेकजातानामेकश्चेत्पुत्रवान्भवेत् ॥ सर्वे तेतेनपुत्रेणपुत्रिणोमनुरब्रवीत्॥१५॥पत्न्यश्चबह्व्यएकस्यचैकापुत्रवतीभवेत्॥ सर्वास्ताःपुत्रवत्यःस्युस्तेनैके नसुतेनहि ॥१६॥ सर्वेषांपुत्रहीनानांमित्रं पिण्डंप्रदापयेत् ॥ क्रियालोपोनकर्तव्यःसर्वाभावेपुरोहितः ॥१७॥

पुत्रसों सब पुत्रवाले हैं यह मनुने कहा है ॥ १५ ॥ एकके जो बहुतसी पत्नी होयँ और उनमेंसों एकके पुत्र होय तो वा एक पुत्रसों सब पुत्रवती होयँ हैं ॥ १६ ॥ सब पुत्रहीननको मित्र पिण्डदान करै क्रियाको लोप न करनो चाहिये मित्रहू न होय तो पुरोहित पिण्डदान

प्रेतको मुक्ति देनहारे होऊ ॥ ४१ ॥ या प्रार्थनाके मंत्रको श्राद्धके अंतमें प्रतिदिन पढै न्हायके घरमें जायके और गोग्रास देकै आप
भोजन करै ॥ ४२ ॥ इति श्रीमत्पंडितपरमसुखतनयपंडितकेशवप्रसादशर्म्माद्विवेदिकृतायां गरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायामेकादशो
ऽध्यायः ॥ ११ ॥ गरुड बोले ॥ हे सुरेश्वर ! एकादश दिनकीहू विधि कहो हे जगदीश्वर ! वृषोत्सर्ग विधानहूको मोते कहो ॥ १ ॥

इतिसंप्रार्थनामन्त्रंश्राद्धान्तेप्रत्यहंपठेत् ॥ स्नात्वागत्वागृहेदत्त्वागोग्रासंभोजनंचरेत् ॥ ४२ ॥ इति श्रीगरुड
पुराणेसारोद्धारेदशगात्रविधिनिरूपणंनामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥ गरुडउवाच ॥ एकादशदिनस्यापि
विधिंब्रूहिसुरेश्वर ॥ वृषोत्सर्गविधानंचवदमेजगदीश्वर ॥ १ ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ एकादशेऽह्निगन्तव्यंप्रा
तरेवजलाशये ॥ और्ध्वदेहिक्रियासर्वाकरणीयाप्रयत्नतः ॥ २ ॥ निमन्त्रयेद्ब्राह्मणांश्चवेदशास्त्रपरायणान् ॥
प्रार्थयेत्प्रेतमुक्तिंचनमस्कृत्यकृताञ्जलिः ॥ ३ ॥ स्नानसंध्यादिकंकृत्वाह्याचार्योऽपिशुचिर्भवेत् ॥ विधानंवि
धिवत्कुर्यादेकादशदिनोचितम् ॥ ४ ॥

श्रीभगवान् बोले ग्यारहवें दिन प्रातःकालही जलाशयपर जानो चाहिये और सब और्ध्वदेहिक प्रयत्नसों करनो चाहिये ॥ २ ॥ और वेद
शास्त्रमें परायण ब्राह्मणको निमंत्रण करै हाथ जोरि नमस्कार करिकै प्रेतकी मुक्तिकी चाहना ॥ ३ ॥ स्नान संध्या आदि करिकै आचार्यहू

शुद्ध होय और एकादश दिनका जो विधान है ताको विधिवत् करै ॥ ४ ॥ और विना मंत्रके नामगोत्रको उच्चारण करि दशदिन श्राद्ध करै
और ग्यारहवें दिन प्रेतको पिंडदान करै ॥५॥ सुवर्णकी विष्णुकी मूर्ति बनावै और ब्रह्माकी रूपेकी बनावै और रुद्रकी मूर्ति तांबेकी
बनावै और हे गरुड ! यमकी मूर्ति लोहेकी बनावै ॥ ६ ॥ पश्चिमादिशामें गंगाजलसमेत विष्णुको कलश धरै ताके ऊपर पीले कपडेमें

अमन्त्रंकारयेच्छ्राद्धंदशाहंनामगोत्रतः ॥ एकादशेऽह्निप्रेतस्यदद्यात्पिण्डंसमन्त्रकम् ॥५॥ सौवर्णकारयेद्विष्णुं
ब्रह्माणंरौप्यकंतथा ॥ रुद्रस्ताम्रमयः कार्योयमोलोहमयः खग ॥६॥ पश्चिमेविष्णुकलशंगंगोदकसमन्वितम् ॥
तस्योपरिन्यसेद्विष्णुंपीतवस्त्रेणवेष्टितम् ॥७॥ पूर्वेतुब्रह्मकलशंक्षीरोदकसमन्वितम् ॥ ब्रह्माणंस्थापयेत्तत्रश्वे
तवस्त्रेणवेष्टितम् ॥ ८ ॥ उत्तरस्यांरुद्रकुम्भंपूरितंमधुसर्पिषा ॥ श्रीरुद्रंस्थापयेत्तत्ररक्तवस्त्रेणवेष्टितम् ॥ ९ ॥
दक्षिणस्यांयमघटमिन्द्रोदकसमन्वितम् ॥ कृष्णवस्त्रेणसंवेष्ट्यतस्योपरियमंन्यसेत् ॥ १० ॥

लपेटिकै विष्णुमूर्ति स्थापित करै ॥७॥ और पूर्वदिशामें दूध और जलसमेत ब्रह्माको कलश धरै वापै सफेद कपरा लपेटि ब्रह्माकी मूर्ति
स्थापित करै ॥८॥ और उत्तरमें सहत और घीसों भरेभये रुद्रक कलशको धरै ताके ऊपर लालवस्त्रसों लपेटि श्रीरुद्रको स्थापित
करै॥९॥और दक्षिणदिशामें इंद्रके जलसे भरेभये यमके घटको धरै ताके ऊपर काले कपरासों लपेटि यमकी मूर्ति स्थापित करै॥१०॥

और मध्यमें मंडल करिकै पुत्र कौशिकको स्थापित करै और दक्षिणाभिमुख होकै अपसव्यसों तर्पण करै ॥ ११ ॥ विष्णु ब्रह्मा शिव और धर्म इनको वेदके मंत्रसों तर्पण करै और होमकरिकै पीछे दशघट आदि श्राद्ध करै ॥ १२ ॥ फिरि पितरनके तारनेको गोदान दे हे माधव ! मोकरिकै दिईभई यह गौ तुम्हारी प्रसन्नताके लिये होय ॥१३॥ और वा मृतकके भोगे भये जे वस्त्र भूषण तथा वाहन होंय

मध्येतुमण्डलंकृत्वास्थापयेत्कौशिकंसुतः ॥ दक्षिणाभिमुखोभूत्वाऽपसव्येनचतर्पयेत् ॥ ११ ॥ विष्णुंविधिं
शिवंधर्मंवेदमन्त्रैश्चतर्पयेत् ॥ होमंकृत्वाचरेत्पश्चाच्छ्राद्धंदशघटादिकम् ॥ १२ ॥ गोदानंचततोदद्यात्पितॄणां
तारणायवै ॥ गौरेषाहिमयादत्ताप्रीतयेतेऽस्तुमाधव ॥ १३ ॥ उपभुक्तंतुतस्यासीद्वस्त्रभूषणवाहनम् ॥ घृतपूर्णं
कांस्यपात्रंसप्तधान्यंतदीप्सितम् ॥ १४ ॥ तिलाद्यष्टमहादानमन्तकालेनचेत्कृतम् ॥ शय्यासमीपंधृत्वैतद्दा
नंतस्याः प्रदापयेत् ॥ १५ ॥ प्रक्षाल्यविप्रचरणौपूजयेदम्बरादिभिः ॥ सिद्धान्नंतस्यदातव्यंमोदकापूपकाःपयः १६

उनको और घीसों भरोभयो कांसेको पात्र और सतनजा तथा वाकी प्यारी वस्तु ॥ १४ ॥ और तिल आदि आठ महादान और जो अंतकालमें कियोगयो होय इन सबको श य्याके समीप धरिकै दान करै ॥ १५ ॥ ब्राह्मणके चरण धोयक वस्त्र आदिसों पूजन करै और

दूबके समान तेरे कुलकी वृद्धि होय और खीलनके समान तेरे विकास होय ऐसे कहिकै वाके घरमें दूबसमेत खीलैं डारि देय ॥ ३६ ॥ हे गरुड ! दशमें दिन मांसके पिंड देय वा मांसको कलियुगमें निषेध है तौ उरदके देवै कारण यह है कि कलियुगमें पितरनको मांसके पिंड नहीं दिये जायहैं ॥ ३७ ॥ दशवें दिन सब बांधव मुंडन करावें और क्रिया करनहारो पुत्रकोहू फिरि मुंडन करावै ॥ ३८ ॥ दश दिनलों एक

दूर्वावत्कुलवृद्धिस्तेलाजाइवविकासता ॥ एवमुक्त्वात्यजेद्गेहेलाजान्दूर्वासमन्वितान् ॥ ३६ ॥ दशमेहानिमांसेन
पिंडंदद्यात्खगेश्वर ॥ माषेणतंनिषेधाद्वाकलौनपलपैतृकम् ॥ ३७ ॥ दशमेदिवसेक्षौरंबान्धवानांचमुण्डनम् ॥
क्रियाकर्तुःसुतस्यापिपुनर्मुण्डनमाचरेत् ॥ ३८ ॥ मिष्टान्नैर्भोजयेदेकंदिनेषुदशसुद्विजम् ॥ प्रार्थयेत्प्रेतमुक्तिं
चहरिंध्यात्वाकृताञ्जलिः ॥ ३९ ॥ अतसीपुष्पसङ्काशंपीतवाससमच्युतम् ॥ येनमस्यन्तिगोविन्दंनतेषांविद्य
तेभयम् ॥ ४० ॥ अनादिनिधनोदेवःशंखचक्रगदाधरः ॥ अक्षय्यःपुण्डरीकाक्षःप्रेतमोक्षप्रदोभव ॥ ४१ ॥

ब्राह्मणको मिष्टान्न भोजन करावै और हाथ जोरि हरिको ध्यान करि प्रेतके मुक्ति प्रार्थना करै ॥ ३९ ॥ अलसीके फूलके समान है कांति जिनकी और पीले जिनके वस्त्र और अच्युत कहिये अविनाशी जो विष्णु भगवान् गोविंद है तिनको जे नमस्कार करै हैं तिनको भय नहीं है ॥ ४० ॥ नहीं हैं आदि और अंत जिनको और शंख चक्र तथा गदाको धारण कियेभये ऐसे अक्षय्य पुण्डरीकाक्ष देव विष्णु तुम

वर्ण और सींग तथा खुर जाके लाल और पेट सफेद पीठ काली ऐसो वृष ब्राह्मणको कहो है ॥ २२ ॥ अच्छा चिकना लालरंगका क्षत्रियके लिये कहो है और पीले रंगका वैश्यको और शूद्रको काला कहा है ॥ २३ ॥ जाको सब अंग तो पिंगवर्ण होय और पूंछ तथा पांय सफेद होंय वाको पिंगवृष कहैं हैं वह पितरनकी प्रीतिको बढावनहारो है ॥ २४ ॥ जा बैलके पाँव मुख और पूँछ

सुस्निग्धवर्णोयोरक्तः क्षत्रियस्यविधीयते॥ पीतवर्णश्चवैश्यस्यकृष्णः शूद्रस्यशस्यते॥२३॥यस्तुसर्वाङ्गपिंगः स्याच्छ्वेतःपुच्छेपदेषुच ॥ सपिंगो वृष इत्याहुः पितॄणांप्रीतिवर्द्धनः॥२४॥चरणास्तुमुखंपुच्छंयस्यश्वेतानि गोपतेः॥ लाक्षारससवर्णोयःसनीलइतिकीर्तितः ॥ २५ ॥ लोहितोयस्तुवर्णेनमुखेपुच्छेचपाण्डुरः ॥ पिंगः खुरविषाणाभ्यांरक्तनीलोनिगद्यते ॥ २६ ॥ सर्वांगेष्वेकवर्णोयःपिंगःपुच्छेखुरेषुयः ॥ तन्नीलपिंगमित्याहुः पूर्वजोद्धारकारकम् ॥ २७ ॥

सफेद होय और लाखके रसके समान देहको रंग होय ताको नील कहे हैं ॥ २५ ॥ जो रङ्गमें लाल होय और जाके मुख तथा पूँछ पांडुवर्ण होय और खुर तथा सींग पिंगलवर्ण होय वाको रक्तनील कहै हैं ॥ २६ ॥ सब अंगमें जो एक रंग

होय और खुर तथा पूँछमें पिंगवर्ण होय वाको नीलपिंग कहैं हैं वह पुरुषोंको उद्धार करनहारो है ॥ २७ ॥ जाको कबूतरकोसो रंग होय और माथेमें जाके तिलक होय वाको बभ्रुनील कहै हैं, वह पूर्ण है और सब अंगनसों शोभन है ॥ २८ ॥ जाको सब शरीर नीला होय और दोनों आँखैं लाल होंय वाको महानील कहै है, नील पांच भांतिको होय है ॥ २९ ॥ अवश्यही छोडने योग्य होय है वह

पारावतसवर्णस्तुललाटेतिलकान्वितः ॥ तंबभ्रुनीलमित्याहुः पूर्णसर्वांगशोभनम् ॥ २८ ॥ नीलः सर्वशरीरेषु रक्तश्चनयनद्वये ॥ तमप्याहुर्महानीलंनीलःपञ्चविधःस्मृतः ॥ २९ ॥ अवश्यमेवमोक्तव्योनसधार्योगृहे भवेत् ॥ तदर्थमेषाचरतिलोकेगाथापुरातनी ॥३०॥ एष्टव्याबहवः पुत्रायद्येकोपिगयांव्रजेत् ॥ गौरींविवाहये त्कन्यांनीलंवावृषमुत्सृजेत् ॥ ३१ ॥ सएवपुत्रोमन्तव्योवृषोत्सर्गंतुयश्चरेत् ॥ गयायांश्राद्धदाताचयोऽन्यो विष्ठासमः किल ॥ ३२ ॥

घरमें राखन योग्य नहीं होय है ताके लिये पुरानी गाथा लोकमें प्रचलित होरही है ॥ ३० ॥ बहुतसे पुत्रकी इच्छा करने योग्य है इस लिये कि, उनमेंसों एकहू गयाको जाय गौरी कन्याको व्याहै अथवा नील बैलको छोडे ॥ ३१ ॥ वही पुत्र मानने योग्य है जो वृषोत्सर्ग

करैं और जो गयाके श्राद्ध करैं वह पुत्र है अन्य विष्ठाके समान है ॥ ३२ ॥ जे कोई जाके पुरखे रौरवादि नरकनमें पचाये जांय हैं उन सबनको वृषोत्सर्ग करिकै इक्कीस पीढीनको तारदे ॥ ३३ ॥ स्वर्गमें गये भयेहू पितर निश्चय वृषोत्सर्गकी इच्छा करे हैं कि, हमारे वंशमें कोई पुरुष वृषोत्सर्ग करैगो॥ ३४॥ वाके उत्सर्गसों हम सब परमगतिको प्राप्त होयँगे सब यज्ञमें वृषयज्ञ हमको निश्चय मुक्ति

रौरवादिषुयेकेचित्पच्यन्तेयस्यपूर्वजाः॥ वृषोत्सर्गेणतान्सर्वांस्तारयेदेकविंशतिम् ॥ ३३॥ वृषोत्सर्गंकिलेच्छन्तिपितरः स्वर्गताअपि॥ अस्मद्वंशेसुतःकोपिवृषोत्सर्गंकरिष्यति॥ ३४॥ तदुत्सर्गाद्वयंसर्वेयास्यामः परमांगतिम् ॥ सर्वयज्ञेषुचास्माकंवृषयज्ञोहि मुक्तिदः॥ ३५॥ तस्मात्पितृविमुक्त्यर्थंवृषयज्ञंसमाचरेत् ॥ यथोक्तेनविधानेनकुर्यात्सर्वंप्रयत्नतः ॥ ३६ ॥ ग्रहाणांस्थापनंकृत्वातत्तन्मन्त्रैश्चपूजनम् ॥ होमंकुर्याद्यथाशास्त्रंपूजयेद्वृषमातुरः ॥ ३७ ॥ वत्सवत्सींसमानाय्यबध्नीयात्कङ्कणंतयोः॥ वैवाह्येनविधानेनस्तम्भमारोपयेत्तदा ॥ ३८ ॥

देनहारो है ॥ ३५॥ तातें पितरनकी मुक्तिके लिये वृषयज्ञको करै यथोक्त विधानसों सब यत्नपूर्वक करै ॥ ३६॥ ग्रहनको स्थापन करिके उनके मंत्रनसों पूजन करै और शास्त्रके अनुसार होम करै और आतुर वृषको पूजन करै ॥ ३७॥ बछरा और बछियाको लायकै उन दोनोंके

लड्डू पुआ आदि सिद्ध अन्न तथा दूध वाको देनो चाहिये ॥ १६॥ वा समय पुत्र शय्याके ऊपर सुवर्णके पुरुषको स्थापित करै वाको पूजन कारक कहेके अनुसार मृतशय्या देनी चाहिये ॥ १७ ॥ हे विप्र! प्रेतकी प्रतिमा करि युक्त और संपूर्ण सामग्री समेत यह प्रेतशय्या मैंने तुमसों कही ॥ १८ ॥ या प्रकार कुटुंबी आचार्यके लिये देनी चाहिये ता पीछे प्रदक्षिणा करिकै नमस्कार करि विसर्जन करै ॥ १९॥

स्थापयेत्पुरुषंहैमंशय्योपरितदासुतः ॥ पूजयित्वाप्रदातव्यामृतशय्यायथोदिता ॥ १७ ॥ प्रेतस्यप्रतिमायुक्तासर्वोपकरणैर्वृता॥ प्रेतशय्यामयाह्येषातुभ्यंविप्रनिवेदिता॥ १८॥ इत्याचार्यायदातव्याब्राह्मणायकुटुम्बिने॥ ततः प्रदक्षिणीकृत्यप्रणिपत्यविसर्जयेत् ॥ १९ ॥ एवंशय्याप्रदानेन श्राद्धेननवकादिना ॥ वृषोत्सर्गविधानेन प्रेतोयातिपरांगतिम् ॥ २० ॥ एकादशेह्निविधिनावृषोत्सर्गंसमाचरेत्॥ हीनाङ्गंरोगिणंबालंत्यक्त्वाकुर्यात्सलक्षणम्॥ २१॥ रक्ताक्षः पिङ्गलोयस्तुरक्तः शृंगेगलेखुरे ॥ श्वेतोदरः कृष्णपृष्ठोब्राह्मणस्यविधीयते ॥ २२ ॥

या प्रकार शय्याके देनेसों और नवकादि श्राद्धसों और वृषोत्सर्गके विधानसों प्रेत परमगतिको प्राप्त होय है ॥ २० ॥ ग्यारहवें दिन विधिसों वृषोत्सर्ग करै हीन अंगवालेको रोगीको बच्चोंको छोडकै सलक्षण अर्थात् चिह्नसमेत करै ॥ २१ ॥ लाल जाकी आंखें और पिंगल

सूर्यचंद्रके ग्रहणमें पवित्र तीर्थमें दोनों अयननमें और दोनों विषुवत्में वृषोत्सर्ग करे ॥ ४५ ॥ शुभलग्नमें तथा शुभमुहूर्तमें शुद्ध देशमें सावधान हो विधिके जाननेवाले शुभलक्षण ब्राह्मणको बुलाय ॥ ४६ ॥ जप होम तथा दाननसों देहको शोधन करे और पह

ग्रहणद्वितयेचैव पुण्यतीर्थेऽयनद्वये ॥ विषुवद्वितये चापिवृषोत्सर्गंसमाचरेत् ॥ ४५ ॥ शुभलग्नेमुहूर्तेचशुचौ देशेसमाहितः ॥ ब्राह्मणंतुसमाहूयविधिज्ञंशुभलक्षणम् ॥४६॥ जपैर्होमैस्तथादानैःप्रकुर्याद्देहशोधनम् ॥ पूर्ववत्सकलंकृत्यंकुर्याद्धोमादिलक्षणम् ॥४७॥ शालग्रामंचसंस्थाप्यवैष्णवंश्राद्धमाचरेत् ॥ आत्मश्राद्धंततः कुर्याद्द्याद्दानंद्विजन्मने ॥ ४८ ॥ एवं यः कुरुते पक्षिन्नपुत्रश्चापिपुत्रवान् ॥ सर्वकामफलंतस्यवृषोत्सर्गात्प्रजायते ॥ ४९ ॥ अग्निहोत्रादिभिर्यज्ञैर्दानैश्चविविधैरपि ॥ नतांगतिमवाप्नोतिवृषोत्सर्गेणयांलभेत् ॥ ५० ॥

ले[illegible]भाँति होमादिलक्षण सब विधिको करे ॥४७॥ शालग्रामको स्थापित करि वैष्णव श्राद्ध करै ता पीछे अपनो श्राद्ध करै और ब्राह्मणके लिये दान देय ॥४८॥ हे पक्षिन् ! पुत्रवान् तथा अपुत्र जो या प्रकार करे है वाको वृषोत्सर्गते सब कामनाके फल मिलै हैं ॥४९॥ अग्निहोत्र आदि यज्ञनकरिकै और नानाप्रकारके दानन करिकै वा गतिको नहीं पावे है जाको वृषोत्सर्गते प्राप्त होयहै ॥ ५० ॥

बालक अवस्थामें कुमार अवस्थामें और पौगंड अवस्थामें यौवनमें तथा बुढापेमें कियोभयो जो पाप वह वृषोत्सर्गते दूरि होजाय है यामें संदेह नहीं है मित्रको द्रोही कृतघ्न जो किये भये उपकारको न माने और सुवर्ण चुरावनहारो ये सब वृषोत्सर्गते मुक्त हो जाय है ॥५१॥५२॥ तातें सब यत्ननसों करे हे गरुड ! तीनों लोकनमें वृषोत्सर्गके समान पुण्य नहीं है ॥५३॥ पतिपुत्रवाली स्त्री जो दोनोंते पहिले मरिजाय तो

बाल्येकौमारेपौगण्डेयौवनेवार्धकेकृतम् ॥ यत्पापंतद्विनश्येतवृषोत्सर्गान्नसंशयः ॥५१॥ मित्रद्रोहीकृतघ्नश्चसुरापोगुरुतल्पगः ॥ ब्रह्महाहेमहारीचवृषोत्सर्गात्प्रमुच्यते ॥ ५२ ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेनवृषयज्ञंसमाचरेत् ॥ वृषोत्सर्गसमंपुण्यंनास्तितार्क्ष्यजगत्त्रये ॥ ५३ ॥ पतिपुत्रवतीनारीद्वयोरग्रेमृतायदि ॥ वृषोत्सर्गंनैवकुर्याद्द्याद्गांचपयस्विनीम् ॥५४॥ वृषभंवाहयेद्यस्तुस्कन्धेपृष्ठेचखेचर॥ सपतेन्नरकेघोरेयावदाभूतसंप्लवम् ॥५५॥ वृषभंताडयेद्यस्तुनिर्दयोमुष्टियष्टिभिः ॥ सनरःकल्पपर्यन्तंभुनक्तियमयातनाम् ॥ ५६ ॥

वह वृषोत्सर्ग न करे किंतु दूध देती भई गौको दान करे ॥५४॥ हे गरुड ! जो बैलको कंधेमें जोतै है और जो पीठिपर लादे है वह महाप्रलयपर्यंत घोरनरकमें पडो रहे है ॥ ५५ ॥ जो निर्दयी घूँसनसों अथवा लाठीनसों मारेहै वह मनुष्य कल्पपर्यन्त यमकी यातनानको भोगे

है ॥ ५६ ॥ या प्रकार वृषोत्सर्ग करिकै सोलह श्राद्ध करैं सपिंडीकरणसों पहले सो मैं तुमसों कहौ हौं ॥ ५७ ॥ स्थानमें द्वारपर आधे मार्गमें चितापर मृतकके हाथपर अस्थिके संचयमें छठो और दशदिनके दश पिंड देवै ॥ ५८ ॥ मैंने जो तुमसो यह षोडश प्रथम कहो सो मलिन है औरहू दूसरो षोडश मध्यमें तुमसों कहौ हौं ॥ ५९ ॥ पहलो विष्णुके निमित्त देय और दूसरो श्रीशिवके निमित्त और तीसरो

एवंकृत्वावृषोत्सर्गंकुर्याच्छ्राद्धानिषोडश ॥ सपिण्डीकरणादर्वाक्तदहंकथयामिते ॥५७॥ स्थानेद्वारेर्धमार्गेच चितायांशवहस्तके ॥ अस्थिसंचयनेषष्ठोदशपिण्डादशाह्निकाः ॥ ५८ ॥ मलिनंषोडशंचैतत्प्रथमंपरिकीर्तितम् ॥ अन्यच्चषोडशंमध्येद्वितीयंकथयामिते ॥ ५९ ॥ प्रथमंविष्णवेदद्याद्द्वितीयंश्रीशिवायच ॥ याम्यायपरिवारायतृतीयं पिण्डमुत्सृजेत् ॥ ६० ॥ चतुर्थंसोमराजायहव्यवाहायपञ्चमम् ॥ कव्यवाहायषष्ठंचदद्यात्कालायसप्तमम् ॥ ६१ ॥ रुद्रायचाष्टमंदद्यान्नवमंपुरुषायच ॥ प्रेतायदशमंचैवैकादशंविष्णवेततः ॥ ६२ ॥

परिवार समेत यमके लिये पिंडदान करे ॥ ६० ॥ चौथो सोमराजके लिये और पंचम हव्यवाहके लिये छठा कव्यवाहके लिये और साँतवा कालके निमित्त पिंडदान करे ॥६१॥ रुद्रके लिये आठवां पिंडदान करे और नववाँ पुरुषके प्रेतके लिये दशवाँ और ग्यारहवां ॥ ७४ ॥

लायकै उन दोनोंके कंकण बांधे ओर विवाहके विधानसों तब खंभ गाडे ॥ ३८ ॥ वृषको और बछियाको रुद्रकुंभके जलसों स्नान करावै फिरि गंध ओर मालासों पूजन करि प्रदक्षिणा करावे ॥ ३९ ॥ दाहिनी ओर त्रिशूल और बांई ओर चक्र लगावे वाको छोडिके हाथ जो[illegible] पुत्र यह मंत्र पढै ॥ ४० ॥ तू धर्म है पहले ब्रह्माकरि बैलके रूपमें बनायो गयो है तेरे उत्सर्ग प्रदान करि भवरूपी समुद्रते तार ॥४१॥

स्नापयेच्चवृषंवत्सींरुद्रकुम्भोदकेनच ॥ गन्धमाल्यैश्चसंपूज्यकारयेच्चप्रदक्षिणाम् ॥ ३९ ॥ त्रिशूलंदक्षिणेपार्श्वेवामेचक्रंप्रदापयेत् ॥ तंविमुच्याञ्जलिंबद्ध्वापठन्मन्त्रमिमंसुतः ॥ ४० ॥ धर्मस्त्वंवृषरूपेणब्रह्मणानिर्मितःपुरा ॥ तवोत्सर्गप्रदानेनतारयस्व भवार्णवात् ॥४१॥ इतिमन्त्रान्नमस्कृत्यवत्संवत्सींसमुत्सृजेत् ॥ वरदोहंसदातस्यप्रेतमोक्षंददामिच ॥४२॥ तस्मादेषप्रकर्त्तव्यस्तत्फलंजीवतोभवेत् ॥ अपुत्रस्तुस्वयंकृत्वासुखंयातिपरांगतिम् ॥४३॥ कार्त्तिकादौशुभेमासेचोत्तरायणगेरवौ ॥ शुक्लपक्षेऽथवा कृष्णे द्वादश्यादितिथौतथा ॥४४॥

या मंत्रसों नमस्कार करि बछरा और बछियाको छोडदे मैं सदा वाको वर देनहारो हौं प्रेतके मोक्षको देउहौं ॥ ४२ ॥ तातें यह करनो चाहिये कि जीवते भयेहू वाको फल होय है पुत्ररहित पुरुष आपही या विधिको करिकै सुखपूर्वक परमगतिको प्राप्त होय है ॥ ४३ ॥ कार्तिक आदि शुभ महीनेमें सूर्यके उत्तरायण होनेपै शुक्लपक्षमें अथवा कृष्णपक्षमें तथा द्वादशी आदि तिथिमें ॥ ४४ ॥

दियो और परदत्त कहिये दूसरेको दियो नहीं प्राप्त होय है ॥६९॥ तातें पुत्रकरि विधिसों षोडशत्रय करनो चाहिये और भर्ताको जो पत्नी करै तौ वाको अनन्त कल्याण होय ॥७०॥ जो स्त्री मरे भये पतिको और्ध्वदेहिक कर्म करै है अर्थात् क्षयाह और पाक्षिक श्राद्ध वह मुझकरिके सती कही जाती है ॥७१॥ वह पतिव्रता जो जीवै है वह भर्ताके उपकारके लिये जीवै है वाको जीवनो सफल है जो मरे

तस्मात्पुत्रेणकर्तव्यंविधिनाषोडशत्रयम् ॥ भर्तुर्वाकुरुतेपत्नीतस्याः श्रेयोह्यनन्तकम् ॥७०॥ संपरेतस्ययापत्युः कुरुतेचौर्ध्वदेहिकम् ॥ क्षयाहंपाक्षिकश्राद्धंसासतीत्युच्यतेमया ॥७१॥ उपकारायसाभर्तुर्जीवत्येषापतिव्रता ॥ जीवितंसफलंतस्यायामृतंस्वामिनंभजेत् ॥७२॥ अथकश्चित्प्रमादेनम्रियतेवह्निवारिभिः ॥ संस्कारप्रमुखंकर्म सर्वंकुर्याद्यथाविधि ॥ ७३ ॥ प्रमादादिच्छयावापिनागाद्वाम्रियतेयदि ॥ पक्षयोरुभयोर्नागंपञ्चमीषुप्रपूज येत् ॥७४॥ कुर्यात्पिष्टमयींलेख्यांनागभोगाकृतिंभुवि ॥ अर्चयेत्तांसितैः पुष्पैःसुगन्धैश्चन्दनेनच ॥ ७५ ॥

भये स्वामीको भजती है ॥७२॥ और जो कोई प्रमादसों आगि वा जलसों मरिजाय ताको संस्कार आदि सब कर्म विधिपूर्वक करै ॥ ७३ ॥ प्रमादसों इच्छा करिकै अथवा साँपसे जो मनुष्य मरे तो दोनों पक्षनमें ५ तिथिमें नागको पूजन करै ॥ ७४ ॥ पृथिवीमें सर्पके शरीरकी आकृति चूनकी बनावै ताको सफेद फूलनसों और सुगंधी तथा चंदनसों पूजै ॥ ७५ ॥ ॥ ७५ ॥

धूप दीप दे और तंदुलनको और तिलनको डारै कच्चा पिसो भयो नैवेद्य और दूध निवेदन करै ॥ ७६ ॥ शक्तिके अनुसार सुवर्णको नाग और गौ ब्राह्मणको दान करै ता पीछे हाथ जोरिके नागराज प्रसन्न होउ ऐसे कहै ॥ ७७ ॥ फिर उनकी नारायणबलिकी क्रिया करिकै स्वर्गवासको पावै है और सब पापनतें छूटि जायहै ॥ ७८ ॥ या प्रकार सब क्रिया करके अन्न तथा जल समेत घट वर्षपर्यंत

प्रदद्याद्धूपदीपौचतण्डुलांश्चतिलान्क्षिपेत् ॥ आमपिष्टंचनैवेद्यंक्षीरंचविनिवेदयेत् ॥ ७६ ॥ सौवर्णशक्तितोना गंगांचदद्याद्द्विजन्मने ॥ कृतांजलिस्ततोब्रूयात्प्रीयतांनागराडिति ॥ ७७ ॥ पुनस्तेषांप्रकुर्वीतनारायणब लिक्रियाम् ॥ तयालभन्तेस्वर्वासंमुच्यन्तेसर्वपातकैः ॥ ७८ ॥ एवंसर्वक्रियांकृत्वाघटंसान्नंजलान्वितम् ॥ दद्यादाब्दंयथासंख्यान्पिण्डान्वासजलान्क्रमात् ॥ ७९ ॥ एवमेकादशेकृत्वाकुर्यात्सापिंडनंततः ॥ शय्या पदानांदानंचकारयेत्सूतके गते ॥ ८० ॥ इति श्रीगरुडपुराणेसारोद्धारे द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

दान करै अथवा अर्घ्य समेत क्रमसों पिंड देय ॥७९॥ ऐसे एकादशवें दिन करके ता पीछे सपिंडन करै और सूतकके जानेपै शय्या तथा पदनको दान करै ॥ ८० ॥ इति श्रीगरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायां द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

गरुड बोले, सपिंडनकी विधि कहो और मृतकको निर्णय कहो और शय्या तथा पदनकी सामग्रीको और हे प्रभो ! उनकी महिमाको कहो ॥ १ ॥ श्रीभगवान् बोले, हे गरुड ! सुनो सापिण्डय आदि संपूर्ण क्रिया मैं तुमसों कहौंहौं जा क्रियासों प्राणी प्रेतको नाम छोडिकैं पितृगणमें प्रवेश करैहै ॥ २ ॥ जिनको पिण्ड पितामह शिव आदिकनमें नहीं मिलो है उनको पुत्रकारिके दिये भये

गरुडउवाच ॥ सपिण्डनविधिंब्रूहिसूतकस्यचनिर्णयम् ॥ शय्यापदानांसामग्रींतेषांचमहिमांप्रभो ॥ १ ॥
श्रीभगवानुवाच ॥ शृणुतार्क्ष्यंप्रवक्ष्यामिसापिंडयाद्याखिलांक्रियाम् ॥ प्रेतनामपरित्यज्ययथापितृगणे
विशेत् ॥ २ ॥ नपिण्डोमिलितोयेषांपितामहाशिवादिषु ॥ नोपतिष्ठन्तिदानानिपुत्रैर्दत्तान्यनेकधा ॥ ३ ॥
अशुद्धःस्यात्सदा पुत्रोनशुध्यतिकदाचन ॥ सूतकंननिवर्तेतसपिण्डीकरणंविना ॥ ४ ॥ तस्मात्पुत्रेणकर्त
व्यंसूतकान्तेसपिण्डनम् ॥ सूतकान् तेप्रवक्ष्यामिसर्वेषांचयथोचितम् ॥ ५ ॥

नानाप्रकारके दान नहीं मिलै हैं ॥ ३ ॥ पुत्र सदा अशुद्ध रहै है कदाचन शुद्ध नहीं होयहै कारण यह है कि सपिंडी करनेके विना सूतक नहीं जायहै ॥ ४॥ तातें पुत्रको सूतकके अंतमें सपिण्डन करनो चाहिये और सबको यथोचित सूतक मैं तुमसों कहौंहैं ॥५॥ ॥ ७६ ॥

विष्णुके निमित्त दान करै ॥ ६२ ॥ बारहवां ब्रह्माके निमित्त और तेरहवां विष्णुके लिये चौदहवां शिवके लिये और पंद्रहवां यमके लिये पिंडदान करै ॥ ६३ ॥ हे गरुड ! सोलहवां पिंड वा पुरुषके लिये दान करै तत्त्वके जाननेहारे पुरुष याको मध्यषोडशक कहै हैं ॥ ६४ ॥ बारहौं महीनेमें पाक्षिक त्रैपक्षिक और न्यून षाण्मासिक पिंड तथा न्यूनाब्दिक पिंडको दान करै ॥ ६५ ॥ यह उत्तम षोडश मैंने तुमसों

द्वादशंब्रह्मणेदद्याद्विष्णवेचत्रयोदशम् ॥ चतुर्दशंशिवायैवयमायदशपञ्चकम् ॥ ६३ ॥ दद्यात्तत्पुरुषायैवपि
ण्डंषोडशकंखग ॥ मध्यंषोडशकंप्राहुरेतत्तत्त्वविदोजनाः ॥ ६४ ॥ द्वादशप्रतिमासेषुपाक्षिकंचत्रिपाक्षिकम्॥
न्यूनषाण्मासिकंपिण्डंदद्यान्न्यूनाब्दिकंतथा ॥ ६५ ॥ उत्तमंषोडशंचैतन्मयातेपरिकीर्तितम् ॥ श्रपयित्वा
चरुंतार्क्ष्यं कुर्यादेकादशाहनि ॥ ६६ ॥ चत्वारिंशत्तथैवाष्टौश्राद्धंप्रेतत्वनाशनम् ॥ यस्यजातंविधानेनसभवे
त्पितृपंक्तिभाक् ॥ ६७ ॥ पितृपंक्तिप्रवेशार्थंकारयेत्षोडशत्रयम् ॥ एतच्छ्राद्धविहीनश्चेत्प्रेतोभवतिसुस्थि
रम् ॥ ६८ ॥ यावन्नदीयतेश्राद्धंषोडशत्रयसंज्ञकम् ॥ स्वदत्तंपरदत्तंचतावन्नैवोपतिष्ठते ॥ ६९ ॥

कहो हे गरुड ! खीरको पक्क करि ग्यारहवें दिन करै ॥६६॥ चालीस और आठ कहिये ४८ श्राद्ध प्रेतपनके नाश करनहारे जाके ये विधिपूर्वक होय है वह पितरनकी पंक्तिमें गिनो जायहै ॥ ६७ ॥ पितरनकी पंक्तिमें प्रवेश करनेके लिये षोडशत्रय करावे वा श्राद्धकारिके जो हीन है वह सुस्थिर प्रेत होय है ॥ ६८ ॥ षोडशत्रय है संज्ञा जाकी ऐसो श्राद्ध जबलौं नहीं दिये जाय है तबलौं स्वदत्त कहिये अपनो

पहले तीनि रात्रिको सूतक जानिये और वर्षके बीतिजानेपर स्नानमात्रतें शुद्ध होय है ॥ ११ ॥ मृतकके सूतकके पहले दो भाग बीति जानेपर जो दूसरो सूतक होय तौ पहल सूतकके साथ शुद्धि कही है ॥ १२ ॥ बालकनके दांत उत्पन्न होनेसो पहले सद्यःशौच अर्थात् स्नानमात्रहीसो शुद्धि होयहै और मुंडनपर्यंत एक रात्रि कहीहै और यज्ञोपवीत पर्यंत तीनिरात्रि यांते परे दशरात्रिमें शुद्धि होय है ॥ १३ ॥

आद्यभागद्वयंयावन्मृतकस्यचसूतके ॥ द्वितीयेपतितेचाद्यात्सूतकाच्छुद्धिरिष्यते॥ १२॥ आदन्तजननात्सद्यआचौलान्नैशिकीस्मृता॥त्रिरात्रमाव्रतादेशाद्दशरात्रमतःपरम् ॥ १३॥ आजन्मतस्तुचौलान्तंयत्रकन्याविपद्यते ॥सद्यःशौचंभवेत्तत्रसर्ववर्णेषुनित्यशः ॥१४॥ ततोवाग्दानपर्यन्तंयावदेकाहमेवहि ॥ अतःपरंप्रवृद्धानां त्रिरात्रमितिनिश्चयः ॥१५॥ वाक्प्रदानेकृतेत्वत्रज्ञेयंचोभयतस्त्र्यहम्॥ पितुर्वरस्यचततोदत्तानांभर्तुरेवहि॥ १६॥

जन्मसों लगाके मुंडनपर्यंत जो कन्या मरजाय तो सब वर्णनमें सदा सद्यःशौच अर्थात् स्नानमात्रसों शुद्धि होय है ॥ १४ ॥ ता पीछे वाग्दानपर्यंत अथात् सगाईलौं एकही दिनको सूतक होयहै यातेपरे बढीभई कन्याको तीनिरात्रिको सूतक होय है यह निश्चय है॥ १५॥ और वाग्दान करनेपर तौ दोनों ओर तीनि दिनको जानिये अर्थात् तीनि दिनको पिताके कुलमें और तीनि दिनको वरके कुलमें सूतक जानिये और जो व्याहीभई हैं उनको सूतक भर्ताहीके कुलमें होयहै पिताकेमें नहीं होयहै ॥१६॥ छः महीनेके भीतर जो गभस्राव होय तौ उनकी महीननके बराबर दिननमें शुद्धि कहीहै अर्थात् जितने महीनेको गर्भ होय उतनेही दिननमें शुद्धि होयहै ॥ १७ ॥ यातें उपरांत अपनी जातिमें कहो भयो आशौच उन मातानमें विद्यमान है और गर्भके पतन होनेपै सपिंडनको सद्यःशौच कहोहै ॥ १८॥

षण्मासाभ्यन्तरेयावद्गर्भस्रावोभवेद्यदि ॥ तदामाससमैस्तासांदिवसैःशुद्धिरिष्यते ॥ १७॥ अतऊर्ध्वस्वजात्युक्तमाशौचंतासुविद्यते ॥ सद्यःशौचंसपिण्डानांगर्भस्यपतनेसति ॥ १८॥ सर्वेषामेववर्णानांसूतकेमृतकेपिवा ॥ दशाहाच्छुद्धिरित्येषकलौ शास्त्रस्यनिश्चयः ॥१९॥ आशीर्वादंदेवपूजांप्रत्युत्थानाभिवन्दनम् ॥ पर्यंकेशयनं स्पर्शनकुर्यान्मृतसूतके ॥२०॥ संध्यांदानंजपंहोमंस्वाध्यायंपितृतर्पणम् ॥ ब्रह्मभोज्यंव्रतंनैवकर्तव्यंमृतसूतके ॥२१॥ नित्यनैमित्तिकंकाम्यंसूतकेयः समाचरेत् ॥ तस्यपूर्वकृतंनित्यादिकंकर्मविनश्यति ॥ २२ ॥

सब वर्णनके सूतकमें और मृतकमें दशदिननमें शुद्धि होय है कलियुगमें यह शास्त्रको निश्चय है ॥ १९ ॥ आशीर्वाद देवतानकी पूजा प्रत्युत्थान अभिवंदन शय्यापर सोवना और स्पर्श न सबनको मृतक सूतकमें न करे ॥ २० ॥ संध्या दान जप होम वेदका पढना पितरोंका तर्पण, ब्राह्मणभोजन और व्रत इन सबको मृतसूतकमें न करे ॥ २१ ॥ जो सूतकमें नित्यनैमित्तक और काम्य जो काहू

वस्तुकी कामनासों कियो गयो होय इन सबनको जो सूतकमें करैहै वाको पहले कियो भयो नित्य आदि सब कर्म नाशको प्राप्त होय है ॥२२॥ व्रतीको और जो मँत्रसों पवित्र है ताको अग्निहोत्री और ब्रह्मनिष्ठ गृहस्थको और यतीको तथा राजाको सूतक नहीं लगैहै॥२३॥ विवाह उत्सव और यज्ञमें मृतसूतक होनेपै वाको पहले कियोभयो अन्न खानो चाहिये यह मनुने कहाहै ॥२४॥ सूतकको न जानकर

व्रतिनोमन्त्रपूतस्यसाग्निकस्यद्विजस्यच॥ब्रह्मनिष्ठस्ययतिनोनहिराज्ञांचसूतकम्॥२३॥विवाहोत्सवयज्ञेषुजाते चमृतसूतके॥तस्यपूर्वकृतंचान्नंभोज्यंतन्मनुरब्रवीत्॥२४॥सूतकेयस्तुगृह्णातितदज्ञानान्नदोषभाक् ॥ दाता दोषमवाप्नोतियाचकायददन्नपि ॥ २५॥ प्रच्छाद्यसूतकंयस्तुददात्यन्नंद्विजायच ॥ ज्ञात्वागृह्णन्तियेविप्रादोषभाजस्तुतेऽपि ॥ २६ ॥ तस्मात्सूतकशुद्ध्यर्थपितुःकुर्यात्सपिण्डनम् ॥ ततः पितृगणैःसार्द्धंपितृलोकंसगच्छति ॥ २७॥ द्वादशाहेत्रिपक्षेवाषण्मासेवत्सरेपिवा ॥ सपिंडीकरणंप्रोक्तंमुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥२८॥

जो सूतकमें ग्रहण करैहै वह दोषभागी नहीं होय और याचकको देतो भयोहू दाता दोषको प्राप्त होय है ॥२५॥ जो सूतकको छिपायकै ब्राह्मणको अन्न देय है और जे ब्राह्मण जानिकै लेय हैं वेभी दोषभागी हैं॥२६॥तातें सूतककी शुद्धिके लिये पिताको सपिंडन करे तापीछे पितृगणनके साथ पितृलोकको जाय है॥२७॥बारहेंवें दिन वा तीनि पाखमें छः महीनेमें अथवा वर्षमें तत्त्वके देखनहारे मुनीश्वरनने सपिंडी ॥ ७८ ॥

ब्राह्मण तो दश दिनकरिकै और क्षत्रिय बारह दिनकरिकै वैश्य पंद्रह दिनकरिकै और शूद्र एक महीने करिकै शुद्ध होय है ॥ ६ ॥ दश दिन करिकै सपिंड प्रेतके सूतकमें शुद्ध होय हैं और कुलके लोग तीनि रात्रिमें शुद्ध होय हैं और गोत्रके स्नानकरिकै शुद्ध होयहैं ॥ ७ ॥ चौथी पीढीमें दशरात्रिलों सूतक रहैहै और पांचवीं पीढीमें छः रात्री और छठी पीढीमें चार दिन और सातवींमें तीनि दिन सूतक रहै है ॥ ८ ॥

ब्राह्मणस्तुदशाहेनक्षत्रियोद्वादशेहनि ॥ वैश्यः पंचदशाहेनशूद्रो मासेनशुध्यति॥ ६ ॥ दशाहेनसपिण्डास्तुशुध्यन्तिप्रेतसूतके ॥ त्रिरात्रेणसकुल्यास्तुस्नात्वाशुद्ध्यन्तिगोत्रजाः ॥ ७॥ चतुर्थेदशरात्रंस्यात्षण्निशाः पुंसि पञ्चमे ॥ षष्ठेचतुरहःप्रोक्तंसप्तमेचदिनत्रयम् ॥ ८ ॥ अष्टमेदिनमेकंतुनवमेप्रहरद्वयम् ॥ दशमेस्नानमात्रंहि मृतकंजन्मसूतकम् ॥ ९ ॥ देशान्तरगतः कश्चिच्छृणुयाद्यो ह्यनिर्दशम् ॥ यच्छेषंदशरात्रस्यतावदेवाशुचिर्भवेत् ॥ १० ॥ अतिक्रान्तेदशाहेतुत्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ॥ संवत्सरे व्यतीतेतुस्नानमात्राद्विशुध्यति ॥ ११ ॥

आठवींमें एक दिन नववींमें दो पहर और दशवींमें स्नान करनेहीसों मृतकसूतक और जन्मसूतक जायँ हैं ॥ ९ ॥ परदेश गयो भयो कोई जो दशदिनके भीतर सुने तो दश रात्रिमें जो बाकी दिन रहैं उतनाही सूतक जानिये ॥ १० ॥ दश दिनके बीति जानेपै वर्षसों

जो फल सब तीर्थनमें होय है और जो फल सब यज्ञमें वा फलको बारहवें दिन सपिंडन करनेसों प्राप्त होय है॥३४॥यातें स्नान करिकै मृतकस्थानमें गोबरसों लीपै और शास्त्रमें कहेभये विधानसों पुत्र सपिंडी करावै ॥ ३५ ॥ पाद्य अर्घ्य आचमन आदिसों विश्वेदेवानको पूजन करै और कुत्सित पितृको विकिरपिंड देकै फिरि जलसों आचमन करै ॥३६॥ वसुरुद्रादित्य स्वरूप पितामह आदिकनको

यत्फलंसर्वतीर्थेषु सर्वयज्ञेषुयत्फलम् ॥ तत्फलंसमवाप्नोतिद्वादशाहेसपिण्डनात् ॥ ३४ ॥ अतःस्नात्वामृतस्थानेगोमयेनोपलेपिते ॥ शास्त्रोक्तेनविधानेनसपिण्डींकारयेत्सुतः ॥३५॥ पाद्यार्घ्याचमनीयाद्यैर्विश्वेदेवांश्च पूजयेत् ॥ कुपित्रेविकिरंदत्त्वापुनश्चापउपस्पृशेत् ॥ ३६ ॥ दद्यात्पितामहादीनांत्रीन्पिंडांश्चयथाक्रमम् ॥ वसुरुद्रार्करूपाणांचतुर्थंमृतकस्यच॥३७॥ चन्दनैस्तुलसीपत्रैर्धूपैर्दीपैःसुभोजनैः ॥ मुखवासैःसुवस्त्रैश्चदक्षिणाभिश्चपूजयेत्॥३८॥प्रेतपिण्डंत्रिधाकृत्वासुवर्णस्यशलाकया ॥ पितामहादिपिण्डेषुमेलयेत्तंपृथक्पृथक ॥३९॥

यथाक्रम तीनि पिंड देय और चौथा मृतकको देय ॥ ३७ ॥ चंदन तुलसीपत्र धूप दीप उत्तम भोजन मुखवास इलायची आदि उत्तम वस्त्र और दक्षिणासों पूजन करै ॥३८॥ सोनेकी शलाकासों प्रेतके पिण्डके तीनि भाग करके पितामह आदिके पिंडनमें वाको पृथक्

पृथक् मिलावै ॥ ३९ ॥ पितामहीके समान माताको और पितामहके समान पिताको सपिंडीकरण करै है । हे गरुड ! मेरो मत यह है ॥४०॥ पिताके मरनेपै पितामह विद्यमान होय तौ वा कारिकै प्रपितामहको पहले देकै तीनि पिंड देने चाहिये ॥ ४१॥ पिताके पिंडके तीनि भाग करिक उनमें क्रमसों मिलाय दे माताके पहले मरजानेपै पितामही विद्यमान होय तौ॥४२॥मातृकश्राद्धमेंहू पिताके पिंडकीसी

पितामह्यासमंमातुः पितामहसमंपितुः ॥ सपिण्डीकरणंकुर्यादिति तार्क्ष्यमतंमम ॥४०॥ मृतेपितरियस्याथ विद्यतेचपितामहः॥तेनदेयास्त्रयः पिण्डाः प्रपितामहपूर्वकाः ॥४१॥ तेभ्यश्चपैतृकंपिण्डंमेलयेत्तंत्रिधाकृतम्॥ मातर्यग्रेप्रशांतायांविद्यतेचपितामही॥४२॥तदामातृकश्राद्धेपिकुर्यात्पैतृकवद्विधिम्॥यद्वामयिमहालक्ष्म्यां तयोः पिंडंचमेलयेत्॥४३॥अपुत्रायाः स्त्रियाः कुर्यात्पतिः सापिंडनादिकम्॥श्वश्र्वादिभिःसहैवास्याःसपिंडीकरणंभवेत्॥४४॥भर्त्रादिभिस्त्रिभिःकार्यंसपिण्डीकरणंस्त्रियाः॥नैतन्ममंमतंतार्क्ष्यपत्यासापिण्ड्यमर्हति ॥४५॥

विधि करै अर्थात् पितामही आदिके तीनि पिंड देकै उनके साथ माताके पिंडके तीनि भाग करिकै उनमें क्रमसों मिलावै पक्षांतर कहते हैं॥ अथवा उन माता पिताके पितामहरूप जो मैं हों तामें पिताको और पितामहीरूप जे लक्ष्मी है तिनमें माताको पिंड मिलावै ॥ ४३ ॥ पुत्ररहित स्त्रीको सपिंडन आदि पति करै सास आदिके साथमें याको सपिंडन होय है ॥४४॥ स्त्रीको सपिंडीकरण भर्त्ता आदि तीनिके

साथ करनो चाहिये हे गरुड ! यह मेरो मत नहीं है वह पतिके साथ सपिंडताके योग्य नहीं है ॥ ४५ ॥ हे गरुड ! जो स्त्रीपुरुष दोनों एक चितापर चढे होय तो श्वशुर आदिकनके तृण बीचमें करके वह सतीको सपिंडन करै ॥ ४६ ॥ पहले एकही पिताको पिंड आदि करे ताके पीछे सतीको करे ता पीछे स्नान करे ॥ ४७ ॥ जो सती दश दिनके भीतर अग्निमें प्रवेश करे वाको भर्त्ताके दिनही शय्यादान और सपिण्डन

एकांचितां समारूढौदम्पतीयदिकाश्यप ॥ तृणमन्तरतः कृत्वाश्वशुरादेस्तदाचरेत् ॥ ४६ ॥ एकएवसुतःकुर्यादादौपिण्डादिकंपितुः ॥ तदूर्ध्वंचप्रकुर्वीतसत्याः स्नानंपुनश्चरेत् ॥ ४७ ॥ हुवाशंयासमारूढादशाहाभ्यन्तरे सती ॥ तस्याभर्तुर्दिनेकार्यंशय्यादानंसपिण्डनम् ॥ ४८ ॥ कृत्वासपिंडनंतार्क्ष्यंप्रकुर्यात्पितृतर्पणम् ॥ उदाहरेत्स्वधाकारंवेदमन्त्रैः समन्वितम् ॥ ४९ ॥ अतिथिंभोजयेत्पश्चाद्धन्तकारंचसर्वदा ॥ तेनतृप्यन्तिपितरोमुनयोदेवदानवाः ॥ ५० ॥ ग्रासमात्राभवेद्भिक्षाचतुर्ग्रासंतुपुष्कलम् ॥ पुष्कलानिचचत्वारिहन्तकारोविधीयते ॥ ५१ ॥

करनो चाहिये ॥ ४८ ॥ हे गरुड! सपिंडन और पितरोंका तर्पण करे और वेदके मंत्रनके साथ स्वधाकारको उच्चारण करैं ॥ ४९ ॥ पीछे अतिथिको भोजन कराके और हंतकार जो बलिवैश्वदेव है ताको सदा करे तासों पितर मुनि देवता और दानव सब तृप्त होयहैं ॥ ५० ॥ एकग्रास मात्र ॥ ८० ॥

करण कहोहै ॥ २८ ॥ हे गरुड ! मैंने धर्मशास्त्रके अनुसार चारों वर्णनको बारहवें दिन सपिंडन कहो है ॥ २९ ॥ कलिधर्मनकी अनित्यतासों और पुरुषनकी आयुके कम होनेसों और शरीरके स्थिर न होनेसों बारह दिन करनो ठीक है ॥ ३० ॥ व्रतबंध कहिये यज्ञोपवीत और उत्सव यज्ञ आदिकनके और आदिशब्दसों होली आदिकोहू और व्रत और उद्यापन और विवाह आदि गृहमेधी जो वृद्ध है ताके मरनेपे

मयातुप्रोच्यतेतार्क्ष्यशास्त्रधर्मानुसारतः । चतुर्णामेववर्णानांद्वादशाहेसपिण्डनम् ॥ २९ ॥ अनित्यात्कलिधर्माणांपुंसांचैवायुषःक्षयात् ॥ अस्थिरत्वाच्छरीरस्यद्वादशाहेप्रशस्यते ॥ ३० ॥ व्रतबन्धोत्सवादीनिव्रतस्योद्यापनानिच ॥ विवाहादिभवेन्नैवमृतेचगृहमेधिनि ॥ ३१ ॥ भिक्षुर्भिक्षांनगृह्णाति हन्तकारोनगृह्यते ॥ नित्यंनैमित्तिकंलुप्येद्यावत्पिंडोनमेलितः ॥ ३२ ॥ कर्मलोपात्प्रत्यवायीभवेत्तस्मात्सपिंडनम् ॥ निरग्निकः साग्निकोवा द्वादशाहेसमाचरेत् ॥ ३३ ॥

नहीं होय है ॥ ३१ ॥ संन्यासी भिक्षाको नहीं लेय है और हंतकार कहिये वैश्वदेवके न करनहारे मनुष्य न पंचसूनाको दूरि करनहारे अन्नको विभाग नहीं ग्रहण कियो जाय है जबलों पिंड नहीं मिलायो जाय है तबलों नित्य और नैमित्तिक सब लुप्त हो जांय हैं ॥ ३२ ॥ और कर्मके लोपसे प्रत्यवायी होय है तातें सपिंडन करनो चाहिये चाहे निरग्निक होय और चाहे साग्निक होय बारहवें दिन सपिंडन करे ॥ ३३ ॥

योग्य हैं अर्थात् ब्राह्मण जलको क्षत्रिय आयुधको वैश्य प्रतोदको और शूद्र दंडको छुवै तब शुद्ध होय हैं ॥ ५७ ॥ या
प्रकार सपिंडनकरिकै क्रियाके वस्त्रनको त्याग करै और शुक्ल वस्त्र धारण करिकै शय्या दान करै ॥ ५८ ॥ इन्द्रसमेत सब देवता
शय्यादानकी प्रशंसा करै हैं तासों मरनेपै अथवा जीवते शय्या दान करनी योग्य है ॥ ५९ ॥ पुष्ट काष्ठकी बनी भई मनोहर

एवं सपिंडनंकृत्वाक्रियावस्त्राणिसंत्यजेत् ॥ शुक्लाम्बरधरोभूत्वाशय्यादानंप्रदापयेत् ॥ ५८ ॥ शय्यादानंप्रशं
सन्तिसर्वेदेवाः सवासवाः ॥ तस्माच्छय्याप्रदातव्यामरणेजीवितेपिवा ॥ ५९ ॥ सारदारुमयींरम्यां सुचित्रै
श्चित्रितांदृढाम् ॥ पट्टसूत्रैर्वितानितांहेमपत्रैरलंकृताम् ॥ ६० ॥ हंसतूलीप्रतिच्छन्नांशुभशीर्षोपधानिकाम् ॥
प्रच्छादनपटीयुक्तांपुष्पगन्धैःसुवासिताम् ॥ ६१ ॥ दिव्यबन्धैः सुबद्धांचसुविशालांसुखप्रदाम् ॥ शय्यामे
वंविधांकृत्वाह्यास्तृतायांन्यसेद्भुवि ॥ ६२ ॥

चित्रनकरिकै चित्रित पुष्ट रेशमी सूतोंसों बुनीभई और सुवर्णके पत्रनसों शोभित होय ॥ ६० ॥ हंसके समान सफेद रुईसों ढकी
होय और सुन्दर जामें शिरके नीचेको तकिया होय और ऊपर ढापनेके वस्त्र करिकै युक्त गंध आदिसों सुगंधित होय ॥ ६१ ॥
सुन्दर दिव्य बंधनसों बँधी विशाल होय सुखकी देनहारी होय ऐसी शय्या बनायके आस्तृतभूमिमें स्थापित करै ॥ ६२ ॥

छाता चांदीकी दीवट चमर आसन पात्र झारी गडुआ दर्पण और पांचरंगका शामियाना ॥ ६३ ॥ और जो कुछ वस्तु शय्याकी
उपकारक होय वे सब वाके चारों ओर अपने स्थानमें स्थापित करै ॥ ६४ ॥ वा शय्यापर सुवर्णके बनेभये लक्ष्मीसमेत विष्णुको
स्थापित करै विष्णुकी मूर्ति कैसी बनावै संपूर्ण गहने और आभूषण करिकै युक्त होय और चक्र आदि आयुधनकरिकै तथा वस्त्रन

छत्रदीपालयंरौप्यंचामरासनभाजनम् ॥ भृङ्गारकरकादर्शपञ्चवर्णवितानकम् ॥ ६३ ॥ शयनस्यभवेत्किंचि
द्यच्चान्यदुपकारकम् ॥ तत्सर्वंपरितस्तस्याःस्वेस्वेस्थानेनियोजयेत् ॥ ६४ ॥ तस्यांसंस्थापयेद्धैमंहरिंलक्ष्मी
समन्वितम् ॥ सर्वाभरणसंयुक्तमायुधाम्बरसंयुतम् ॥ ६५ ॥ स्त्रीणांचशयनेधृत्वाकज्जलालक्तकुंकुमम् ॥ वस्त्रं
भूषादिकंयच्चसर्वमेवप्रदापयेत् ॥ ६६ ॥ ततोविप्रंसपत्नीकंगंधपुष्पैरलंकृतम् ॥ कर्णांगुलीयाभरणैःकण्ठसूत्रैश्च
काञ्चनैः ॥ ६७ ॥ उष्णीषमुत्तरीयंचचोलकंपरिधायच ॥ स्थापयेत्सुखशय्यायांलक्ष्मीनारायणाग्रतः ॥ ६८ ॥

करिकै युक्त होय ॥ ६५ ॥ स्त्रीनकी शय्यापर काजल महावर रोली वस्त्र और जो भूषण आदि हैं वे सब स्थापित करै ॥ ६६ ॥ ता
पीछे गंध और फूलनसों भूषित ब्राह्मणको कानके भूषण अँगूठी आदि भूषणनसों और सोनेके गलेके तोडेसों शोभित करै ॥ ६७ ॥
पगडी दुपट्टा और जामा पहिराय सुखशय्यापर लक्ष्मीनारायणके आगे बैठावै ॥ ६८ ॥

कुंकुम और फूलनकी मालानसों हरिकी तथा लक्ष्मीकी पूजा करे और लोकपाल ग्रह देवी और विनायककी पूजा करे ॥ ६९ ॥ उत्तराभिमुख हो फूलनकी अंजली ले ब्राह्मणके आगे स्थित हो या मंत्रको उच्चार करे ॥ ७० ॥ हे कृष्ण ! क्षीरसागरमें जैसी तुम्हारी शय्या है वैसेही जन्म २ में मोको यह अशून्य होय ॥ ७१ ॥ या प्रकार पुष्पां

कुंकुमैःपुष्पमालाभिर्हरिंलक्ष्मींसमर्चयेत् ॥ पूजयेल्लोकपालांश्चग्रहान्देवींविनायकम् ॥ ६९ ॥ उत्तराभिमुखो भूत्वागृहीत्वाकुसुमाञ्जलिम् ॥ उच्चारयेदिमंमन्त्रंविप्रस्यपुरतःस्थितः ॥७०॥ यथाकृष्णत्वदीयास्तिशय्याक्षीरोदसागरे ॥ तथाभूयादशून्येयंममजन्मनिजन्मनि ॥ ७१ ॥ एव पुष्पाञ्जलिंविप्रेप्रतिमायांहरेःक्षिपेत् ॥ ततः सोपस्करंशय्यादानंसंकल्पपूर्वकम् ॥ ७२ ॥ दद्याद्व्रतोपदेष्ट्रेचगुरवेब्रह्मवादिने ॥ गृहाणब्राह्मणैनांत्वंकोददातीतिकीर्तयन् ॥७३॥आन्दोलयेद्द्विजंलक्ष्मीं हरिंचशयनेस्थितम् ॥ततःप्रदक्षिणीकृत्यप्रणिपत्यविसर्जयेत् ॥७४॥

जलिको विप्रपर हरिकी प्रतिमापर छोडि देवै और तापीछे सामग्रीसमेत शय्यापर सुखसों सोवनेके लिये संकल्प पूर्वक अतिसुन्दर दान करे ॥ ७२ ॥ व्रतके उपदेश करनहारे ब्रह्मवादी गुरुको देवै ऐसा कहै, हे ब्राह्मण ! तू याको कौन देयहै ऐसे कहतो भयो दान करे ॥ ७३ ॥ शयन पर बैठेभये ब्राह्मण लक्ष्मी और हरिको आंदोलन करे तापीछे प्रदक्षिणा करिकै

॥ ८२ ॥

भिक्षा होय है और चारिग्रासको एक पुष्कल होयहै और चारि पुष्कलको हंतकार होय है ॥ ९१ ॥ सपिंडीमें चंदन अक्षतोंसे ब्राह्मणके चरण पूजै अक्षय तृप्तिके लिये वाको दान देनो चाहिये ॥ ९२ ॥ वर्षकी जीविका घी अन्न सुवर्ण चांदी गौ घोडा हाथी रथ भूमि ये सब आचार्यके लिये दान करे ॥ ९३ ॥ तापीछे स्वस्तिवाचन करिकै मंत्रनसों कुंकुम अक्षत और नैवेद्य

सपिंड्यांविप्रचरणौपूजयेच्चन्दनाक्षतैः ॥ दानंतस्मैप्रदातव्यमक्षय्यतृप्तिहेतवे ॥९२॥ वर्षवृत्तिघृतंचान्नंसुवर्णरजतंसुगाम्॥ अश्वंगजंरथंभूमिमाचार्यायप्रदापयेत्॥९३॥ ततश्चपूजयेन्मंत्रैःस्वस्तिवाचनपूर्वकम्॥ कुंकुमाक्षतनैवेद्यैर्ग्रहान्देवींविनायकम् ॥९४॥ आचार्यस्तुततःकुर्यादभिषेकंसमन्त्रकम् ॥ बद्धासूत्रंकरेदद्यान्मंत्रपूतांस्तथाक्षतान् ॥ ९५ ॥ ततश्चभोजयेद्विप्रान्मिष्टान्नैर्विविधैःशुभैः ॥ दद्यात्सदक्षिणांस्तेभ्यः सजलान्नान्द्विषड्घटान् ॥ ९६ ॥ वार्यायुधप्रतोदस्तुदण्डस्तुद्विजभोजनात् ॥ स्प्रष्टव्यानन्तरंवर्णैःशुद्ध्येरंस्तेततःक्रमात् ॥९७॥

करिकै नवग्रहोंको देवीको और विनायकको पूजन करे ॥ ९४ ॥ तापीछे आचार्य मंत्रसहित अभिषेक करे और हाथमें सूत बांधकै मंत्रनसों पवित्र अक्षत देय ॥ ९५ ॥ तापीछे नानाप्रकारके सुन्दर मिष्टान्नसों ब्राह्मणनको भोजन करावे और उनको दक्षिणाके साथ जल और अन्न सहित छः घट दान करे ॥ ९६ ॥ ब्राह्मणभोजनके पीछे चारों वर्णनको क्रमसों जल आयुध प्रतोद और दंड छूने

चढाभयो अप्सरानके गणनकरि सेवन कियोगयो महाप्रलयपर्यंत पीडारहित स्थित रहे है ॥ ८० ॥ सब तीर्थनमें और सब पर्वनमें जो पुण्य होय है तातें अधिक शय्यादानके प्रभावसों प्राप्त होय हैं ॥ ८१ ॥ पुत्र या प्रकार शय्यादान करि पदनको दान करै सो तुम मोतें सुनो मैं तुमसों यथावत् कहूँ हूँ ॥ ८२ ॥ छाता जूता वस्त्र अंगूठी कमंडलु आसन पंचपात्र यह पद पांच प्रकारको कह्यो है ॥ ८३ ॥ दंडकारि

सर्वतीर्थेषुयत्पुण्यं सर्वपर्वदिनेषुच ॥ तेभ्यश्चाप्यधिकंपुण्यंशय्यादानोद्भवंभवेत् ॥ ८१ ॥ एवंदत्त्वासुतःशय्यां पददानंप्रदापयेत्॥तच्छृणुष्वमयाख्यातंयथावत्कथयामिते ॥८२॥ छत्रोपानहवस्त्राणिमुद्रिकाचकमण्डलुः॥ आसनंपञ्चपात्राणिपदंपञ्चविधंस्मृतम् ॥८३॥ दंडेनताम्रपात्रेणह्यामान्नैर्भोजनैरपि ॥ अथयज्ञोपवीतैश्चपदंस पूर्णतांव्रजेत् ॥ ८४ ॥ त्रयोदशपदानीत्थंयथाशक्त्याविधायच ॥ त्रयोदशभ्योविप्रेभ्यःप्रदद्याद्द्वादशेहनि ॥ ८५ ॥ अनेनपददानेन धार्मिकायान्तिसद्गतिम् ॥ यममार्गगतानांचपददानंसुखप्रदम् ॥ ८६ ॥

तांबेके पात्रकरि आम अन्नन करि भोजननकरि और यज्ञोपवीतनकरि पद सम्पूर्ण होय है ॥८४॥ या प्रकार यथाशक्ति तेरह पदनका करिके बारहें दिन तेरह ब्राह्मणनको तेरह दान करै ॥ ८५ ॥ या पददानकरिकै धार्मिकपुरुष सद्गतिको प्राप्त होय है और जे यमके ॥ ८३ ॥

मार्गमें गये हैं उनको वह पददान सुख देनहारो है ॥ ८६ ॥ वहां निश्चय बडा रौद्र घाम जासों मनुष्य जरिजाय है तो वामें छातेनको दान करनेसों वाके माथेपै सुंदर छाया होय है ॥८७॥ बडी ससंकटसों घिरे भये यमके मार्गमें घोडेपर चढिकै वे जाय हैं जे उपानह कहिये जूतेको दान करै हैं ॥ ८८ ॥ हे गरुड ! वहां शीत उष्ण और पवनके घोर दुःख हैं परंतु वस्त्रदानके प्रभावसों मनुष्य सुखसों पार होजाय

आतपस्तत्रवैरौद्रोदह्यतेयेनमानवः ॥ छत्रदानेनसुच्छायाजायतेतस्यमूर्द्धनि ॥८७॥ अतिसंकटसंकीर्णेयम लोकस्यवर्त्मनि ॥ अश्वारूढाश्चतेयान्तिददन्तेयह्युपानहौ ॥ ८८ ॥ शीतोष्णवातदुःखानितत्रघोराणिखेचर ॥ वस्त्रदानप्रभावेणसुखंनिस्तरतेपथि ॥ ८९ ॥ यमदूतामहारौद्राःकरालाःकृष्णपिङ्गलाः ॥ नपीडयन्तितंमार्गे मुद्रिकायाःप्रदानतः ॥ ९० ॥ बहुघर्मसमाकीर्णेनिर्वातेतोयवर्जिते ॥ कमण्डलुप्रदानेनतृषितः पिबते जलम् ॥ ९१ ॥ मृतोद्देशेनयोदद्यादुदपात्रंचताम्रजम् ॥ प्रपादानसहस्रस्ययत्फलंसोऽश्नुतेध्रुवम् ॥ ९२ ॥

है ॥८९॥ यमके दूत महारौद्र भयंकर और कृष्णपिंगल वर्णके हैं वे मुद्रिका दान करनहारेको मार्गमें पीडा नहीं देय हैं ॥९०॥ बहुतसे घामसों भरेभयेके पवन तथा जलकरिकै रहित वा यमके मार्गमें कमंडलु दान करनेसों प्यासो जलको पीवै है ॥९१॥ मरेभयेके लिये जो तांबेके जलपात्रको दान करै है वह हजार प्याऊ लगानेके फलके समान फलको प्राप्त होय है ॥ ९२ ॥

आसन और पात्र ब्राह्मणको देनेसों मार्गमें हौले २ जातो भयो प्राणी पाथेय जो राहको खरच है ताको सुखसों खाय है ॥ ९३ ॥ या प्रकार सपिंडनके दिन विधानसों दान देकै बहुतसे ब्राह्मणका जिमावै और चांडाल आदिकोभी खवावै ॥ ९४ ॥ तापिछे सपिंडनके उपरांत और वर्षके भीतर पिंडसमेत जलको कुंभदान करनो चाहिये ॥९५॥ हे गरुड ! प्रेतकार्यके विना कियेको करनो नहीं है और

आसनेभोजनेचैवदत्तेसम्यग्द्विजातये॥सुखेनभुंक्तेपाथेयंपथिगच्छञ्छनैःशनैः ॥९३॥ एवंसपिंडनदिनेदत्त्वा दानंविधानतः ॥बहून्संभोजयेद्विप्रान्यः श्वपाकादिकानपि ॥९४॥ ततः सपिंडनादूर्ध्वमर्वाक्संवत्सरादपि ॥ प्रतिमासंप्रदातव्योजलकुम्भःसपिंडकः ॥९५॥ कृतस्यकरणंनास्तिप्रेतकार्याद्दतेखग ॥ प्रेतार्थंतुपुनःकुर्यादक्ष य्यतृप्तिहेतवे ॥ ९६ ॥ अतोविशेषंवक्ष्यामिमासिकस्याब्दिकस्यच ॥ पाक्षिकस्यविशेषंचविशेषतिथिषु मृते ॥ ९७ ॥ पौर्णमास्यांमृतोयस्तुचतुर्थीतस्यऊनिका ॥ चतुर्थ्यांतुमृतोयस्तुनवमीतस्यऊनिका ॥ ९८ ॥

प्रेतके लिये तो अक्षय तृप्तिके निमित्त फिरि करै ॥ ९६ ॥ यातें मासिक और वार्षिकको विशेष कहौंगो और पाक्षिकको विशेष तिथिनमें मरनेपर ॥ ९७ ॥ पूर्णमासीको जो मरो है ताकी चौथी ऊनिका कहिये पाक्षिक श्राद्ध तिथि हैं ॥ ९८ ॥

नमस्कार करि विसर्जन करै॥७४॥सब सामग्री युक्त अति सुंदर करै शय्यामें सुखसों सोवनेके लिये और विभव होय तो घरहूको दान करै ॥ ७५ ॥ जीवतो भयो पुरुष अपने हाथसों जो शय्या दान करै है तो जीवतेही भये वाको पर्वनमें वृषोत्सर्ग करनो चाहिये ॥ ७६ ॥ यह शय्या एकको देनी चाहिये बहुतनको कबहू न देवै. बाँटीगई अथवा बेंचीगई वह दाताको नरकमें डारै है ॥ ७७ ॥ पात्रमें शय्यादान

सर्वोपस्करणैर्युक्तंप्रदद्यादतिसुन्दरम् ॥ शय्यायांसुखसुप्त्यर्थंगृहंचविभवेसति ॥७५॥ जीवमानःस्वहस्तेनय दिशय्यांददातियः ॥ तज्जीवतावृषोत्सर्गं पर्वणीषुसमाचरेत् ॥ ७६ ॥ इयमेकस्यदातव्याबहूनांनकदाचन॥ साविभक्ताचविक्रीतादातारंपातयत्यधः ॥७७॥ पात्रेप्रदायशयनंवांछितंफलमाप्नुयात् ॥ पिताचदातातनयः परत्रेहचमोदते ॥ ७८ ॥ पुरन्दरगृहेदिव्येसूर्यपुत्रालयेपिच ॥ उपतिष्ठेन्नसन्देहः शय्यादानप्रभावतः ॥ ७९ ॥ विमानवरमारूढः सेव्यमानोप्सरोगणैः ॥ आभूतसम्प्लवंयावत्तिष्ठत्यातङ्कवर्जितः ॥ ८० ॥

कारिकै वांछित फलको प्राप्त होय है पिता और दाता पुत्र परलोकमें और यालोकमें प्रसन्न होय है ॥ ७८ ॥ शय्यादानके प्रभावसों सुंदर दिव्य इन्द्रके घरमें और सूर्यपुत्र जे यम हैं तिनके घरमें उपस्थित होय यामें संदेह नहीं है ॥ ७९ ॥ श्रेष्ठ विमानमें

क्रिया तेरहवें महीनेमें करनी चाहिये॥ १०४॥संक्रांतिरहित मासमें पिंडवर्जित और संक्रांतिसहित मासमें पिंडसहित ऐसे दोनों मासनमें प्रतिवर्ष श्राद्ध करनो चाहिये ॥ १०५ ॥ या प्रकार संवत्सरके पूरे होनेपै वार्षिक श्राद्ध करे वामेंहू विशेषकारि ब्राह्मण भोजन करानो योग्य है ॥ १०६॥संवत्सरके उपरांत श्राद्धमें तीनि पिंड सदा करने चाहिये एकोद्दिष्ट न करै वाके करनेसों पितृघातक होय है॥ १०७॥तीर्थश्राद्ध

पिंडवर्ज्यमसंक्रान्तेसंक्रान्तेपिंडसंयुतम् ॥प्रतिसंवत्सरं श्राद्धमेवंमासद्वयेपिच॥ १०५॥एवंसंवत्सरेपूर्णेवार्षिकं श्राद्धमाचरेत् ॥ तस्मिन्नपिविशेषेणभोजनीयाद्विजातयः ॥१०६ ॥ कुर्यात्संवत्सरादूर्ध्वंश्राद्धेपिंडत्रयंसदा॥ एकोद्दिष्टंनकर्तव्यंतेनस्यात्पितृघातकः ॥१०७॥ तीर्थश्राद्धंगयाश्राद्धंगजच्छायंचपैतृकम्॥ अब्दमध्येनकुर्वीतग्रहणेनयुगादिषु ॥ १०८ ॥ यदापुत्रेणवैकार्यंगयाश्राद्धंखगेश्वर ॥ तदासंवत्सरादूर्ध्वंकर्तव्यंपितृभक्तितः॥ १०९॥गयाश्राद्धात्प्रमुच्यन्तेपितरोभवसागरात् ॥गदाधरानुग्रहेणतेयान्तिपरमांगतिम् ॥११०॥

गयाश्राद्ध गजच्छाय पितृसंबंधी वर्षके मध्यमें न करने चाहिये न ग्रहणमें और न युगादिमें ॥१०८॥ हे गरुड ! जब पुत्रको गयाश्राद्ध करनो होय तौ संवत्सरके उपरांत पिताकी भक्तिसों करनो चाहिये ॥ १०९ ॥ गयाश्राद्ध करनेसों पितर भवसागरतें छूटि जाय हैं गदाधरके ॥ ८५ ॥ अनुग्रहसों वे परमगतिको प्राप्त होय हैं॥ ११०॥ तुलसीकी मंजरिनसों विष्णुकी पादुकानको पूजन करै और उनके आलवादि तीर्थनमें यथा क्रम पिंडदान करै॥ १११ ॥ जो गयाके शिरमें शमीके पत्तेके प्रमाणसों पिंड दे वह सात गोत्र और एक ऊपर सो कुलनको उद्धार करै॥ ११२॥कुलको आनंद देनेहारो जो पुरुष गयामें प्राप्त होके पिंडदान करै है पितरनको संतोष देनेहारो वह वाको जन्म सफल है॥ ११३॥

तुलसीमञ्जरीभिश्चपूजयेद्विष्णुपादुकाम् ॥ तस्यालवादितीर्थेषुपिण्डान्दद्याद्यथाक्रमम् ॥ १११॥ उद्धरेत्सप्तगोत्राणिकुलमेकोत्तरंशतम् ॥ शमीपत्रप्रमाणेनपिंडंदद्याद्गयाशिरे ॥ ११२ ॥ गयामुपेत्ययः श्राद्धं करोतिकुलनन्दनः ॥ सफलंतस्यतज्जन्मजायतेपितृतुष्टिदम् ॥ ११३ ॥ श्रूयतेचापिपितृभिर्गीतागाथाखगेश्वर ॥ इक्ष्वाकोर्मनुपुत्रस्यकलापोपवनेसुरैः ॥ ११४ ॥ अपिनस्तेभविष्यन्तिकुलेसन्मार्गशीलिनः ॥ गयामुपेत्ययेपिण्डान्दास्यन्त्यस्माकमादरात् ॥ ११५ ॥ एवमामुष्मिकींतार्क्ष्ययःकरोतिक्रियांसुतः ॥ सस्यात्सुखीभवेन्मुक्तःकौशिकस्यात्मजायथा ॥ ११६ ॥

हिमालयके समीप वर्तमान कलाप नाम ग्राम है ताके उपवनमें मनुके पुत्र इक्ष्वाकुकी पितरनकरि गाई गई गाथा सुनी जाती है ॥११४ ॥ हमारे कुलमें वे सन्मार्गशील होयँगे जे गयामें जायके हमको आदरसों पिंड देंयगे॥ ११५॥ हे गरुड ! या प्रकार जो पुत्र आमुष्मिकी

कहिये या लोककी क्रियाको करे है वह सुखी और मुक्त होजाय है जैसे कौशिकके पुत्र ॥ ११६॥ भरद्वाजके सात पुत्र जन्मकी परंपराको भोगिकै हे गरुड ! गौको वध करकैहू पितरनके प्रतापसों मुक्त होगये ॥ ११७ ॥ सात व्याध दशार्णदेशनमें और कालिंजरापर्वतमें मृग शरद्वीपमें चक्रवाक और मानससरोवरमें हंस ॥ ११८॥ वही कुरुक्षेत्रमें वेदके पारगामी ब्राह्मण भये वे ब्राह्मणनके पुत्र पिताकी भक्तिसों

भरद्वाजात्मजाःसप्तभुक्त्वाजन्मपरंपराम् ॥ कृत्वापिगोवधंताक्ष्यर्मुक्ताः पितृप्रसादतः ॥ ११७॥ सप्तव्याधा दशार्णेषुमृगाःकालिंजरेगिरौ ॥ चक्रवाकाः शरद्वीपेहंसाः सरसिमानसे ॥ ११८॥ तेपिजाताःकुरुक्षेत्रेब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ पितृभक्त्याचतेसर्वेगतामुक्तिंद्विजात्मजाः ॥ ११९ ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेनपितृभक्तोभवेन्नरः ॥ इहलोकेपरेवापिपितृभक्त्यासुखीभवेत् ॥ १२०॥ एतत्ताक्ष्यर्मयाख्यातंसर्वमेवौर्ध्वदेहिकम् ॥ पुत्रवाञ्छाप्रदं पुण्यंपितुर्मुक्तिप्रदायकम् ॥ १२१ ॥ निर्धनोपिनरःकश्चिद्यःशृणोतिकथामिमाम् ॥ सोपिपापविनिर्मुक्तो दानस्य फलमाप्नुयात् ॥ १२२ ॥

मुक्तिको प्राप्त भये ॥ ११९॥ यासों सर्व यत्नकरि नर पितृभक्त होय या लोक तथा परलोकमें पितृभक्तिसों सुखी होय है ॥ १२०॥ हे गरुड ! मैंने यह सब और्ध्वदेहिक कहो यह पुत्रकी वांछाको देनहारो पवित्र और मुक्तिको देनहारो है ॥ १२१ ॥ निर्धनहू जो कोई

नवमीको जो मरो है वाकी रिक्ता चतुर्दशी पाक्षिक श्राद्धतिथि है या प्रकार वीसवें दिन पाक्षिक श्राद्ध करे ॥ ९९॥ जब एकही मासमें दो संक्रांति होयँ तब दोनों महीनेको श्राद्ध मलमासमें विधान कियो जायहै ॥ १००॥ एक महीनेमें जो दो महीने होयँ तो दोनों मासोंमें वेही पक्ष तिथि जाननी योग्य है ॥ १०१ ॥ जो प्रथम तिथ्यर्द्ध होय तो पूर्व जानिये और दूसरा आधा होय तो वातें आगेको मास जानिये

नवम्यांतुमृतोयस्तुरिक्तातस्यचतुर्दशी ॥ इत्येवंपाक्षिकंश्राद्धंकुर्याद्विंशतिमेदिने ॥ ९९ ॥ एक एवयदामासः संक्रान्तिद्वयसंयुतः ॥ मासद्वयगतंश्राद्धंमलमासेहिशस्यते ॥ १००॥ एकस्मिन्मासिमासौद्वौयदिस्यातांतयो र्द्वयोः॥ तावेवपक्षौताएवतिथयस्त्रिंशदेवहि ॥ १०१॥ तिथ्यर्धेप्रथमेपूर्वोद्वितीयेऽर्धेतदुत्तरः ॥ मासावितिबुधैश्चि न्त्यौमलमासस्यमध्यगौ ॥ १०२॥ असंक्रान्तेचकर्त्तव्यंसपिंडीकरणंखग ॥ तथैवमासिकंश्राद्धंवार्षिकंप्रथमं तथा ॥ १०३॥ संवत्सरस्यमध्येतुयदिस्यादधिमासकः ॥ तदात्रयोदशेमासिक्रियाप्रेतस्यवार्षिकी ॥ १०४॥

या प्रकार पंडितन करि मलमासके मध्यके मास चिंतवन करने योग्य है ॥ १०२ ॥ हे खग ! संक्रान्तिरहित मासमें सपिंडीकरण करनो चाहिये तैसेही मासिक श्राद्ध और वार्षिक तथा प्रथम करनो चाहिये ॥ १०३॥ वर्षके मध्यमें जो अधिकमास होय तो प्रेतकी वार्षिक

गरुड बोले; यमलोक कितनो है और कैसो है और कौनने वाही बनायो है और सभा कैसी है वा सभामें धर्म किनके साथ रहैहै ॥ १ ॥ जे धार्मिक जिन धर्ममार्गनहीं कारिकै धर्मके मंदिरको जांय हैं उन धर्मनको और मार्गनको हे दयानिधे! मोसों कहो ॥२॥ श्रीभगवान् बोले, हे गरुड! जो नारद आदि देवर्षिनकरिकै जाने योग्य है वह दिव्य धर्मनगर बडे पुण्यनसों मिलैहै॥ ३॥ याम्य और नैर्ऋत्यके बीचमें जो वैव स्वतको

गरुडउवाच ॥ यमलोकःकियन्मात्रःकीदृशःकेननिर्मितः ॥सभाचकीदृशीतस्यांधर्मआस्तेचकैःसह ॥ १ ॥
येधर्ममार्गैर्गच्छन्तिधार्मिकाधर्ममन्दिरम् ॥ तान्धर्मानपिमार्गांश्चममाख्याहिदयानिधे ॥ २ ॥ श्रीभगवानु
वाच ॥ शृणुतार्क्ष्यंप्रवक्ष्यामियद्रम्यंनारदादिभिः ॥ तद्धर्मनगरंदिव्यंमहापुण्यैरवाप्यते ॥ ३ ॥ याम्यनैर्ऋत
योर्मध्येपुरंवैवस्वतस्ययत् ॥ सर्ववज्रमयंदिव्यमभेद्यंतत्सुरासुरैः ॥४॥ चतुरस्रंचतुर्द्वारमुच्चप्राकारवेष्टितम् ॥
योजनानांसहस्रंहिप्रमाणेनतदुच्यते ॥ ५ ॥

पुर है वह संपूर्ण वज्रमय है आर दिव्य है वह सुर असुरनकरिकै भेदन करने योग्य नहीं है अर्थात् वाको देवता और असुर कोई नहीं तोडी सके है॥४॥ चौखुटो है आर चारि वाके द्वार हैं और ऊंचे परकोटेसों घिरो है और सहस्रयोजन अर्थात् चार हजार कोशको वाके विस्ता

रको प्रमाण कहो जाय है ॥ ५ ॥ वा पुरमें बहुत सुंदर चित्रगुप्तको मंदिर है सैकरो पच्चीस योजन अर्थात् सौ कोसको लंबो चौडो है ॥ ६ ॥ दशयोजन ऊंचो है बडो दिव्य है और लोहेके परकोटेसों घिरो भयो है सैकरों गलीनमें चलनो फिरनो है और पताका तथा ध्वजानसों शोभित है ॥ ७ ॥ विमाननके गणसों संकीर्ण कहिये भरोभयो है और गावने बजानेसों शब्दायमान होरहो है और चतुर

तस्मिन्पुरेऽस्तिसुभगंचित्रगुप्तस्यमन्दिरम् ॥ पञ्चविंशतिसंख्याकैर्योजनैर्विस्तृतायतम् ॥ ६ ॥ दशोच्छ्रितं
महादिव्यंलोहप्राकारवेष्टितम् ॥ प्रतोलीशतसंचारंपताकाध्वजभूषितम् ॥ ७ ॥ विमानगणसंकीर्णगीतवादि
त्रनादितम् ॥ चित्रितंचित्रकुशलैर्निर्मितंदेवशिल्पिभिः ॥८॥ उद्यानोपवनैरम्यंनानाविहगकूजितम् ॥ गन्धर्वै
रप्सरोभिश्चसमन्तात्परिवारितम् ॥ ९ ॥ तत्सभायांचित्रगुप्तःस्वासनेपरमाद्भुते ॥ संस्थितोगणयेदायुर्मानु
षाणांयथातथम्॥ १०॥नमुह्यतिकथंचित्ससुकृतेदुष्कृतेपिवा ॥ यद्येनोपार्जितंकर्मशुभंवायादिवाशुभम् ॥ ११ ॥

चितेरिनकरिकै जामें चित्र बनाये गये हैं और देवतानके शिल्पीन करिकै बनायो गयो है ॥ ८ ॥ बाग और फुलवारिनसों मनोहर होरहोहै और अनेक प्रकारके पक्षी उनमें बोलरहे हैं गंधर्व और अप्सरानकरिकै चारों ओरसो शोभायमान है ॥ ९ ॥ वह सभा है जामें चित्रगुप्त परम अद्भुत आसनपर बैठेभये मनुष्यनकी यथार्थ आयुकी गणना करैहैं ॥ १० ॥ वे चित्रगुप्त पाप तथा पुण्यमें

कबहूँ नहीं भूलै हैं जो शुभ अथवा अशुभ कर्म इकट्ठो कियो है ॥ ११ ॥ जहां चित्रगुप्तकी आज्ञासों वह सब भोगै है और चित्रगुप्तकी घरसों पूर्व दिशामें ज्वरको बडो भारी घर है॥ १२॥ और दक्षिणमें शूलको और लूता तथा विस्फोटको घर है और पश्चिममें कालपाशको अजीर्णको तथा अरुचिको घर है ॥ १३ ॥ उत्तरदिशामें राजरोगको और पांडुरोगको घर है और ईशानदिशामें शिरकी पीडाको और

तत्सर्वंभुञ्जतेयत्रचित्रगुप्तस्यशासनात् ॥ चित्रगुप्तालयात्प्राच्यांज्वरस्यातिमहागृहम्॥ १२॥ दक्षिणस्यांचशूलस्यलूताविस्फोटयोस्तथा ॥ पश्चिमेकालपाशस्यचाजीर्णस्यारुचेस्तथा ॥ १३ ॥ उदीच्यांराजरोगोस्तिपांडुरोगस्तथैवच॥ ऐशान्यांतुशिरोर्तिःस्यादाग्नेय्यामस्तिमूर्च्छना ॥१४॥ अतिसारोनैर्ऋतेतुवायव्यांशीतदाहकौ ॥एवमादिभिरन्यैश्चव्याधिभिः परिवारितः ॥ १५ ॥ लिखतेचित्रगुप्तस्तुमानुषाणांशुभाशुभम् ॥ चित्रगुप्तालयादग्रेयोजनानांचविंशतिः ॥ १६ ॥

आग्निकोणमें मूर्च्छाको घर है ॥ १४॥ और नैर्ऋतकोणमें अतिसारको और वायव्यमें शीत और दाहको घर है इत्यादि अनेक रोगन करि घिरो भयोहै ॥ १५ ॥ चित्रगुप्त मनुष्यनके शुभ अशुभ कर्मनको लिखेहै और चित्रगुप्तके घरके आगे वीस योजनपर ॥ १६ ॥

मनुष्य या कथाको सुनैगो वह पापनतें छूटिकै दानके फलको प्राप्त होय है ॥ १२२ ॥ जो कोई मेरो कहोभयो श्राद्ध और दान करैगो गरुडपुराणको सुनेगो ताकोहू फल सुनो ॥ १२३ ॥ पिता सत्पुत्रनको देय है और पितामह गोधन, धन दाता प्रपितामह होयहै ॥ १२४ ॥ वृद्ध प्रपितामह बहुतसे अन्न आदिको देय है और श्राद्धकरि तृप्त भये वे सब पुत्रको वांछित देकर ॥ १२५ ॥ धर्मके मार्गनमें होकर धर्म

विधिनाकुरुतेयस्तुश्राद्धंदानंमयोदितम्॥ शृणुयाद्गारुडंचापिशृणुतस्यापियत्फलम्॥ १२३॥ पितादृदातिसत्पुत्रान्गोधनानिपितामहः॥धनदाताभवेत्सोपियस्तस्यप्रपितामहः।१२४।दद्याद्विपुलमन्नाद्यंवृद्धस्तुप्रपितामहः ॥ तृप्ताः श्राद्धेनतेसर्वे दत्त्वापुत्रस्यवाञ्छितम्॥ १२५॥ गच्छान्तिधर्ममार्गैश्चधर्मराजस्यमन्दिरम्॥तत्रधर्मसभायांतेतिष्ठन्तिपरमादरात्॥ १२६॥सूतउवाच॥एवंश्रीविष्णुनाप्रोक्तमौर्ध्वदानसमुद्भवम्॥श्रुत्वामाहात्म्यमतुलंगरुडोहर्षमागतः ॥१२७॥ इतिश्रीगरुडपुराणे०सपिंडनादिसर्वकर्मनिरूपणंनामत्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

राजके मंदिरको जाय हैं वहां वे धर्मसभामें बडे आदरसों स्थित होय हैं ॥ १२६ ॥ सूत बोले, याप्रकार श्रीविष्णु करि कहोभयो और्ध्वदेहिक दानको जो माहात्म्य है ताको सुनिकै गरुड बडे आनंदको प्राप्त होत भयो ॥ १२७ ॥ इति श्रीपरमसुखतनयपण्डितकेशवप्रसादशर्मद्विवेदिकृतायां गरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायां त्रयोदशोध्यायः ॥ १३ ॥

शब्दकारि युक्त है और सोनेके तोरण शोभायमान हैं ॥ २१ ॥ नानाप्रकारके आश्चर्यरूप हैं और सोनेके सैकरन किवाँरनसों भरो है जिनमें कांटे नहीं ऐसे नानाप्रकारके वृक्ष लता और गुल्मनसों विराजित है ॥ २२ ॥ इत्यादिक तथा और हूँ भूषणसों सदा शोभित है और अपने योगके प्रभावसों विश्वकर्माकरि बनायो गयो है ॥ २३ ॥ वामें सौ योजनकी चौडी दिव्यसभा है सूर्यकेसो जाको प्रकाश

नानाश्चर्यमयंस्वर्णकपाटशतसंकुलम् ॥ नानाद्रुमलतागुल्मैर्निष्कण्टैःसुविराजितम् ॥ २२ ॥ एवमादिभिरन्यैश्चभूषणैर्भूषितंसदा ॥ आत्मयोगप्रभावैश्चनिर्मितंविश्वकर्मणा ॥ २३ ॥ तस्मिन्नस्तिसभादिव्याशतयोजनमायता ॥ अर्कप्रकाशाभ्राजिष्णुः सर्वतः कामरूपिणी ॥ २४ ॥ नातिशीतानचात्युष्णामनसोत्यन्तहर्षिणी ॥ नशोकोन जरातस्यांक्षुत्पिपासेनचाप्रियम् ॥ ॥ २५ ॥ सर्वेकामाः स्थितायस्यां ये दिव्यायेच मानुषाः ॥ रसवच्चप्रभूतंचभक्ष्यंभोज्यंचसर्वशः ॥ २६ ॥

है चमकीली और सर्वत्र कामरूप है ॥२४॥ न तो बहुत शीत है न गरम है मनको अत्यंत आनंद देनहारी है वामें न तो शोक है और न बुढापा है और क्षुधा पिपासा तथा अप्रिय नहीं है ॥ २५ ॥ और दिव्य तथा मानुष सब काम वामें स्थित हैं और बडे स्वादिष्ट तथा बहुतसों भोजन सर्वत्र है ॥ २६ ॥

बहुत मीठे स्वादिष्ट जल शीतल और उष्ण दोनों प्रकारके पवित्र शब्द आदि विषय और सदा कामनाके देनहारे वृक्ष वा सभामें वर्तमान हैं ॥ २७ ॥ हे गरुड ! वह सभा असंबाधा कहिये सांकरी नहीं मनोहर है और कामनाकी देनहारी है और बहुत कालतक तपकरिकै विश्वकर्माने बनाई है ॥२८॥ वामें उग्रतपके करनहारे जांय हैं और सुंदरव्रतके करनहारे तथा सत्यके बोलन हारे शांतस्वभाव संन्यासी

रसवन्तिचतोयानिशीतान्युष्णानिचैवहि ॥ पुण्याः शब्दादयस्तस्यांनित्यंकामफलद्रुमाः ॥ २७ ॥ असंबाधाचसाताक्ष्यंरम्याकामागमासभा ॥ दीर्घकालंतपस्तप्त्वानिर्मिताविश्वकर्मणा ॥ २८ ॥ तामुग्रतपसोयान्तिसुव्रताःसत्यवादिनः ॥ शान्ताः संन्यासिनः सिद्धाः पूताः पूतेनकर्मणा ॥ २९॥ सर्वेभास्वरदेहास्तेऽलंकृताविरजोम्बराः॥ स्वकृतैःकर्मभिः पुण्यैस्तत्रतिष्ठन्तिभूषिताः ॥३०॥ तस्यांसधर्मोभगवानासनेऽनुपमेशुभे ॥ दशयोजनविस्तीर्णेसर्वरत्नैः सुमण्डिते ॥ ३१ ॥

और सिद्ध पवित्रकर्मकरिकै वा सभामें जाय हैं ॥२९॥ जिनके सब देह तेजोमय हैं और अलंकृत हैं और निर्मल जिनके वस्त्र हैं ऐसे पुरुष अपने किये भये पुण्यकर्मनकरि वामें अलंकृत हो स्थित रहैं हैं ॥ ३० ॥ वा सभामें वह भगवान् धर्म जाकी उपमा नहीं और सुन्दर

दशयोजन चौडे सब रत्ननकरिकै मंडित ऐसे आसनपर ॥ ३१ ॥ बैठे भये सज्जनमें श्रेष्ठ और छत्रसों शोभित हैं मस्तक जिनको और कुंडलनसों भूषित और बडे मुकुटसों शोभित हैं ॥३२॥ फिरि कैसे हैं सब अलंकारनसों युक्त और नीले मेघके समान है कांति जिनकी और चमर हैं हाथनमें जिनके ऐसी अप्सरानकरिकै पवन करेगये हैं ॥ ३३ ॥ गंधर्वनके समूह और अप्सरानके समूह गाने बजानेसों

उपविष्टःसतांश्रेष्ठश्छत्रशोभितमस्तकः ॥ कुण्डलालंकृतः श्रीमान्महामुकुटमंडितः ॥ ३२ ॥ सर्वालङ्कारसंयुक्तोनीलमेघसमप्रभः॥वालव्यजनहस्ताभिरप्सरोभिश्चवीजितः ॥३३॥ गन्धर्वाणांसमूहाश्चसंघशश्चाप्सरोगणाः ॥ गीतवादित्रनृत्याद्यैः परितः सेवयन्तितम् ॥ ३४ ॥ मृत्युनापाशहस्तेनकालेनचबलीयसा ॥ चित्रगुप्तेनचित्रेण कृतान्तेननिषेवितः ॥ ३५ ॥ पाशदंडधरैरुग्रैर्निदेशवशवर्तिभिः ॥ आत्मतुल्यबलैर्नानासुभटैः परिवारितः ॥३६॥ अग्निष्वात्ताश्चपितरःसोमपाश्चोष्मपाश्चये ॥ स्वधावन्तोबर्हिषदोमूर्तामूर्ताश्चयेखग ॥३७॥

चहूँ ओरसे जिनकी सेवा करिरहे हैं ॥३४॥ पाश जाके हाथमें ऐसे मृत्यु करि और बलवान् काल करिकै और चित्र है रूप जिनको ऐसे चित्रगुप्तकरि और कृतांतकरि सेवित हैं ॥३५॥ आज्ञामें चलनहारे पाश तथा दंडको धारण कियेभये उग्र हैं रूप जिनके और अपने तुल्य हैं बल जिनमें ऐसे नानाप्रकारके सुन्दर योद्धानकरिकै वेष्टित हैं ॥३६॥ हे गरुड ! अग्निष्वात्त पितर और जे सोमपा तथा उष्मपा हैं और स्वधा

पुरके मध्यमें महादिव्यधर्मराजको रत्नमय मंदिर है बहुत दिव्य है और बिजलीकी ज्वाला और सूर्यके समान वाको तेज है ॥ १७ ॥ लंबाई चोडाईमें दोसौ योजन स्फुट है और पचास योजनके प्रमाणमें ऊंचो है ॥ १८ ॥ हजारन खंभनकरि धारण कियो है और वैडूर्यके मणिनकरि भूषित है सुवर्णसों अलंकृत है और नानाप्रकारके हर्म्य और प्रासादनसों संकुल कहिये भरोभयो है ॥ १९ ॥

पुरमध्येमहादिव्यंधर्मराजस्यमन्दिरम् ॥ अस्तिरत्नमयंदिव्यंविद्युज्ज्वालार्कवर्चसम् ॥ १७ ॥ द्विशतंयोजनानांचविस्तारायामतः स्फुटम् ॥ पञ्चाशच्चप्रमाणेनयोजनानांसमुच्छ्रितम् ॥ १८ ॥ धृतंस्तम्भसहस्रैश्च वैडूर्यमणिमंडितम् ॥ कांचनालंकृतंनानाहर्म्यप्रासादसंकुलम् ॥ १९॥ शारदाभ्रनिभंरुक्मकलशैः सुमनोहरम् ॥ चित्रस्फटिकसोपानंवज्रकुट्टिमशोभितम् ॥ २० ॥ मुक्ताजालगवाक्षंचपताकाध्वजभूषितम् ॥ घंटानेकनिनादाढ्यंहेमतोरणमंडितम् ॥ २१ ॥

शरत्कालके मेघके समान है और सुवर्णके कलशनसों सुन्दर मनोहर है चित्र विचित्र स्फटिककी सीढियाँ बनीहैं और वज्रकी कुट्टिमनसों शोभायमान है ॥ २० ॥ और झरोखनमें मोतीनकी झालरैं लटकरहीहैं और पताका तथा ध्वजानसों शोभित है घंटा और नगारनके

पवित्र कीर्तिमान् और बहुश्रुत ये राजा बहुतसे अश्वमेधनसों यजन करिकै धर्मके सभासद भये ॥ ४५ ॥ धर्मराजकी सभामें धर्मही प्रवृत्त होयहै वहां पक्षपात नहीं है न झूंठ है न मत्सर है ॥ ४६ ॥ सब सभाके बैठनेहार शास्त्रके ज्ञाता हैं और धर्ममें परायण हैं वा सभामें सदा वैवस्वत जे धर्मराज हैं तिनकी उपासना करें हैं ॥ ४७ ॥ हे गरुड ! धर्मराज महात्माकी वह ऐसी सभा है वाको जे पापी

एतेराजर्षयःपुण्याःकीर्तिमन्तोबहुश्रुताः॥ इष्ट्वाश्वमेधैर्बहुभिर्जाताधर्मसभासदः ॥ ४५ ॥ सभायांधर्मराजस्य धर्मएवप्रवर्तते॥नतत्रपक्षपातोस्तिनानृतंनचमत्सरः ॥४६॥ सभ्याःसर्वेशास्त्रविदः सर्वेधर्मपरायणाः ॥ तस्यां सभायांसततंवैवस्वतमुपासते ॥४७॥ ईदृशीसासभाताक्ष्र्यधर्मराजमहात्मनः ॥ नतांपश्यन्तियेपापादक्षिणेन पथागताः ॥ ४८ ॥ धर्मराजपुरेगन्तुंचतुर्मार्गाभवन्तिच ॥ पापिनांगमनेपूर्वंसतुतेपरिकीर्तितः ॥ ४९ ॥ पूर्वादिभिस्त्रिभिर्मार्गैर्येगताधर्ममन्दिरे ॥ तेहिसुकृतिनः पुण्यैस्तस्यांगच्छन्तिताञ्छृणु ॥ ५० ॥

हैं और दक्षिणके मार्गमें होकै गये हैं वे नहीं देखे हैं ॥ ४८ ॥ धर्मराजके पुरमें जानेको चारि मार्ग होय हैं पहले पापीनके जानेमें वह तो तुमसों कह चुका ॥ ४९ ॥ पूर्व आदि तीनि मार्गनसों जे धर्मके मंदिरमें गये हैं वे सुकृती पुण्यनसों वामें जाय हैं उनको सुनो ॥ ५० ॥

यहां एक पूर्वको मार्ग है वह सब भोगनकरिकै युक्त है और पारिजात जो देवतानको वृक्ष है ताकी छायासों आच्छादित है और रत्नसों शोभित है ॥ ५१ ॥ विमानके गणसों भरोभयो है और हंसनकी पंक्तिनकरि विराजमान है मूंगनको जो बाग है तासों भरो है और अमृतरूपी जलकरिकै युक्त है ॥ ५२ ॥ वा द्वारमें होकै पवित्र देवर्षि जाय हैं निर्मल राजर्षि जाय हैं और वाहीमें होकै अप्सरानके गण

पूर्वमार्गस्तुतत्रैकःसर्वभोगसमन्वितः ॥ पारिजाततरुच्छायाच्छादितोरत्नमंडितः ॥ ५१ ॥ विमानगणसङ्कीर्णोहंसावलिविराजितः॥विद्रुमारामसंकीर्णपीयूषद्रवसंयुतः ॥५२॥ तेनब्रह्मर्षयोयान्तिपुण्यराजर्षयोमलाः ॥ अप्सरोगणगन्धर्वविद्याधरमहोरगाः ॥ ५३ ॥ देवताराधकाश्चान्येशिवभक्तिपरायणाः ॥ ग्रीष्मेप्रपादानरता माघेकाष्ठप्रदायिनः ॥ ५४ ॥ विश्रामयन्तिवर्षासुविरक्तान्दानमानतः ॥ दुःखितस्यामृतंब्रूतेददतेह्याश्रमंतुये ॥ ५५ ॥ सत्यधर्मरतायेचक्रोधलोभविवर्जिताः ॥ पितृमातृषुयेभक्तागुरुशुश्रूषणेरताः ॥ ५६ ॥

गंधर्व विद्याधर और बडे सर्प जांय हैं ॥ ५३ ॥ तथा और जे देवतानके आराधन करनहारे हैं तथा अन्य पुरुष जे शिवकी भक्तिमें तत्पर हैं और ग्रीष्मऋतुमें जे जलकी प्याऊ लगावे हैं और माघमें जे लकरी देकै तपावै हैं ॥ ५४ ॥ और जे वर्षाऋतुमें विरक्तनको दान और मानसों विश्राम देय हैं और दुःखीसों जे अमृतसमान वचन बोलै हैं और जे आश्रम देय हैं ॥ ५५ ॥ और जे सत्यधर्ममें रत हैं और क्रोध

लोभसों रहित हैं और पितामाताके जे भक्त हैं और गुरुकी सेवामें जे रत हैं ॥ ५६ ॥ भूमिके देनहारे गौके देनहारे और विद्यादानके देनहारे पुराणके कहनहारे तथा सुननहारे और पारायणमें तत्पर ॥ ५७ ॥ ये सुकृती तथा अन्य पूर्वके द्वारमें होके प्रवेश करे हैं अर्थात् भीतर जाय हैं और सुशील और शुद्धबुद्धि वे धर्मसभामें जाय है ॥ ५८ ॥ दूसरो उत्तरको मार्ग सैकरन महारथनसों युक्त

भूमिदागृहदागोदाविद्यादानप्रदायकाः ॥ पुराणवक्तृश्रोतारः पारायणपरायणाः ॥ ५७ ॥ एतेसुकृतिनश्चान्येपूर्वद्वारेविशन्तिच ॥ यान्तिधर्मसभायांतेसुशीलाःशुद्धबुद्धयः ॥५८॥ द्वितीयस्तूत्तरोमार्गोमहारथशतैर्वृतः ॥ नरयानसमायुक्तोहरिचन्दनमण्डितः ॥ ५९ ॥ हंससारससंकीर्णश्चक्रवाकोपशोभितः ॥ अमृतद्रवसंपूर्णस्तत्रभातिसरोवरः ॥ ६० ॥ अनेनवैदिकायान्तितथाभ्यागतपूजकाः ॥ दुर्गाभान्वोश्चयेभक्तास्तीर्थस्नाताश्चपर्वसु ॥ ६१ ॥

है और नरयान जे पालकी हैं तिनकरिकै युक्त है और हरिचंदन जो देवतानको वृक्ष हैं ताकरिकै भूषित हैं ॥ ५९ ॥ हंस और सारसनसों भरोभयो है और चकई चकवानसों शोभित है । अमृतरूप जलसों भरो भयो सरोवर वहां शोभायमान है ॥ ६० ॥ या द्वारमें होके वैदिक अर्थात् वेदके पठनहारे और अभ्यागतकी

वन्त तथा बर्हिषद मूर्तिमान् और जे अमूर्तिमान् ॥ ३७ ॥ अर्यमा आदि पितृगण हैं तथा और मूर्तिमान् हैं वे सब मुनिनसमेत धर्मराजकी उपासना करे हैं ॥ ३८ ॥ अत्रि, वसिष्ठ, पुलह, दक्ष, क्रतु, अंगिरा, जामदग्न्य, भृगु, पुलस्त्य, अगस्त्य और नारद ॥ ३९ ॥ ये तथा और बहुतसे पितृराजके सभासद हैं उनकी नामसों और कर्मनसों संख्या नहीं होसके है ॥ ४० ॥ धर्मशास्त्रकी व्याख्यानसों यथार्थ निर्णय

अर्यमाद्याः पितृगणामूर्तिमन्तस्तथापरे ॥ सर्वेतेमुनिभिः सार्धधर्मराजमुपासते ॥३८॥ अत्रिर्वसिष्ठः पुलहोदक्षःक्रतुरथांगिराः॥जामदग्न्योभृगुश्चैवपुलस्त्यागस्त्यनारदाः॥३९॥एतेचान्येचबहवः पितृराजसभासदः॥ नशक्याः परिसंख्यातुंनामभिःकर्मभिस्तथा ॥ ४० ॥ व्याख्याभिर्धर्मशास्त्राणांनिर्णेतारो यथातथम् ॥ सेवन्तेधर्मराजंतेशासनात्परमेष्ठिनः ॥ ४१ ॥ राजानःसूर्यवंशीयाः सोमवंश्यास्तथापरे ॥ सभायांधर्मराजंतेधर्मज्ञाः पर्युपासते ॥ ४२ ॥ मनुर्दिलीपोमान्धातासगरश्चभगीरथः ॥ अम्बरीषोनरण्यश्चमुचुकुन्दो निमिःपृथुः ॥ ४३ ॥ ययातिर्नहुषः पूरुर्दुष्यन्तश्चशिबिर्नलः ॥ भरतःशंतनुःपांडुःसहस्रार्जुन एवच ॥ ४४ ॥

करनहारे वे सब परमेष्ठीकी आज्ञासों धर्मराजको सेवन करे हैं ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ मनु, दिलीप, मांधाता, सगर, भगीरथ, अंबरीष, अनरण्य, मुचुकुंद, निमि और पृथु ॥ ४३ ॥ ययाति, नहुष, पूरु, दुष्यंत, शिबि, नल, भरत, शंतनु, पांडु और सहस्रार्जुन ॥ ४४ ॥

चिंतवन करनहारे जाय हैं और अनन्य विष्णुके भक्त और गायत्रीमंत्रके जपनहारे जाय हैं ॥ ६७ ॥ पराई हिंसा परायो द्रव्य और परायो वाद्ते जे पराङ्मुख हैं और अपनी स्त्रीमें भोग करनहारे सज्जन अग्निहोत्रके कर्त्ता और वेदके पढनहारे ॥ ६८ ॥ ब्रह्मचर्यव्रतके धारण करनहारे और वानप्रस्थ तथा तपस्वी श्रीपाद जो संन्यास हैं तामें लगे भये और जिनको कंकर पत्थर और सोना बराबर है ॥ ६९ ॥ ज्ञान

परहिंसापरद्रव्यपरवादपराङ्मुखाः ॥ स्वदारनिरताःसन्तःसाग्निकावेदपाठकाः ॥ ६८ ॥ ब्रह्मचर्यव्रतधरावानप्रस्थास्तपस्विनः ॥ श्रीपादसंन्यासपराःसमलोष्टाश्मकाञ्चनाः ॥ ६९ ॥ ज्ञानवैराग्यसंपन्नाःसर्वभूतहितेरताः ॥ शिवविष्णुव्रतकराः कर्मब्रह्मसमर्पकाः ॥ ७० ॥ ऋणैस्त्रिभिर्विनिर्मुक्ताः पञ्चयज्ञरताःसदा ॥ पितॄणांश्राद्धदातारः कालेसंध्यामुपासकाः ॥ ७१ ॥ नीचसंगविनिर्मुक्ताः सत्संगतिपरायणाः ॥ एतेप्सरोगणैर्युक्ताविमानवरसंस्थिताः ॥ ७२ ॥ सुधापानंप्रकुर्वन्तोयान्तितेधर्ममंदिरम् ॥ विशन्तिपश्चिमद्वारेयान्तिधर्मसभान्तरे ॥ ७३ ॥

और वैराग्यसों संपन्न और सब भूतनके हितमें लगे भये और शिव तथा विष्णुके जे व्रत हैं तिनके करनहारे और कर्मनको ब्रह्ममें समर्पण करनहारे ॥ ७० ॥ तीनि ऋणनते छूटेभये और सदा पंचयज्ञमें रत और पितृनको श्राद्ध देनेके कालमें संध्योपासनके करनहारे ॥ ७१ ॥ नीचनके संसर्गतें बचेभये और सत्संगतिमें लगेभये ये अप्सरानके गणसों युक्त श्रेष्ठ विमाननमें बैठेभये ॥ ७२ ॥ अमृतके पानको करते

भये धर्ममंदिरमें प्रवेश करैं हैं और पश्चिमके द्वारमें होंके भीतर जाय हैं और धमसभाके मध्यमें जाय हैं ॥ ७३ ॥ यम उनको आये भये देखि वारंवार स्वागत करैं हैं और उनके सन्मुख आवनेपै यम अभ्युत्थान करै है ॥ ७४ ॥ वा समय चतुर्भुज होंकै शंख चक्र गदा और खड्गको धारण करेभये पुण्यकर्ममें जे रत हैं उनको स्नेहसों मित्रकोसो आचरण करैं हैं ॥ ७५ ॥ सिंहासन देय है और नमस्कार करैं है

यमस्तानागतान्दृष्ट्वास्वागतंवदतेमुहुः ॥ समुत्थानंचकुरुतेतेषांगच्छतिसंमुखम् ॥ ७४ ॥ तदाचतुर्भुजोभूत्वाशंखचक्रगदासिभृत् ॥ पुण्यकर्मरतानांचस्नेहान्मित्रवदाचरेत् ॥ ७५ ॥ सिंहासनंचददतेनमस्कारंकरोतिच ॥ पादार्घंकुरुतेपश्चात्पूजतेचन्दनादिभिः ॥ ७६ ॥ नमस्कुर्वन्तुभोःसभ्याज्ञानिनंपरमादरात् ॥ एषमेमण्डलंभित्त्वा ब्रह्मलोकंप्रयास्यति ॥ ७७ ॥ भोभोबुद्धिमतांश्रेष्ठानरकक्लेशभीरवः ॥ भवद्भिःसाधितंपुण्यैर्दैवत्वंसुखदायकम् ॥ ७८ ॥ मानुषंदुर्लभंप्राप्यनित्यंयस्तुनसाधयेत् ॥ सयातिनरकंघोरंकोन्यस्तस्मादचेतनः ॥ ७९ ॥

पादार्घ करैहै और पीछे चंदन आदिसों पूजन करै है ॥ ७६ ॥ भो सभाके लोगो ! ज्ञानीको वडे आदरसों नमस्कार करो यह मेरे मंडलको फोडके ब्रह्मलोकको जायगो ॥ ७७ ॥ भोभो बुद्धिमाननमें श्रेष्ठ और नरकके क्लेशसों डरेभये तुमने पुण्य करिकै सुखको देनेहारो देवत्व सिद्ध कियो ॥ ७८ ॥ दुर्लभ मनुष्यशरीर पायकै जो नित्यसाधन नहीं करै है वह घोरनरकमें जाय है वातें अन्य जड कौन है ॥ ७९ ॥

अस्थिर शरीरकारिकै और अस्थिर धनादिकनकारिकै जो पुरुष स्थिरधर्मको इकट्ठो करै वही एक बुद्धिमान् है ॥८०॥ तातें सब यत्नसों धर्मको संग्रह करनो चाहिये सब भोगनकरिकै युक्त पुण्यवान्के स्थानको जाइये ॥८१॥ याप्रकार धर्मको वचन सुनिकै उनको और वा सभाको प्रणाम करि देवतानकरिकै पूजा कियेगये वे और मुनीश्वरकरिकै स्तुति किये गये ॥८२॥ विमानके गणसों संकीर्ण हो परमपदको

अस्थिरेणशरीरेणयोऽस्थिरैश्चधनादिभिः ॥ संचिनोतिस्थिरंधर्मंसएकोबुद्धिमान्नरः ॥ ८० ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेनकर्तव्योधर्मसंचयः ॥ गच्छध्वंपुण्यवत्स्थानंसर्वभोगसमन्वितम् ॥ ८१ ॥ इतिधर्मवचः श्रुत्वातंप्रणम्यसभांचताम् ॥ अमरैःपूज्यमानास्तेस्तूयमानामुनीश्वरैः ॥ ८२ ॥ विमानगणसंकीर्णाः प्रयान्तिपरमंपदम् ॥ केचिद्धर्मसभायांहितिष्ठन्तिपरमादरात् ॥ ८३ ॥ उषित्वातत्रकल्पांतंभुक्त्वाभोगानमानुषान् ॥ प्राप्नोतिपुण्यशेषेणमानुष्यंपुण्यदर्शनम् ॥८४॥ महाधनीचसर्वज्ञःसर्वशास्त्रविशारदः ॥ पुनःस्वात्मविचारेणततोयातिपरांगतिम् ॥ ८५ ॥

जांयहैं और कोई बडे आदरसों धर्मसभामें स्थित रहैहैं॥८३॥वहां कल्पके अंतलौं वास करिकै और दिव्य भोगनको भोगिकै पुण्यके शेषसों पुण्य कहिये पवित्र है दर्शन जाको ऐसो वह जीव मनुष्यलोकमें प्राप्त होय है ॥ ८४ ॥ महाधनी और सर्वज्ञ तथा सब शास्त्रमें चतुर ऐसो

पूजा करनहारे जाय हैं और दुर्गा तथा सूर्यके जे भक्त हैं और जे पर्वनमें तीर्थ न्हाये वे जाय हैं ॥६१॥ जे धर्मयुद्धमें मारे गये हैं और जे अनशन जो लंघन है तासों जे मरे हैं और काशी गौके घरमें और तीर्थके जलमें जे मरे हैं॥६२॥ ब्राह्मणके लिये स्वामीके कार्यमें तथा क्षेत्रमें जे मरे हैं और जे देवताके विध्वंसमें मरे हैं और योगाभ्याससों जे मरे हैं ॥ ६३ ॥ और जे सत्पात्रमें पूजनहारे हैं और जे नित्य

येमृताधर्मसंग्रामेऽनशनेनमृताश्चये॥वाराणस्यांगोगृहेचतीर्थतोयेमृताविधेः॥६२॥ ब्राह्मणार्थेस्वामिकार्येतीर्थक्षेत्रेषुयेमृताः ॥ येमृतादेवविध्वंसेयोगाभ्यासेनये मृताः ॥६३॥सत्पात्रपूजकानित्यं महादानरताश्चये ॥ प्रविशन्त्युत्तरेद्वारेयान्तिधर्मसभांचते॥ ६४॥तृतीयःपश्चिमोमार्गोरत्नमन्दिरमंडितः ॥ सुधारससदापूर्णदीर्घिकाभिर्विराजितः ॥६५॥ ऐरावतकुलोद्भूतमत्तमातङ्गसंकुलः ॥ उच्चैःश्रवःसमुत्पन्नहयरत्नसमान्वितः ॥६६॥ एतेनात्मपरायान्तिसच्छास्त्रपरिचिन्तकाः ॥ अनन्यविष्णुक्ताश्चगायत्रीमन्त्रजापकाः ॥ ६७ ॥

महादानमें रत रहै हैं ये सब उत्तरके द्वारमें होके प्रवेशकरिकै धर्मसभामें जाय हैं ॥६४॥ तीसरो पश्चिमको मार्ग है वह रत्नके बने भये मंदिरसों शोभित है और सदा अमृतरूपी जलसों भरीभई बावरीनसों शोभायमान है॥६५॥ और ऐरावतके कुलमें उत्पन्न मत्त हाथीनसों भरोभयो है और उच्चैःश्रवासों उत्पन्न अश्वरत्नकारिकै युक्त है ॥ ६६ ॥ या मार्गमें होके आत्मामें जे परायण हैं वे और उत्तम शास्त्रके

आस्पद है ॥ ४ ॥ योगी जैसे यामें षट्चक्रको चिंतवन करै है और ब्रह्मरंध्रमें चिदानंदरूपको जैसे ध्यान करै है सो सुनो ॥ ५ ॥
जैसो सुकृति शुद्ध और श्रीमान्‌के घरमें उत्पन्न होय है वैसो विधान और नियम उनके माता पिताको कहौंगो ॥ ६ ॥
ऋतुकालमें नारीनके चार दिन त्याग करै और जबलौं शरीरमें पाप अर्थात् इंद्रकी ब्रह्महत्यातें उत्पन्न रहै तबलौं स्त्रीनको मुख न

षट्चक्रचिन्तनंयस्मिन्यथाकुर्वन्तियोगिनः ॥ ब्रह्मरन्ध्रेचिदानन्दरूपध्यानन्तथा शृणु ॥ ५ ॥ शुचीनांश्रीमतांगेहेजायतेसुकृतीयथा ॥ तथाविधानंनियमंतत्पित्रोःकथयामिते ॥६॥ ऋतुकालेतुनारीणांत्यजेद्दिनचतुष्टयम् ॥ तावन्नालोकयेद्वक्त्रंपापंवपुषिसंभवेत् ॥७॥ स्नात्वासचैलंसानारीचतुर्थेहनिशुध्यति ॥ सप्ताहात्पितृदेवानांभवेद्योग्याव्रतार्चने ॥८॥ सप्ताहमध्येयोगर्भःसभवेन्मलिनाशयः ॥ प्रायशःसम्भवन्त्यत्रपुत्रास्त्वष्टाहमध्यतः ॥९॥ युग्मासुपुत्राजायन्तेस्त्रियोऽयुग्मासुरात्रिषु॥पूर्वंसप्तकमुत्सृज्यतस्माद्युग्मासुसंविशेत् ॥१०॥

देखै ॥ ७ ॥ वा नारी सचैल स्नान करिकै चौथे दिन शुद्ध होय है और सात दिन पीछे पितृ और देवतानके व्रत तथा पूजनके योग्य होय है ॥ ८ ॥ सात दिनके भीतर जो गर्भ होय है वह मलिन है अपाय कहिये नाश जाको ऐसो होय है यहां बहुधा पुत्र आठ दिनके मध्यमें होय है ॥ ९ ॥ युग्मरात्रिनमें पुत्र उत्पन्न होय है तातें पहलेके सात दिन छोडिकै युग्मरात्रिनमें स्त्रीसों गमन करै ॥१०॥

सोलह ऋतुकी रातैं स्त्रीनकी सामान्यसों कहीगई हैं और निश्चयकरिक जो चौदहवीं रात्रि है वामें गर्भकी स्थिति होय है ॥ ११ ॥
तब गुण और भाग्यको निधि कहिय स्थान धर्मात्मा पुत्र उत्पन्न होय है यह रात्रि प्राकृतजीवनको कबहू नहीं मिले है ॥ १२ ॥
पांचवें दिन नारीनको मधुर भोजन करनो चाहिये और कडुआ खारी तीक्ष्ण और उष्ण दूरसों त्यागनो चाहिये ॥ १३ ॥ वह क्षेत्र

षोडशर्तुनिशाः स्त्रीणांसामान्याःसमुदाहृताः ॥ यावैचतुर्दशीरात्रिर्गर्भस्तिष्ठतितत्रवै ॥११॥ गुणभाग्यनिधिःपुत्रस्तदाजायेतधार्मिकः ॥ सानिशाप्राकृतैर्जीवैर्नलभ्येतकदाचन ॥ १२ ॥ पंचमेहनिनारीणांकार्यंमधुरभोजनम् ॥ कटुक्षारंचतीक्ष्णंचत्याज्यमुष्णंचदूरतः ॥ १३ ॥ तत्क्षेत्रमोषधीपात्रंबीजंचाप्यमृतायनम् ॥ तस्मिन्नुप्त्वानरःस्वामीसम्यक्फलमवाप्नुयात् ॥ १४॥ ताम्बूलपुष्पश्रीखण्डैःसंयुक्तःशुचिवस्त्रभृत् ॥ धर्ममादायमनसिसुतल्पंसंविशेत्पुमान् ॥ १५ ॥ निषेकसमयेयादृङ्नराचित्तविकल्पना ॥ तादृक्स्वभावसंभूतिर्जन्तुर्विशतिकुक्षिगः ॥ १६ ॥

औषधीनको पात्र है और बीज अमृत है स्वामी नर वाको वा क्षेत्रमें अच्छे फलका प्राप्त होय है ॥ १४ ॥ पान खायेभये फूल तथा चंदनको धारण किये भये और शुद्ध वस्त्र पहिरेभये पुरुष मनमें धर्मको धारण करि उत्तम शय्यापर सोवै ॥ १५ ॥ वीर्यके निषेकसमयमें जैसी

चित्तकी कल्पना होय है वैसेही स्वभावको जंतु कोखिमें प्रवेश करै है ॥ १६ ॥ बीज हुआ चैतन्य सदा वीर्यमें स्थित रहै है काम
चित्त और शुक्र जब एकताको प्राप्त होयहै ॥ १७ ॥ तब मनुष्य स्त्रीके गर्भाशयमें द्रावको प्राप्त होयहै और शुक्र तथा शोणित जो
रुधिर है ताके संयोगसों पिंडकी उत्पत्ति होय है ॥ १८ ॥ गर्भमें प्राप्त सुकृती पुत्र परमआनंदको देनेहारो होय है वाकी संपूर्ण

चैतन्यंबीजभूतंहिनित्यंशुक्रेप्यवस्थितम् ॥ कामश्चित्तंचशुक्रंचयदाह्येकत्वमाप्नुयात् ॥१७॥ तदाद्रावमवा
प्नोतियोषिद्गर्भाशयेनरः ॥शुक्रशोणितसंयोगात्पिण्डोत्पत्तिःप्रजायते ॥ १८ ॥ परमानन्ददःपुत्रोभवेद्गर्भगतः
कृती॥भवन्तितस्यानिखिलाःक्रियाःपुंसवनादिकाः ॥ १९॥ जन्मप्राप्नोतिपुण्यात्माग्रहेषूच्चगतेषुच ॥ तज्जन्म
समयेविप्राःप्राप्नुवन्तिधनंबहु ॥२०॥ विद्याविनयसंपन्नोवर्धतेपितृवेश्मनि ॥ सतांसंगेनसभवेत्सर्वागमवि
शारदः ॥२१॥ दिव्याङ्गनादिभोक्तास्यात्तारुण्येदानवान्धनी ॥ पूर्वकृततपस्तीर्थंमहापुण्यफलोदयात् ॥२२॥

पुंसवन आदि क्रिया होयहै ॥ १९ ॥ पुण्यात्मा ऊंचे घरमें जन्म पावैहै वाके जन्मसमयमें ब्राह्मण बहुतसों धन पावैं हैं ॥ २० ॥ विद्या
और विनयसों संपन्न वह पिताके घरम बढे है और सज्जनके संगसों वह सब शास्त्रनमें चतुर होय है ॥ २१ ॥ पहले जन्ममें किये भये ॥ ९६ ॥
जे तप तीर्थ और महापुण्य हैं तिनके फलके उदय होनेसों युवा अवस्थामें दिव्य अंगना आदिको भोग न हारो होय है ॥ २२ ॥

वह जीव फिर अपने आत्माके विचारसो ता पछि परमगति जो मुक्ति है ताको प्राप्त होय हैं ॥ ८५ ॥ तुम करिकै पूछो गयो यमालय मैंने
तुमसों सब कहो याको भक्तिसों सुनतो भयो मनुष्य धर्मराजकी सभामें जायहै ॥ ८६ ॥ इति श्रीमत्पंडितपरमसुखतनयपंडितकेशवप्रसाद
शर्म्मद्विवेदिकृतायां गरुडपुराणसारोद्धारभाषाटीकायां चतुर्दशोऽध्यायः ॥१४॥ गरुडबोले धर्मात्मा स्वर्गकी गतिको छोडके निर्मल

एतत्तेकथितंसर्वंत्वयापृष्टंयमालयम् ॥ इदंशृण्वन्नरोभक्त्याधर्मराजसभांव्रजेत् ॥८६॥ इतिश्रीसारोद्धारेगरुड
पुराणेधर्मराजनगरनिरूपणोनामचतुर्दशोऽध्यायः॥१४॥ गरुडउवाच॥धर्मात्मास्वर्गतिंभुक्त्वाजायतेविमले
कुले॥अतस्तस्यसमुत्पत्तिंजननीजठरेवद॥१॥यथाविचारंकुरुतेदेहेस्मिन्सुकृतीजनः॥तथाहंश्रोतुमिच्छामि
वदमेकरुणानिधे ॥२॥ श्रीभगवानुवाच ॥ साधुपृष्टंत्वयाताक्ष्यं परंगोप्यंवदामिते ॥ यस्यविज्ञानमात्रेणसर्व
ज्ञत्वंप्रजायते ॥३॥ वक्ष्यामिचशरीरस्यस्वरूपंपारमार्थिकम् ॥ब्रह्माण्डगुणसंपन्नंयोगिनां धारणास्पदम् ॥४॥

कुलमें उत्पन्न होय हैं यातें माताके पेटमें वाकी उत्पत्ति कहो ॥ १ ॥ सुकृती मनुष्य या देहमें जैसे विचार करै है वैसे मैं सुनो चाहौंहौं हे
करुणानिधि ! मोसों कहो ॥ २ ॥ श्रीभगवान् बोले हे गरुड ! तुमने अच्छो प्रश्न कियो परम गोप्य मैं तुमसों कहौंहौं जाके जाननेही
मात्रसों सर्वज्ञपन हो जाय है ॥ ३ ॥ और शरीरके पारमार्थिक स्वरूप कहौंहौं ब्रह्मांडके गुणनसों संपन्न है योगिनको धारणके

गुण सर्वयोगीश्वरोंने कहेहैं॥२८॥आकुंचन कहिये समेटनो दौडनो उलांघनो फैलानो और चेष्टित ये पांच गुण वायुके कहे गये हैं ॥२९॥ शब्द चिंता शून्यता मोह और संदेह ये पांचगुण आकाशके हैं वे प्रयत्नसे जाननेयोग्य हैं ॥३०॥ मन बुद्धि अहंकार और चित्त ये चारि अंतःकरणके कहे भये हैं वह अंतःकरण पूर्वजन्मके कर्मनसों अधिवासित कहिये वासनायुक्त होय है ॥ ३१ ॥ कान, त्वचा आँख

आकुंचनंधावनंचलंघनंचप्रसारणम्॥ चेष्टितंचेतिपंचैवगुणावायोःप्रकीर्तिताः॥२९॥घोषश्चिन्ताचशून्यत्वंमोहश्चिन्ताचसंशयः॥आकाशस्यगुणाःपंचज्ञातव्यास्तेप्रयत्नतः॥३०॥मनोबुद्धिरहंकारश्चित्तंचेतिचतुष्टयम्॥ अन्तः करणमुद्दिष्टंपूर्वकर्माधिवासितम् ॥३१॥श्रोत्रंत्वक्चक्षुषीजिह्वाघ्राणंज्ञानेंद्रियाणिच ॥ वाक्पाणिपादपायूपस्थानिकर्मेन्द्रियाणिच ॥३२॥ दिग्वातार्कप्रचेतोश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमित्रकाः ॥ ज्ञानकर्मेन्द्रियाणांचदेवताः परिकीर्तिताः॥३३॥इडाचपिङ्गलाचैवसुषुम्नाख्यातृतीयका॥गान्धारीगजजिह्वाचपूषाचैवयशस्विनी ॥३४॥

जीभ, नाक ये ज्ञानेंद्रियें हैं और वाक्, पाणि, पाद, गुदा और लिंग ये कर्मेंद्रियें हैं॥३२॥ दिशा, वात, अर्क, प्रचेता, अश्विनीकुमार, वह्नि, इंद्र और उपेंद्र और मित्र य ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रियनके देवता कहेगयेहैं ॥३३॥ इडा, पिंगला और तीसरी सुषुम्ना, गांधारी,

गजजिह्वा, पूषा, यशस्विनी ॥३४॥ अलंबुषा, कुहू तथा दशमी शंखिनी ये प्रधान दश नाडी मध्यमें स्थित हैं ॥३५॥ प्राण, अपान समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय ॥ ३६॥ हृदयमें प्राण, गुदामें अपान, समान नाभिमंडलमें स्थित हैं उदान कंठ देशमें और व्यान सब शरीरमें स्थित है ॥३७॥ उद्गार जा डकार है वह नाग है और उन्मीलनमें कूर्म कहा गयाहै कृकल क्षुधाको करनहारो

अलम्बुषाकुहूश्चापिशंखिनीदशमीतथा ॥ पिण्डमध्येस्थिताह्येताःप्रधानादशनाडिकाः ॥ ३५ ॥ प्राणोपानः समानाख्यउदानोव्यानएवच ॥ नागःकूर्मश्चकृकलोदेवदत्तोधनञ्जयः ॥ ३६ ॥ हृदिप्राणोगुदेऽपानःसमानो नाभिमंडले ॥ उदानःकंठदेशेस्याद्व्यानःसर्वशरीरगः ॥ ३७ ॥ उद्गारेनागआख्यातःकूर्मउन्मीलनेस्मृतः ॥ कृकलःक्षुत्करोज्ञेयोदेवदत्तोविजृम्भणे ॥ ३८ ॥ नजहातिमृतंवापिसर्वव्यापीधनञ्जयः ॥ कवलैर्भुक्तमन्नंहिपुष्टिदंसर्वदेहिनाम् ॥ ३९ ॥ नयतेव्यानकोवायुः सारांशंसर्वनाडिषु ॥ आहारोभुक्तमात्रोहिवायुनाक्रियते द्विधा ॥ ४० ॥

जानना चाहिये और विजृंभणमें देवदत्त जानिये॥३८॥सर्वव्यापी जो धनंजय वायु है और सो मरेभयेकोहू नहीं छोडैहै कवलनसों खायो अन्न सब देहिनको पुष्टि देनेहारो है ॥३९॥ व्यान वायु सारांशको सब नाडीनमें पहुँचाय देयहै भुक्तमात्र आहारके वायु दोभागकरिदेय हैं ॥४०॥

गुदामें अच्छे प्रवेशकरि अन्नको पृथक् और जलको पृथक् करि देयहै अग्निके ऊपर जलको करिके और अन्नको जलके ऊपर करिकै ॥४१॥ और आप प्राण अग्निके नीचे स्थित होंके होले होले धोंकेहै और वायुकरिकै धौंकीगई अग्नि रसको और मलको पृथक् करि देयहै ॥ ४२ ॥ और व्यान शरीरमें सब ओर रसको पहुँचावैहै बारह द्वारनकरिकै भिन्न करेभये मलको बाहर निकालैहै॥४३॥कान, आंखि, नाक, जीभ

संप्रविश्यगुदेसम्यक्पृथगन्नंपृथग्जलम् ॥ ऊर्ध्वमग्नेर्जलंकृत्वाकृत्वान्नंचजलोपरि॥४१॥अग्नेश्चाधःस्वयंप्राणः स्थित्वाग्निंधमतेशनैः ॥ वायुनाध्मायमानोग्निःपृथक्किट्टंपृथग्रसम् ॥ ४२ ॥ कुरुतेव्यानकोवायुर्विष्वक्संप्रापयेद्रसम् ॥ द्वारैर्द्वादशभिर्भिन्नंकिट्टंदेहाद्बहिः स्रवेत् ॥ ४३ ॥ कर्णाक्षिनासिकाजिह्वादन्तानाभिर्नखागुदम् ॥ गुह्यंशिरावपुर्लोममलस्थानानिचक्षते ॥ ४४ ॥ एवंसर्वेप्रवर्तन्तेस्वस्वकर्मणिवायवः ॥ उपलभ्यात्मनः सत्तांसूर्यालोकंयथाजनाः ॥ ४५ ॥ इदानींनरदेहस्यशृणुरूपद्वयंखग ॥ व्यावहारिकमेकंचद्वितीयंपारमार्थिकम् ॥ ४६ ॥

दांत, नाभि, नख, गुदा, लिंग, शिरा, वपु और लोम इनको मलस्थान कहेहैं ॥ ४४ ॥ या प्रकार सब वायु अपने कर्मनमें प्रवृत्त होयहैं जैसे सूर्यके प्रकाशको पायके अपनी सत्ताको जन ॥ ४५ ॥ हे खग ! नरदेहके दो रूप सुनो एक व्यावहारिक और दूसरो पारमार्थिक ॥ ४६ ॥

तापीछे आत्मा और अनात्माके विचारमें सदा यत्न करै है और अध्यारोप तथा अपवादकरिकै ब्रह्मको चिंतवन करै है॥२३॥अन्वय करनहारेहू या ब्रह्मके असंग यह पुरुष संगरहित है या वार्ताके जाननेको क्षिति आदि जे अनात्मवर्ग पंचभूत हैं तिनके गुणनको मैं तुमसों कहोहों ॥२४॥क्षिति पृथिवी और वारि जल हविर्भोक्ता अग्नि वायु पवन और आकाश ये पांचों स्थूल भूत कहे यह पिंड पांचभूत

ततश्चयततेनित्यमात्मानात्मविचारणे ॥अध्यारोपापवादाभ्यांकुरुतेब्रह्मचिन्तनम् ॥२३॥ अस्यासंगावबोधायब्रह्मणोन्वयकारिणः ॥ क्षित्याद्यनात्मवर्गस्यगुणांस्तेकथयाम्यहम्॥२४॥ क्षितिर्वारिहविर्भोक्तावायुराकाशएवच ॥ स्थूलभूताइमेप्रोक्ताः पिंडोयंपाञ्चभौतिकः ॥२५॥ त्वगस्थिनाड्योरोमाणिमांसंचैवखगेश्वर ॥ एतेपञ्चगुणाभूमेर्मयातेपरिकीर्तिताः॥२६॥लालामूत्रंतथाशुक्रंमज्जारक्तंचपंचमम्॥ अपांपंचगुणाःप्रोक्तास्तेजसोविनिशामय ॥२७॥ क्षुधातृषातथालस्यंनिद्राकान्तिस्तथैवच॥तेजःपंचगुणंतार्क्ष्यप्रोक्तंसर्वत्रयोगिभिः ॥२८॥

नसों बनाहै ॥ २५ ॥ हे गरुड ! त्वचा हड्डी नाडी रोम और मांस ये पांच गुण भूमिके मैंने तुमसों कहे ॥२६॥ लार मूत्र वीर्य मज्जा और पांचमो रक्त ये पांचगुण जलके कहे अब तेजकेभी सुनिये॥२७॥ क्षुधा, तृषा, आलस्य, निद्रा और कांति हे गरुड ! ये पांच तेजके

कफके हैं ॥ ५१ ॥ और सदा उत्पन्न होनेवाली विष्ठा और मूत्र अप्रमाण है इन गुणनकरिकै युक्त व्यावहारिक शरीर है ॥५२ ॥ सब भुवन और पर्वत द्वीप सागर और आदित्य आदि ग्रह पारमार्थिक शरीरमें हैं ॥५३ ॥ पारमार्थिक देहमें निश्चय छः चक्र होयहैं जे गुण ब्रह्मांडमें कहे हैं वेसब यामें स्थित हैं ॥ ५४ ॥ योगिनकी धारणाके आस्पद गुण हैं तिनक`म तुमसों कहौंगो जिनकी भावना करिकै जीव विराट्रूपको

सततंजायमानंतुविण्मूत्रंचाप्रमाणतः॥एतद्गुणसमायुक्तंशरीरंव्यावहारिकम् ॥५२ ॥ भुवनानिचसर्वाणिपर्वत द्वीपसागराः ॥ आदित्याद्याग्रहाःसन्तिशरीरेपारमार्थिके ॥ ५३ ॥ पारमार्थिकदेहेहिषट्चक्राणिभवन्तिच ॥ ब्रह्माण्डेयेगुणाः प्रोक्तास्तेप्यस्मिन्नेवसंस्थिताः॥५४॥ तानहंतेप्रवक्ष्यामियोगिनांधारणास्पदान् ॥ येषांभावन याजन्तुर्भवेद्वैराजरूपभाक् ॥५५॥ पादाधस्तात्तलंज्ञेयंपादोर्ध्वंवितलंतथा ॥ जानुनोःसुतलंविद्धिसक्थिदेशे महातलम् ॥५६॥ तलातलंसक्थिमूलेगुह्यदेशेरसातलम् ॥ पातालंकटिसंस्थंचसप्तलोकाःप्रकीर्तिताः ॥५७ ॥

